दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
WWW.NAVPRADESH.COM

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, गुरुवार, 18 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- त्रयोदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 238 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

छत्तीसगढ़ में आवास व कल्याण योजनाओं में गंभीर खामियां: कैग

■ कैग ने फंड ब्लॉकिंग और वित्तीय अनियमितताओं को किया उजागर

250 लाभार्थियों को 4.05 करोड़ की सहायता भूमि स्वामित्व सुनिश्चित किए बिना जारी कर दी गई

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने छत्तीसगढ़ में प्रमुख आवास एवं श्रमिक कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर कमियों की ओर ध्यान दिलाया है। कैग ने अपनी ताज़ा रिपोर्ट में अपात्र लाभार्थियों को लाभ, योजनागत धनराशि के लंबे समय तक अवरुद्ध रहने, कमजोर निगरानी तंत्र और टाली जा सकने वाली वित्तीय हानियों को रेखांकित किया है। ये निष्कर्ष मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए प्रदर्शन एवं अनुपालन ऑडिट (सिविल) पर कैग की रिपोर्ट में दर्ज हैं, जिसे संविधान के अनुच्छेद 151 के तहत 17 नवंबर 2025 को छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत किया गया। रिपोर्ट संख्या 6, वर्ष 2025, में सामान्य, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों से संबंधित विभागों के व्यय का समग्र आकलन किया गया है। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के क्रियान्वयन पर प्रदर्शन ऑडिट, श्रम विभाग द्वारा संचालित कल्याण योजनाओं पर अनुपालन ऑडिट, छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी के माध्यम से सोलर पंप स्थापना पर एक विस्तृत ऑडिट अनुच्छेद तथा लोक निर्माण विभाग से संबंधित अनुपालन ऑडिट शामिल है।

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी, जिसे भारत सरकार ने जून 2015 में शुरू किया और जिसे आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा लागू किया जा रहा है, का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में झुग्गीवासियों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के लोगों को किफायती आवास उपलब्ध ■ शेष पृष्ठ 6 पर

निर्माण में देरी, 230 करोड़ की राशि अटकी

साझेदारी में किफायती आवास परियोजनाओं के तहत आवास इकाइयों के निर्माण में देरी के कारण 230.05 करोड़ की योजनागत राशि अवरुद्ध रही। झुग्गीवासियों से वसूली योग्य राशि में से नगरीय निकाय केवल 22.13 करोड़ ही वसूल सके, जबकि मार्च 2025 तक 17.23 करोड़ की राशि वसूल नहीं की जा सकी। लाभार्थी-नेतृत्वित निर्माण के तहत स्वीकृत 2.77 लाख मकानों में से 66,383 मकान समर्पित या निरस्त कर दिए गए। शेष 2.11 लाख मकानों में से अप्रैल 2025 तक केवल 1.84 लाख मकान ही पूर्ण हो सके।

क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना के अंतर्गत लाभार्थियों द्वारा प्रस्तुत 2.49 लाख सब्सिडी दावों में से केवल 37,374 दावों को स्वीकृति दी गई और 2016-17 से 2022-23 के दौरान 820.93 करोड़ की सब्सिडी जारी की गई। कैग ने 29 मामलों में दोहरी सब्सिडी प्राप्त करने की भी पुष्टि की है।

आज बेबाक

एक दार्शनिक ने कहा है कि नाम में क्या रखा है गुलाब को किसी भी नाम से पुकारो वह गुलाब ही रहेगा। यह बात राजनीतिज्ञों को समझ में नहीं आती। जैसे ही सत्तारूढ़ दल किसी शहर या योजना का नाम बदलता है तो विपक्ष बात का बतंगड़ बनाकर बखेड़ा खड़ा कर देता है। यूपीए सरकार ने जिस नरेगा का नाम बदलकर मनरेगा किया था वह एनडीए द्वारा इस योजना का नाम बदले जाने पर हंगामा कर रहा है। ऐसे लोगों के लिए ही बना है यह गाना - वो करे तो रास लीला मैं करूं तो साला कैरेक्टर ढीला है।

गुजरात की तरह इथियोपिया भी शेरों की धरती: पीएम मोदी

पीएम को देश का सर्वोच्च सम्मान दिया गया; वंदे मातरम पर मोदी झूमते दिखे

अदीस अबाबा/वार्ता। इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को संबोधित किया। यह दुनिया की 18वीं संसद है, जहां प्रधानमंत्री मोदी ने भाषण दिया। मोदी ने कहा कि मुझे इथियोपिया आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह शेरों की धरती है। यहां मुझे अपने घर जैसा महसूस हो रहा है, क्योंकि मेरा गृहराज्य गुजरात भी शेरों की धरती है। इससे पहले इथियोपिया के पीएम अबी अहमद अली ने मंगलवार को मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान दिया था। वे 'द ग्रेट ऑनर निशां ऑफ इथियोपियाô पाने वाले पहले ग्लोबल लीडर बने। इस मौके पर पीएम ने कहा कि ये सम्मान मेरे लिए गौरव की बात है। मोदी मंगलवार को ही इथियोपिया पहुंचे थे। यह उनका पहला दौरा है। पीएम अबी अहमद अली ने नेशलन पैलेस में उनका औपचारिक स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक भी की।

भारत डिजिटल सुविधाओं में आगे : मोदी ने कहा, भारत में हमने अपना पब्लिक डिजिटल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी ने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किए जाने पर इथियोपिया का आभार व्यक्त किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इथियोपिया के सर्वोच्च सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया से उन्हें सम्मानित किए जाने पर बुधवार को इथियोपियाई सरकार एवं देशवासियों का आभार व्यक्त किया। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स कहा, कल शाम मुझे 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपियाô से सम्मानित करने के लिए इथियोपिया के लोगों और सरकार के साथ-साथ प्रधानमंत्री अबी अहमद अली का आभारी हूं। दुनिया की सबसे प्राचीन और समृद्ध सभ्यताओं में से एक द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। यह सम्मान उन अनगिनत भारतीयों का है जिन्होंने वर्षों से हमारी साझेदारी को मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत उभरती वैश्विक चुनौतियों से निपटने और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी ने एआई इम्पैक्ट और ब्रिक्स समिट में इथियोपियाई पीएम को किया आमंत्रित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने इथियोपियाई समकक्ष, अबी अहमद अली को एआई इम्पैक्ट समिट और ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय की ओर से साझा जानकारी के अनुसार एआई इम्पैक्ट समिट और ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत 2026 में करने वाला है। प्रधानमंत्री के इथियोपिया दौरे के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए, विदेश मंत्रालय के आर्थिक मामलों के सचिव सुधाकर दलेला ने कहा कि भारत 1 जनवरी, 2026 से एक साल के लिए ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता करेगा। दलेला ने बताया था कि प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले हैं। यह दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संसदीय जुड़ाव में एक अहम पल होगा। बता दें, पीएम मोदी ने जब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला

सौम्या चौरसिया दो दिन की रिमांड पर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में पूर्व आईएएस सौम्या चौरसिया को मंगलवार की शाम को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को उन्हें कोर्ट पेश किया गया। जहां ईडी ने कोर्ट ने 2 दिन की रिमांड पर भेज दिया। अब शुक्रवार को दोपहर 3.30 बजे सौम्य चौरसिया को विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा। बचाव पक्ष के वकील हर्षवर्धन परगनिया ने कार्रवाई को अवैध करार देते हुए कहा कि, पप्पू बंसल, केके श्रीवास्तव और निखिल चंद्राकर से सेक्शन 15 के बयान के आधार पर गिरफ्तारी की गई है। यह इन्वेस्टिगेशन बिना किसी मजिस्ट्रेट के हुआ है, जो अरेस्ट गलत है। यह पूरी कार्यवाही अवैध हैं। न्यायालय के समक्ष हमने इस कार्रवाई को अवैध होने की दलीलें दी। कोयला की डायरी में अलग कहानी बताई गई थी, उसी डायरी पर आज अलग कहानी बताई जा रही है। डायरी वही है, लेकिन राशि बदल गई है। 3 दिन की रिमांड मांगी है आदेश आना अभी बाकी है।

मंगलवार की शाम को हुई गिरफ्तारी

मंगलवार की सुबह ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन शाम को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। ऐसे में बुधवार को अब उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। शराब घोटाला मामले में ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि, तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था।

अगले साल के अंत तक पूरे देश में शुरू हो जायेगा एमएलएफएफ: गडकरी

नयी दिल्ली(वार्ता) सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को संसद में बताया कि टोल भुगतान की नयी प्रणाली मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) साल 2026 के अंत तक पूरे देश में लागू हो जायेगी। गडकरी ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि नयी प्रणाली लागू होने के बाद टोल नाकों पर कर्मचारियों की जरूरत नहीं रहेगी। कैमरों के माध्यम से वाहन का नंबर कैप्चर होगा, उपग्रह के माध्यम से जानकारी केंद्रीकृत प्रणाली में जायेगी और संबंधित बैंक खाते से पैसा कट जायेगा। इससे टोल नाकों पर 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से भी वाहन गुजर सकते हैं और टोल का भुगतान भी हो जायेगा।

राज्यसभा: 50 हजार लिवर ट्रांसप्लांट की आवश्यकता लेकिन हो रहे हैं सिर्फ 4 हजार ट्रांसप्लांट

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत में प्रतिवर्ष 50 हजार से अधिक लिवर ट्रांसप्लांट की आवश्यकता है, लेकिन ऐसी स्थिति के बावजूद देश में केवल चार हजार लिवर ट्रांसप्लांट ही हो पा रहे हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी यह जानकारी बुधवार को राज्यसभा में रखी गई। भाजपा के राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने सदन को बताया कि देश में मानव अंग प्रत्यारोपण की भारी कमी है। उन्होंने नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन के आंकड़ों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में प्रतिवर्ष करीब दो लाख गुर्दा प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है।

राहुल गांधी छह दिवसीय यात्रा पर पहुंचे बर्लिन

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जर्मनी की छह दिवसीय यात्रा के लिए बुधवार को बर्लिन हवाई अड्डे पर पहुंचे। उनकी यात्रा भारतीय प्रवासी कांग्रेस (आईओसी) के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। भारतीय प्रवासी कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के साथ लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी वैश्विक भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ संबंधों को मजबूत करने तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लोकतांत्रिक एवं आर्थिक परिदृश्य को उजागर करने के उद्देश्य से कई राजनयिक और सामुदायिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

'बंद कीजिए नौ टोल प्लाजा'

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण संकट पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

■ इन गाडिय़ों पर लगेगा बैन

नई दिल्ली/वार्ता। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गहराते संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाय मौजूदा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है, क्योंकि प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है। सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा, 'आइए इस खतरे के व्यावहारिक और कारगर समाधानों के बारे में सोचें।

निर्माण मजदूरों के पैसे अन्य लोगों के खातों में न जाएं :सुप्रीम कोर्ट दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण संकट पर सुनवाई के दौरान मजदूरों के संगठन की ओर से पेश वकील ने भत्ते के भुगतान न होने का मुद्दा उठाया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को प्रतिबंधों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्कूल की छुट्टियां जारी रहेंगी : सुप्रीम कोर्ट

इस दौरान दिल्ली में स्कूलों को बंद किए जाने का मुद्दा उठा। वकील मेनका गुरुस्वामी ने दलील देते हुए कहा कि हर बार जब स्कूल बंद किए जाते हैं तो गरीब बच्चों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है, क्योंकि वे मिड-डे मील जैसी सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं. इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें इस मामले को विशेषज्ञों पर छोड़ देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों की छुट्टियां जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि हम दुआ करते हैं कि छुट्टियां खत्म होने से पहले प्रदूषण कम हो जाए। सुनवाई के दौरान एक वकील ने दलील देने की कोशिश की।

ट्रम्प ने 7 और देशों की नागरिकता प्रक्रिया रोकी

वॉशिंगटन/वार्ता। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को 7 और देशों के लोगों के अमेरिका आने पर पूरी तरह से बैन लगा दिया। इसके साथ ही फिलिस्तीनियों पर भी रोक लगा दिया है। यह फैसला पिछले महीने व्हाइट हाउस के पास नेशनल गाड्र्स पर एक अफगान शरणार्थी की गोलीबारी के बाद लिया गया है। साथ ही 15 दूसरे देशों पर आंशिक बैन (स्थायी निवास पर रोक) लगाए गए हैं। ट्रम्प ने मंगलवार को इसके लिए एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। इससे अमेरिका आने पर पूर्ण या आंशिक यात्रा प्रतिबंध लगने वाले देशों की संख्या 39 हो गई है। 19 देशों पर पहले से ही यात्रा प्रतिबंध लागू हैं। इनमें से 2 देश लाओस और सिएरा लियोन पर अब पूर्ण रोक लागू कर दी गई है। इससे पूर्ण प्रतिबंध वाले देशों की संख्या 7 हुई। यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा, कमजोर जांच प्रणाली और वीजा ओवरस्टे (वीजा खत्म होने के बाद भी रुकना) की उच्च दरों का हवाला देकर उठाया गया है।

वैश्विक व्यापार में टैरिफ का हथियार की तरह हो रहा इस्तेमाल : सीतारमण

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को वैश्विक व्यापार की बदलती और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शुल्कों और अन्य उपायों के जरिए वैश्विक व्यापार को तेजी से 'हथियारô बनाया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस माहौल में भारत को बहुत सावधानी से अपना रास्ता तय करना होगा, और देश की समग्र आर्थिक मजबूती उसे एक अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगी। वित्त मंत्री ने टाइम्स नेटवर्क के 'इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2025ô को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि अब यह पूरी तरह साफ हो चुका है कि वैश्विक व्यापार 'मुक्त और निष्पक्षô नहीं रह गया है।

सावधानी से आगे बढऩे की जरूरत: सीतारमण ने कहा, टैरिफ और दूसरे कई उपायों से व्यापार का हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत को ऐसी स्थिति में सावधानीपूर्वक अपना रास्ता बनाना होगा। सिर्फ टैरिफ का ध्यान रखना ही काफी नहीं है, मुझे लगता है कि कुल मिलाकर हमारी अर्थव्यवस्था की ताकत ही हमें वह अतिरिक्त लाभ देने वाली है।'

"टैरिफ किंग' के ठप्पे पर करारा जवाब

भारत पर अक्सर लगाए जाने वाले आरोपों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, भारत को यह कहकर लेक्चर दिया जा सकता है कि आप बहुत अंतर्मुखी हैं, आप 'टैरिफ किंग हैं, वगैरह। लेकिन हकीकत यह है कि आज टैरिफ को ही हथियार बना दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का इरादा कभी भी शुल्कों को हथियार बनाने का नहीं रहा। भारत ने केवल अपने घरेलू उद्योगों को उस 'बाढ़ से बचाने के लिए कदम उठाए हैं जो किसी 'शिकारी द्वारा की जाती है।

गरमा-गरम

विधानसभा सत्र

सदन में नारेबाजी, सत्ता-पक्ष ने वंदेमातरम में दिया जवाब, नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में किया प्रवेश, हुए निलंबित

पूर्व सीएम बोले- केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा, भाजपा ने बताया पॉलिटिकल स्टंट

हेमन्त धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा के आखिरी दिन की कार्यवाही की शुरुआत नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर हंगामेदार रही। सदन शुरू होते ही कांग्रेस विधायकों ने सत्यमेव जयते लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। स्पीकर ने तख्तियों के साथ सदन में बैठने की अनुमति नहीं दी, जिसके बाद विपक्ष लगातार नारेबाजी करता रहा। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दो बार 10-10 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

स्पीकर ने विपक्ष के अमर्यादित व्यवहार पर जताई नाराजगी: प्रश्नकाल की कार्यवाही बाधित होने पर स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विपक्षी सदस्यों के अनुचित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पक्ष और विपक्ष में तीखी बहस

इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। नेता प्रतिपक्ष भूपेश बघेल ने जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सरकार को घेरा। वहीं मंत्री अजय चंद्राकर ने इन आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताई और विपक्ष के दावों को निराधार बताया। विपक्ष की ओर से जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया गया, लेकिन आसंदी ने इसे अस्वीकार कर दिया। सदन में हालात उस वक्त ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डॉ. रमन सिंह बोले-वंदे मातरम केवल गीत नहीं, स्वतंत्रता आंदोलन की ऊर्जा है

शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को वंदे मातरम् पर चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, वंदे मातरम केवल गीत नहीं, स्वतंत्रता आंदोलन की ऊर्जा है। वंदे मातरम के जब 50 वर्ष पूरे हुए तब भारत अंग्रेजों के गुलामी में था। वंदे मातरम के 100 साल पूरे हुए तो देश पर आपातकाल थोपा गया। अब 150 वर्ष वंदे मातरम को पूर्ण हो रहे हैं तो केंद्र में मोदी जी सरकार है, वंदे मातरम पर चर्चा इसलिए जरूरी है, क्योंकि आज हम नए युग की तरफ बढ़ रहे हैं। डॉ. रमन सिंह ने कहा आज का दिन हमारे विधानसभा के लिए अवसर है कि हम सब एकत्रित होकर प्रदेश के निर्माण में अपना योगदान सुरक्षित करें।

राजधानी में नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

बैरिकेड्स तोड़कर भाजपा कार्यालय घेरने निकले, पूर्व सीएम भूपेश बोले-एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। पंडरी में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पहुंचे। कांग्रेस नेता नारेबाजी करते हुए भाजपा कार्यालय घेरने आगे बढ़े। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पीसीसी चीफदीपक बैज भी मौजूद रहे। भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। इसके अलावा पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व विधायक अनिता शर्मा, विकास उपाध्याय समेत एनएसयूआई नेता और कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल थे। मेकाहारा चौक के पास कार्यकर्ताओं की पुलिस से धक्कामुक्की हो गई। कार्यकर्ता बैरिकेड्स को तोड़ते हए आगे बढ़े। हालांकि, कुछ दूर बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोक लिया।

हेराल्ड मामले में राजनीतिक द्वेष

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के पोस्टर पर कालिख पोती। बता दें कि यह प्रदर्शन नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर किया गया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि नेशनल हेराल्ड मामले में राजनीतिक द्वेष के तहत कार्रवाई की जा रही है। लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है। प्रदर्शन को देखते हुए इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। भारी पुलिस बल तैनात रही।

एजेंसियां भी भागने लगी

भूपेश बघेल ने ईडी-ईओडब्ल्यू पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जिस पप्पू बंसल की गवाही पर मेरे बेटे को जेल हुई, उसे पहले ही फरार घोषित किया गया। आज उसी फरार पप्पू बंसल को ईडी बयान के लिए लेकर आई। जब हमारे वकील ने याद दिलाया कि पप्पू बंसल फरार है तो पप्पू बंसल के साथ एजेंसी भी भाग खड़ी हुई। आजकल एजेंसियां भी भागने लगी हैं। इस पूरे प्रदर्शन पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कहा कि भाजपा कार्यालय घेरने कांग्रेस को कार्यकर्ता ही नहीं मिले। कांग्रेस पार्टी हमेशा से झूठ की राजनीति करने और झूठी खुशफहमी में रहने का काम करती रही है।

पेशी में आए कवासी लखमा : बोले-मुझे बाहर नहीं लाते, जेल में प्रताड़ित हूं

■ **विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा था**

रायपुर/नवप्रदेश। शराब घोटाले मामले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री और कोंटा विधायक कवासी लखमा को पेशी के लिए कोर्ट लाया गया। जहां उन्होंने कहा कि, जनवरी में जेल जाने के बाद पहली बार आज बाहर आया हूं। कितने बार बोलने के बाद आज बाहर आया हूं।

मुझे हार्ट के साथ-साथ शुगर और आंख की बीमारी है। विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि, क्या करें? मैने विधानसभा में बस्तर की बात उठाई थी, इसलिए ही तो जेल में रखा है। विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने के सवाल पर कवासी लखमा ने कहा कि इस संबंध में मैने राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा था। राजकुमार कॉलेज में हुए विधानसभा के पहले सत्र में शामिल हुआ था। पुराने विधानसभा के सत्र में शामिल नहीं हो पाने का मुझे अफसोस है। वहीं विधानसभा में बस्तर के मुद्दों को नहीं उठा पाने पर अफसोस जताया।

ईडी ने दी खर्चों की जानकारी

2100 करोड़ के शराब घोटाले में ईओडब्लू द्वारा पूर्व मंत्री कवासी लखमा के खिलाफपेश चार्जशीट में कई अहम खुलासे हुए हैं। बताया गया है कि शराब की काली कमाई का कवासी लखमा ने करीबियों पर जमकर खर्च किया। चालान में कहा गया है कि लखमा ने बंद पड़ी सीमेंट फैक्ट्री में पैसा निवेश तो किया ही, महुआ कारोबार में भी डेढ़ करोड़ रुपए लगाया था। इस बात का भी इसमें जिक्र है कि उन्होंने अपने करीबी एनएसयूआई पदाधिकारी को चार करोड़ रुपए दिए थे, जिससे उसने मकान, जमीन खरीदी की। इसी पैसे से उसने अपनी गर्लफ्रेंड के लिए भी कीमती उपहार खरीदे थे। ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम कवासी लखमा के खिलाफकोर्ट में जो चालान पेश किया है, उसमें बताया गया है कि उनके छह बेहद करिबियों के ठिकानों पर छापे में करोड़ों रुपए के 44 प्रॉपर्टी के दस्तावेज भी मिले हैं।

रिश्तेदारों को 42 लाख की हवाई यात्रा

शराब की काली कमाई से पूर्व आबकारी मंत्री द्वारा अपने परिचितों के साथ रिश्तेदारों को चुनावी वर्ष 2023 में जमकर हवाई यात्रा कराए जाने का चालान में उल्लेख किया गया है। बताया गया है कि कवासी लखमा ने वर्ष 2023 में अपने करीबियों के साथ रिश्तेदारों के लिए 42 लाख रुपए के एयर टिकट बुक कराकर हवाई यात्रा कराई। ट्रैवल्स एजेंट के माध्यम से ईओडब्लू को इस बात की जानकारी मिली।

अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई, 168 कट्टा धान किया जब्त

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मे जारी अवैध धान भंडारण पर कार्यवाही मे मंडी एवं जिला प्रशासन की टीम को फिर से सफलता मिली है ।

अवैध रूप से धान का भंडारण करने की शिकायत सूचना के बाद मौके पर पहुँची मंडी प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान फुटकर एवं व्यापारी मंडी प्रतिष्ठानों से बड़ी मात्रा में धान जप्त किया गया। जांच के दौरान ग्राम गातापार जंगल स्थित फुटकर व्यापारी ईश्वर सिन्हा के प्रतिष्ठान से 40 कट्टा धान मंडी अधिनियम के तहत जप्त कर संबंधित की सुपुर्दगी में दिया गया।

छत्तीसगढ़ में थम नहीं रहा वन्यजीवों का शिकार, कवर्धा जिले में सड़ी-गली हालत में मिली तेंदुए की लाश

■ **भोरमदेव अभ्यारण में दो बाइसन की मौत**

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मोतीनपुर और बोटेसूर गांव के बीच जंगल में तेंदुए की सड़ी-गली हालत में लाश मिली है। शव एक सप्ताह पुराना बताया जा रहा है। प्रथम दृष्ट्या करंट लगाकर शिकार करने की आशंका जताई जा रही है। इस मामले की जानकारी मिलते ही जंगल सफारी की डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक जांच टीम पहुंची।

जांच टीम ने मोतिनपुर के बिशु साहू को हिरासत में लेकर 14 दिन की रिमांड में भेज दिया है। आरोपी के घर से जेआई तार बरामद किया गया। इसके साथ ही बीट गार्ड को निलंबित कर दिया है। यह घटना लोहारा रेंज के मोतीनपुर बीट की है। वहीं एक बार फिर राजकीय पशु वन भैंसा की मौत से हड़कंप मच गया है। भोरमदेव अभ्यारण के जामुन पानी क्षेत्र में करंट लगने से दो वन भैंसों की मौत हुई है। बीते दो माह में चार वन भैंसों की मौत से वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकारियों द्वारा करंट लगाकर शिकार किया गया है। सूचना पर वन मंडल अधिकारी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड जांच में जुटी है। करोड़ों खर्च के बावजूद वन्य प्राणी सुरक्षा पर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। बोड़ला विकासखंड जामुन पानी बिट का मामला है। इस मामले वन विभाग दो लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

जंगली जानवरों की संदिग्ध मौत और अवैध शिकार की आशंका से जुड़े मामलों को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बिभु दत्त गुरु की डिवीजन बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की और राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक सह मुख्य वन्यजीव वार्डन को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

सूरजपुर में करंट लगाकर हुआ बाघ का शिकार

सूरजपुर जिले के घुई वन परिक्षेत्र में मिले बाघ के शव के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। बाघ के पोस्टमार्टम के बाद शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि करंट लगाकर बाघ की हत्या की गई है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों ने जंगल में अवैध रूप से करंट का तार बिछाया था, जिसकी चपेट में आने से बाघ की जान गई।

प्रमं आवास अंतर्गत 14 हितग्राहियों को अनुदान का भुगतान

खैरागढ़/नवप्रदेश। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत पात्र 14 हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु निर्धारित अनुदान राशि का भुगतान एसपीएआरएसएच एसएनए प्रणाली के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया। नपा अधिकारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत चयनित 14 हितग्राहियों के बैंक खातों में शासन द्वारा निर्धारित किश्तों के अनुसार राशि सीधे अंतरित की गई है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और हितग्राहियों को समय पर लाभ प्राप्त हुआ है। उक्त प्रणाली के माध्यम से भुगतान होने से वित्तीय प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, सरल एवं त्वरित हुई है।

बोदरी सीएमओ 12 हजार रिश्वत लेते पकड़ाई, नक्शा पास कराने मांगे पैसे

प्राइवेट असिस्टेंट के जरिए रिश्वत की वसूली, एसीबी की टीम ने दोनों को किया गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में एसीबी की टीम ने नगर पालिका बोदरी की सीएमओ और क्लर्क को 12000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीएमओ क्लर्क के जरिए रिश्वत ले रही थी। नक्शा पास कराने के लिए उसने पीड़ित से पैसों की डिमांड की थी, जिस पर एसीबी ने ट्रैप कर गिरफ्तार किया है।

दरअसल सरकंडा के नूतन चौक निवासी वेदराम निर्मलकर ने एसीबी की टीम से शिकायत की, जिसमें उसने बताया कि बोदरी में उसकी जमीन है, जिस पर वो मकान बनाना चाहता है। जिसके लिए उसने नगर पालिका कार्यालय में नक्शा पास करने के एवज में 20000 रुपए का डिमांड ड्राफ्ट के साथ 47257 रुपए का अन्य फीस पटाने के लिए उसे कार्यालय के बाबू सुरेश सिहोरे द्वारा कहा गया। इसके साथ ही अलग से रिश्वत के तौर 15000 रुपए की डिमांड की। नगर पालिका बोदरी में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार को छापा मारकर उप अभियंता उपाध्याय के सहायक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी सहायक पर आरोप है कि उसने भवन का नक्शा पास करने के एवज में आवेदक से रिश्वत की मांग की थी और बाबू के साथ मिलकर अवैध रकम वसूल रहा था। सूत्रों के अनुसार पीड़ित व्यक्ति ने रिश्वत मांगे जाने की शिकायत एसीबी से की थी। शिकायत की पुष्टि के बाद एसीबी ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और जैसे ही आरोपी ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने मौके पर दबिश देकर उसे पकड़ लिया। इस कार्रवाई से नगर पालिका कार्यालय में हड़कंप मच गया। एसीबी की टीम ने मौके से आवश्यक दस्तावेज जब्त कर लिए हैं और पूछताछ का दायरा बढ़ा दिया गया है। कार्रवाई के बाद टीम द्वारा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) से भी गहन पूछताछ की जा रही है। माना जा रहा है कि इस पूरे मामले में अन्य कर्मचारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है। पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही पूरे प्रकरण का खुलासा किया जाएगा। इस कार्रवाई को नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।

सीएमओ ने हर काम के लिए तय किया था रेट

नगर पालिका बोदरी में पदस्थ सीएमओ भारती साहू के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं। नगर पालिका अध्यक्ष सहित पार्षद स्थानीय लोग उनकी अवैध वसूली और मनमाने काम से परेशान थे। बताया जा रहा है कि वो हर काम के लिए पैसों की डिमांड करती थी।बताया जा रहा है कि सीएमओ भारती साहू ने हर काम के लिए रेट तय कर दिया था। वो बिना पैसे के नक्शा पास भी नहीं करती थी। नक्शा पास कराने के लिए उसने स्थानीय व्यक्ति से पैसे की मांग की, वो पैसे नहीं देना चाहता था। लिहाजा, मामले की शिकायत एसीबी से कर दी। एसीबी ने शिकायत को गंभीरता से लिया, जिसके बाद उसका परीक्षण कराने के लिए युवक से सौदा कराया। युवक ने बातचीत करने के बाद 12000 रुपए में सौदा तय किया। जिसके बाद एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक टीम तैयार थी। सीएमओ ने पीड़ित व्यक्ति को अपने ऑफिस बुलाया। वो पैसे लेकर पहुंचा, तब उन्होंने अपने प्राइवेट असिस्टेंट सुरेश सिहोरे को पैसे देने कहा। इसी बीच एसीबी की टीम मौके पर पहुंच गई, जिसके बाद सीएमओ भारती साहू और सुरेश सिहोरे को पकड़ लिया।

न्यूज गैलरी

प्रदीप पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष बने

करगीरोड/(कोटा)/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से अशोक साहू प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा जिलाध्यक्ष बिलासपुर ग्रामीण प्रदीप कौशिक को नियुक्त किया गया। वर्तमान में प्रदीप कौशिक कोटा नगर पंचायत में उपाध्यक्ष व लगातार तीसरी बार रिकार्ड मतों से जीत पार्षद निर्वाचित हुए हैं। पूर्व में उनकी पत्नी अमृता कौशिक कोटा नगर पंचायत अध्यक्ष भी रह चुकी है वो नगर के धार्मिक, सामाजिक कार्यकर्ता के नाम से भी जानें जाते हैं। प्रदीप कौशिक ने कहा विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा में बिलासपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष के रूप में नवीन दायित्व सौंपे जाने के अवसर पर शीर्ष नेतृत्व, जिला नेतृत्व, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

सतनामी समाज ने एसपी के सामने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी

कैबिनेट मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी को मिली अग्रिम जमानत

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने सतनामी समाज के गुरु और कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के खिलाफ व्हाट्सएप ग्रुप में आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपी जीवन देवांगन की अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है।

20 नवंबर को जिला सतनामी समाज खैरागढ़ ने पुलिस अधीक्षक, जिला खैरागढ़ के सामने एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि जीवन देवांगन ने 13 नवंबर 2025 के आसपास भाजपा मंडल ठेलकाडीह के व्हाट्सएप ग्रुप में एक आपत्तिजनक मैसेज पोस्ट किया था। आरोप है कि दो आंगनवाड़ी वर्कर्स के बीच हुए झगड़े के दौरान, जीवन ने एक मैसेज जारी किया जिसमें उसने धार्मिक नेता और कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के लिए आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया जो सतनामी समुदाय के लिए पूजनीय हैं। शिकायत करने वालों ने कहा कि यह कमेंट गाली-गलौज वाला, अभद्र और अपमानजनक है, और इससे समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। यह भी आरोप है कि आवेदक ने बाद में उस ग्रुप से मैसेज डिलीट कर दिया। इन आरोपों पर, सतनामी समाज ने कहा कि इस कमेंट से गहरी बेइज्जती, परेशानी और सांप्रदायिक चोट पहुंची है और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की, यह कहते हुए कि आवेदक की पहले से आपराधिक छवि रही है। इन आरोपों के आधार पर, मौजूदा आवेदक के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 में एफआईआर दर्ज की गई। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों, आवेदक पर लगाए गए आरोप की प्रकृति और गंभीरता, रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री, दोनों पक्षों के वकीलों द्वारा दिए गए तर्कों को ध्यान में रखते हुए, जांच और ट्रायल पूरा होने में कुछ समय लगने की संभावना है, इसलिए कोर्ट अग्रिम जमानत याचिका मंजूर करने के पक्ष में है।

वकील ने कहा- आवेदक है निर्दोष

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के सिंगल बेंच में मिस्लेनियस क्रिमिनल केस पेश कर जमानत की मांग की थी। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि आवेदक निर्दोष है और उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है। कथित मैसेज एक प्रशासनिक, व्यक्तिगत विवाद के संदर्भ में भेजा गया था, न कि किसी धार्मिक प्रथा, देवता या धर्म के संबंध में उन्होंने यह भी बताया कि आवेदक के खिलाफ दो आपराधिक मामले दर्ज हैं, दोनों मामलों का निपटारा हो चुका है और जांच और ट्रायल में काफी लंबा समय लगने की संभावना है, इसलिए, वह अग्रिम जमानत देने का अनुरोध करते हैं।

एनएसयूआई प्रदेश सचिव ने उठाए एयू में अनियमितताओं के गंभीर मुद्दे

बिलासपुर/नवप्रदेश। एयू में आज कार्यपरिषद की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह ने बैठक में उपस्थित कार्यपरिषद के सदस्यों से मुलाकात कर विश्वविद्यालय से जुड़े छात्रहित और प्रशासनिक अनियमितताओं से अवगत कराया। रंजेश सिंह ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय के कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यपरिषद के सदस्यों को अधूरी, भ्रामक और गलत जानकारी देकर नियमविरुद्ध निर्णयों पर सहमति ले रहे हैं, जिससे अनजाने में परिषद सदस्य भी इन गलत कार्यों का हिस्सा बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पदोन्नति और भर्तियों को लेकर अनावश्यक जल्दबाजी की जा रही है। नियमों की अनदेखी करते हुए, बिना सक्षम प्राधिकारी और उच्च कार्यालय की स्वीकृति के नियुक्तियां और प्रमोशन किए जा रहे हैं, जबकि इसकी पूरी जानकारी कार्यपरिषद को दी ही नहीं जाती। इतना ही नहीं, कार्यपरिषद के निर्णयों को सार्वजनिक करने में भी भारी गोपनीयता बरती जा रही है। निर्णयों की प्रतिलिपि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड नहीं की जाती, जिससे आमजन और छात्र जानकारी से वंचित रहते हैं। सूचना के अधिकार के तहत भी सही जानकारी प्राप्त करना कठिन बना दिया गया है। रंजेश सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि मेरिट के आधार पर पदोन्नति न पाने वाले कर्मचारियों को कैस प्रमोशन देने का चलन बढ़ता जा रहा है। हाल ही में बिना पद स्वीकृति के ही सहायक प्राध्यापकों की भर्ती कर दी गई, जिसे कार्यपरिषद की बैठक में लिफाफा खोलकर सब कुछ सही दिखाने का प्रयास किया गया।

कैंसर के कारणों, प्रारंभिक लक्षणों, जांच की आधुनिक तकनीकों की दी गई जानकारी

■ **सिम्स में सर्वाइकल कैंसर पर कार्यशाला आयोजित**

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स अस्पताल में महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, समय पर पहचान एवं उपचार को लेकर एक दिवसीय निरंतर चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को सर्वाइकल कैंसर से संबंधित आधुनिक चिकित्सकीय जानकारियों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में देशभर से 200 प्रतिभागी शामिल हुए। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सर्वाइकल कैंसर के कारणों, जोखिम कारकों, प्रारंभिक लक्षणों, जांच की आधुनिक तकनीकों जैसे पैप स्मीयर एवं एचपीवी टेस्ट, साथ ही उपचार की उपलब्ध विधियों पर विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है, जिसकी समय पर पहचान एवं नियमित जांच के माध्यम से प्रभावी रोकथाम संभव है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मधूमिता मूर्ति, अधिष्ठाता सिस्स, आर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. मानू प्रताप सिंह, संचालक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी सिम्स बिलासपुर व चिकित्सा अधीक्षक संयुक्त संचालक, के.एस.एस.डी. एस. जे. जे. शाराकीय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कोनी आर्गनाईजिंग को-वेयरमैन डॉ. साधना बागड़े एसोसियेट प्रोफेसर व आर्गनाईजिंग रोक्रेटरी डॉ. चित्रांगी पी. बरपाण्डेय एसोसियेट प्रोफेसर पैथोलॉजी विभाग सिम्स बिलासपुर रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ विशिष्ट वक्ता डॉ. सुप्रिता नायक जी.एम.सी. नागपुर द्वारा सर्वाइकल कैंसर के ग्लेन्डुलर लीसन्स विषय पर जानकारी के साथ किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. ज्योति पोते. डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय सिंह, डॉ. आकृति शर्मा, डॉ. रश्मि नायक, डॉ. मनोज क्षत्री, डॉ. ईशान साहू डॉ. रश्मि साहू, डॉ. नागेन्द्र साहू, डॉ. प्रभाकर प्रधान, डॉ. सौम्य रंजन, डॉ. प्रशांत ठाकुर, डॉ. असीम आनंद मसीह, डॉ. मुकुन्द शर्मा तथा समस्त पी.जी. स्टूडेंट का योगदान रहा।

कार्यशाला में प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि एचपीवी टीकाकरण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं नियमित चिकित्सकीय परामर्श के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर के मामलों में कमी लाई जा सकती है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों के साथ प्रश्नोत्तरी सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सकों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान विशेषज्ञों से प्राप्त किया।

श्रीमद्भागवत कथा आज से

बिलासपुर/नवप्रदेश। परात्पर अखिलेश्वर भगवान की भक्ति ज्ञान वैराग्य को पुष्ट करने एवं सनातन धर्म के प्रचार के लिए श्रीमद् भागवत कथा कल 18 दिसंबर से 24 दिसंबर तक रखा गया है। 18 दिसंबर को दोपहर 2 बजे कलश यात्रा उपरांत भागवत के महात्मा की कथा समय दिन 3 बजे से श्याम हरि इच्छा तक कथा स्थल व्यापार विहार रोड अज्ञेय नगर दुर्गा मंदिर संस्कृतिक भवन प्रियदर्शनी नगर में कथा वाचक पंडित मनीष महाराज चित्रकूट प्रस्तुति देंगे।

टायर फटते ही आंगन में घुसा कार, दो सगे भाई घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीपत थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए सिम्स हॉस्पिटल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परसदा (लखराम) से सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम मटियारी आ रहे दो सगे भाई करण कुमार केवट (29 वर्ष) और कौशल प्रसाद केवट (27 वर्ष) दुर्घटना का शिकार हो गए। बुधवार सुबह करीब 9 बजे, हरिहर वाहन क्रमांक सीजी 10 बीजे 9888 सीपत से बिलासपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान वाहन का अगला टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सरपंच सतीश केसर के घर के आंगन में जा घुसा। अनियंत्रित वाहन ने सामने से आ रही पैशन प्रो बाइक (सीजी 10ए 7136) को चपेट में ले लिया, जिस पर सवार दोनों भाई अपने रिश्तेदार के घर मटियारी जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही सीपत पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है तथा वाहन को जब्त कर लिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

बिलासपुर एयरपोर्ट विस्तार के लिए अनुपूरक बजट में 150 करोड़ का प्रावधान

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री साय का जताया आभार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति की बहु प्रतीक्षित मुलाकात आज रायपुर के विधानसभा परिसर में हुई। बिलासपुर के विधायक अमर अग्रवाल और तखतपुर के विधायक धर्मजीत सिंह की पहल पर यह मुलाकात हुई हालांकि मुलाकात के समय धर्मजीत सिंह ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में चर्चा के कारण प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं हो सके। अमर अग्रवाल के साथ गए प्रतिनिधि मंडल ने सर्वप्रथम मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का एयरपोर्ट के विस्तार के लिए सेना के कब्जे वाली 1012 एकड़ जमीन को हासिल करने के लिए अनुपूरक बजट में 150 करोड का आवंटन करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वयं विष्णु देव सायं ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि वे निजी तौर पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से इस फैसले पर मिल चुके हैं और अब यह मसला हल हो जाएगा। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को बताया कि तमिलनाडु राज्य का क्षेत्रफल छत्तीसगढ़ से कम है परंतु वहां 7 बड़े हवाई अड्डे हैं जिसमें तीन अंतरराष्ट्रीय है जबकि छत्तीसगढ़ राज्य में केवल एक बड़ा हवाई अड्डा है इसी तरह उत्तर पूर्वी राज्यों में भी जहां बहुत ज्यादा उड़ने नहीं संचालित होती लेकिन वहां भी बड़े हवाई अड्डे बनाए गए हैं अर्थात हवाई सुविधा हेतु आधारभूत संरचना विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। समिति ने जमीन का मसला हल होने के बाद वर्तमान रेलवे 1500 मीटर से बढ़ाकर कम से कम 2200 मी कर रहे एक नए टर्मिनल भवन जिसमें करीब 500 यात्रियों के एक साथ आने जाने की व्यवस्था हो और एक नया एटीसी टावर स्थापित करने की मांग की।

शादी का झांसा देकर मप्र की स्टूडेंट से दुष्कर्म

बिलासपुर/नवप्रदेश। नीट की तैयारी कर रही छात्रा से युवक ने दोस्ती, प्यार और शादी के झांसे में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाए। जब 4 गर्लफ्रेंड प्रेग्नेंट हो गई तो बॉयफ्रेंड ने ब्रेकअप कर लिया और शादी से इनकार कर दिया। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक 23 साल की पीड़िता मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की रहने वाली है। वह 2024 में नीट की कोचिंग के लिए बिलासपुर आई थी। जहां वह किराए के मकान में रहती है। जबकि आरोपी बॉयफ्रेंड का नाम मोहम्मद मुस्लिम खान है। वह लोरमी का रहने वाला है। फिलहाल पीड़ित युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। दरअसल पीड़िता किराए के मकान में रहकर नीट की तैयारी कर रही है। सितंबर 2024 में उसकी मुलाकात मोहम्मद मुस्लिम खान से हुई। वह अक्सर युवती के रहने वाले इलाके में आता-जाता था। दोनों में बातचीत शुरू हुई। इस दौरान उसने खुद को डॉक्टर बताया। दोनों की दोस्ती हुई और उन्होंने अपने नंबर आपस में एक्सचेंज किए।

प्रतियोगिता

जिला स्तरीय युवा महोत्सव में डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय का शानदार प्रदर्शन

राऊत व सुआ नृत्य प्रतियोगिता में सीवीआरयू की टीम अव्वल

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग, बिलासपुर द्वारा स्व. बी. आर. यादव स्टेडियम, बहतराई में 15-16 दिसंबर को आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कीं है। राऊत नाच एवं सुआ नृत्य प्रतियोगिता में डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय की टीम ने जीता प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे प्रदेश और विश्वविद्यालय को गौरांवित किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत आयोजित राऊत नाच एवं सुआ नृत्य प्रतियोगिता में डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। वहीं विज्ञान मेला प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय को द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त वाद-विवाद प्रतियोगिता में शिक्षा संकाय के छात्र अजय बंजारे ने तृतीय स्थान अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। गौरतलब है कि 23 से 25 दिसंबर तक राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन बिलासपुर में ही किया जा रहा है, जिसमें जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को सहभागिता का अवसर मिलेगा। डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय की प्रथम स्थान प्राप्त टीम भी राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर खेल, ज्ञान विज्ञान, संस्कृत, कौशल ज्ञान, सहित सभी प्रतियोगिताओं के लिए हर तैयार रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सुविचार

प्रतिभा ईश्वर से मिलती है और प्रतिष्ठा समाज से। किन्तु इन दोनों को नष्ट कर देता है आपका घमंड। - अज्ञात

प्रशांत किशोर को लेकर अटकलें तेज

चर्चित चुनावी रणनीतिकार और जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को लेकर सियासी गलियारे में तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। प्रशांत किशोर ने हाल ही में कांग्रेस की सांसद और कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी के साथ एक गुप्त बैठक की जो लगभग दो घंटे तक चली। इस बैठक में दोनों के बीच क्या बात हुई इसका कोई खुलासा दोनों ने ही नहीं किया है। जब इस बारे में प्रियंका गांधी से पत्रकारों ने प्रश्न किया तो उन्होंने कहा कि यह भी कोई खबर है क्या। किन्तु उन्होंने प्रशांत किशोर की मुलाकात की बात को नकारा नहीं है। जाहिर है इन दोनों के बीच कोई गंभीर मंत्रणा हुई है। जिसका आगे चलकर पता चलेगा। फिलहाल इस बैठक को लेकर तरह तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि बिहार विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त खाने वाले प्रशांत किशोर अब एक बार फिर कांग्रेस के साथ ही गठजोड़ करने की फिराक में हैं। गौरतलब है कि प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने बिहार में 234 सीटों पर चुनाव लड़ा था लेकिन एक भी सीट नहीं जीत पाये थे। 232 सीटों पर पर तो जनसुराज पार्टी की जमानत ही जब्त हो गई थी। इसके बाद प्रशांत किशोर को इस बात का एहसास हो गया है कि क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी बनाना और उसे चलाना आसान नहीं है। इसलिए वे कांग्रेस पार्टी में जनसुराज पार्टी का विलय करने की कवायद में लगे हैं। बशर्ते कांग्रेस पार्टी उन्हें संगठन में राष्ट्रीय स्तर पर कोई महत्वपूर्ण पद दे दें। इसीलिए उन्होंने प्रियंका गांधी के साथ मुलाकात की होगी। किन्तु कांग्रेस में प्रशांत किशोर की घुसपैठ आसान नहीं है। प्रशांत किशोर चार साल पहले ऐसी एक कोशिश कर चुके हैं। उस समय उन्होंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के सामने एक प्रेजेन्टेशन दिया था और कहा था कि यदि कांग्रेस पार्टी उन्हें संगठन मे बड़ा ओहदा देती है तो वे कांग्रेस को पूरे देश में मजबूत कर सकते हैं। उनके प्रेजेन्टेशन से उस समय प्रियंका गांधी ही ज्यादा प्रभावित हुई थी किन्तु राहुल गांधी को प्रशांत किशोर की शर्तें स्वीकार नहीं हुई थी। नतीजतन प्रशांत किशोर ने बिहार की राजनीति पर अपना ध्यान केन्द्रित कर लिया था और जनसुराज पार्टी बनाकर अपनी अलग दुकान खोल ली थी किन्तु जब वे बिहार की राजनीति में सफल नहीं हुए तो वे फिर से कांग्रेस में अपनी संभावनाएं तलाश रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि प्रशांत किशोर की कांग्रेस में दाल गल पाती है या नहीं।

नई दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर सियासी संग्राम

देश की राजधानी नई दिल्ली में ढंग के इस मौसम में बढ़ते प्रदूषण को लेकर अब सियासी संग्राम तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी ने नई दिल्ली की भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं कांग्रेस भी इस मुद्दे को लेकर आंदोलित हो उठी है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी संसद में इस मुद्दे को उठा रही है और आरापे लगा रही है कि नई दिल्ली में प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है लेकिन राज्य सरकार और केन्द्र सरकार इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए कारगर कदम नहीं उठा रही हैं। इधर नई दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिन्दर सिंह सिरसा ने कांग्रेस और भाजपा के आरोपों का जवाब देते हुए नई दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए नई दिल्ली की जनता से मांफ मांगते हुए विपक्ष पर पलटवार किया है कि प्रदूषण की समस्या बहुत पुरानी है और नई दिल्ली में प्रदूषण आम आदमी पार्टी सरकार की देन है। जिसने 2015 से 2025 तक दिल्ली में शासन किया लेकिन प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये। हमारी सरकार को प्रदूषण की समस्या विरासत में मिली है और कोई भी सरकार दशकों पुरानी इस विकट समस्या का कुछ ही महीनों में समाधान नहीं कर सकती फिर भी हमारी सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कारगर कदम उठा रही है। इसी के तहत अब 50 प्रतिशत काम के लिए सरकारी और निजी संस्थानों को वर्क फ्राम होम के निर्देश दिये गये हैं। और इसके कारण मजदूरों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रत्येक मजदूर को दिल्ली सरकार ने दस-दस हजार रूपये का मुआवजा देने का प्रावधान किया है। कुल मिलाकर प्रदूषण को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप ही चल रहे हैं जबकि जरूरत इसके ठोस समाधान की है।

समतामूलक समाज के प्रणेता सन्त गुरु घासीदास

डॉ. शाहिद अली

सन्त घासीदास बाबा के समाज सुधार के कार्यक्रमों से बहुसंख्यक समाज का भी समर्थन मिला। गुरु घासीदास बाबा ने कुप्रथाओं का कड़ा प्रतिवाद किया और सामाजिक भेद भाव व बुराईयों को समूल रुप से नष्ट करने का आव्हान किया। समाज में व्याप्त बुराईयों को समूल नष्ट करने के लिए उन्होंने दस सिद्धांत दिये, सत्य नाम ही ईश्वर है, सत्य नाम निर्गुण ब्रह्म की उपासना, जातिप्रथा निषेध, मांसाहार व जीव हत्या निषेध, मदिरा एवं धूम्रपान का निषेध, पर नारी का सम्मान, खेती में गाय का निषेध, मितव्ययता , जुंआ निषेध, झूठ व चोरी का निषेध। सन्त घासीदास बाबा ने 1820-30 मध्य अपनी अध्यात्मिक शक्ति से मानव कल्याण के उच्च आदर्शों की स्थापना की। उनके बौद्धिक उद्बोधन में दलित व वंचित वर्गों में जनचेतना की दिव्य वाणी थी। सत्य को परखने और उसके साथ चलने का लोकदर्शन बाबा के संदेशों में मिलता है। छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास बाबा के संदेशों का प्रभाव आज भी लोक-मंगल और लोक उत्सव के रूप में दिखाई देता है। इसलिए चार्ल्स ग्राण्ट तृतीय ने 1870 ई. ने सन्त घासीदास बाबा को आश्चर्य की संज्ञा देते हुए माना था कि इस अंचल के असल आश्चर्य अभी तक धरती के नीचे दबे हुए हैं, घासीदास उनमें से एक हैं जिन्होंने यहां के भूमि पुत्रों को जगाया और जातिप्रथा को समाप्त कर समतामूलक समाज की रचना की। पंथी गीतों में बाबा के दैव संदेशों का वास है।

समता और सतनाम के महान प्रवर्तक क्रांतिदर्शी बाबा गुरु घासीदास जी ऐसे सन्त हुए हैं जिन्होंने तत्कालीन छत्तीसगढ़ की विषम सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक परिस्थितियों में समतामूलक समाज की आधारशिला रखी। बाबा घासीदास ने शोषित-पीड़ित व समाज की विरोधाभासी शक्तियों से मुकाबला करके मानव कल्याण की ईश्वरीय परिभाषा को जन जन की भाषा और अभिलाषा में बदल दिया। एक अद्भुत एवं अलौकिक शक्ति के ज्योतिपुंज बाबा घासीदास ने सतदर्शन का जो बीज मंत्र दिया वह आज न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे विश्व को अपने धवल प्रकाश से आलोकित कर रहा है। आधुनिक भारत के नैतिक, सामाजिक, धार्मिक तथा अध्यात्मिक जागरण के महान शिल्पी सन्त घासीदास बाबा ने सामंतवाद एवं उपनिवेशवाद के खिलाफसंघर्ष तेज कर इस बात को भी मुखर किया कि समरसता के बिना छत्तीसगढ़ी समाज की रचना संभव नहीं है। दलितों के मसीहा और अध्यात्मिक गुरु के रुप में उन्होंने एक नई सांस्कृतिक क्रांति को जन्म दिया। गुरु घासीदास बाबा के दैवी संदेश को सुनने के बाद 1820 ई. से दलित जनों का एक बड़ा समूह सतनाम पंथ के नाम से जाना गया। सतनाम पंथ का यह सतदर्शन छत्तीसगढ़ की एक छोटी सी बस्ती गिरौदपुरी से शुरू होता है।

रायपुर जिला गजेटियर 1973 के अनुसार घासीदास बाबा का अवतरण सोमवार माघ पूर्णिमा तदनुसार 18 दिसंबर 1756 ई. को रायपुर जिले के बलौदा बाजार तहसील के गिरौदपुरी गांव में हुआ। आपके पिता का नाम श्री महंगु तथा माताजी का नाम श्रीमती अमरौतिन था। गुरु घासीदास बाबा का विवाह सिरपुर निवासी अंजोरी की पुत्री सफुरा से बचपन में ही हो गया था।

गुरु घासीदास बाबा के चार पुत्र अमरदास, बालकदास, आगरदास, अड़गडिया साहेब और एक पुत्री कुमारी सुभद्रा हुए। आगे चलकर उनके सुपुत्र विभिन्न स्थानों के पंथ प्रमुख हुए। प्राकृतिक रूप से कसडोल के सोनाखान जंगल में स्थित यह ग्राम गिरौदपुरी पवित्र धाम के नाम से मशहूर है, जो सतनामी समाज का का महान तीर्थ स्थल है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में गुरु घासीदास बाबा के जन्म के पहले छत्तीसगढ़ में दलित वर्ग काफी घनघोर अवस्थाओं में जी रहा था। कहा जाता है कि तत्कालीन समय में समाज, धर्म और राजनीति में अशांति और अव्यवस्था से एक बड़ी आबादी चुनौतियों का सामना कर रही थी। छत्तीसगढ़ में विशेषकर कृषकों मजदूरों और दलित वर्गों में अधिकार

संपन्न लोगों का अन्यायपूर्ण और दमनकारी व्यवहार असंतोष का एक बड़ा कारण था।

सामंती व्यवस्था ने दलित वर्गों को अधिकारों से वंचित कर रखा था। अशिक्षा, विषमता, रुढ़िवादी परंपराओं और कुप्रथाओं से दलित समुदाय में गहरी निराशा का वातावरण था। अत्याचार, अमानवीय व्यवहार और असत्य के घोर अंधेरे से प्रकाश में आने का संघर्ष चल रहा था। ऐसे समय में गुरु घासीदास बाबा का अवतरण जन जन में सत्य और नैतिक सामाजिक व्यवस्था का प्रकाश स्तंभ लेकर आया। सदियों से वंचित समाज में एक नई रोशनी और चेतना का प्रकाश फैला। गुरु घासीदास बाबा ने पीड़ितों के दुःख दर्द दूर किए और उन्हें जीवन की नई राह दिखाई। गुरु घासीदास बाबा ने दलितों और पिछड़े वर्गों में उत्साह और उमंग का वातावरण दिया। शिक्षा और ज्ञान से मानव कल्याण की ओर जन-जन में चेतना की अलख जगाई। मनखे मनखे एक समान का महान संदेश विश्व को दिया।

गुरु घासीदास बाबा का नाम कबीर दास, दादू, रैदास और नानक जैसे महान संतों की श्रेणी में रखा जाता है। संत घासीदास बाबा ने अपने जीवन की अनेक चमत्कारिक शक्तियों से लोकजीवन को अचंभित किया। प्रख्यात लेखक श्री मनोहर दास नृसिंह ने अपनी पुस्तक में चमत्कारिक घटनाओं को उल्लेखित किया है, जैसे बछिया को जीवित कर देना, अपनी पत्नी सफुरा को पुनर्जीवित करना, अत्याचारी जमींदार के घर में अचानक आग लग जाना इत्यादि अनेक चमत्कारिक घटनाओं का वर्णन मिलता है।

युगदृष्टा गुरु घासीदास बाबा ने सतनाम का सन्देश जन-जन में पहुंचाया और दीन-दुखियों की सेवा का पाठ दिया। उन्होंने जाति-पाति और ऊंच-नीच का भेद खत्म कर समाज सुधार का पहला लक्ष्य दलितों के उद्धार को माना।

सन्त घासीदास बाबा के समाज सुधार के कार्यक्रमों से बहुसंख्यक समाज का भी समर्थन मिला। गुरु घासीदास बाबा ने कुप्रथाओं का कड़ा प्रतिवाद किया और सामाजिक भेद भाव व बुराईयों को समूल रुप से नष्ट करने का आव्हान किया। समाज में व्याप्त बुराईयों को समूल नष्ट करने के लिए उन्होंने दस सिद्धांत दिये, सत्य नाम ही ईश्वर है, सत्य नाम निर्गुण ब्रह्म की उपासना, जातिप्रथा निषेध, मांसाहार व जीव हत्या निषेध, मदिरा एवं धूम्रपान का निषेध, पर नारी का सम्मान, खेती में गाय का निषेध, मितव्ययता , जुंआ निषेध, झूठ व चोरी का निषेध।

सन्त घासीदास बाबा ने 1820-30 मध्य अपनी अध्यात्मिक शक्ति से मानव कल्याण के उच्च आदर्शों की स्थापना की। उनके बौद्धिक उद्बोधन में दलित व वंचित वर्गों में जनचेतना की दिव्य वाणी थी। सत्य को परखने और उसके साथ चलने का लोकदर्शन बाबा के संदेशों में मिलता है।

छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास बाबा के संदेशों का प्रभाव आज भी लोक-मंगल और लोक उत्सव के रूप में दिखाई देता है। इसलिए चार्ल्स ग्राण्ट तृतीय ने 1870 ई. ने सन्त घासीदास बाबा को आश्चर्य की संज्ञा देते हुए माना था कि इस अंचल के असल आश्चर्य अभी तक धरती के नीचे दबे हुए हैं, घासीदास उनमें से एक हैं जिन्होंने यहां के भूमि पुत्रों को जगाया और जातिप्रथा को समाप्त कर समतामूलक समाज की रचना की। पंथी गीतों में बाबा के दैव संदेशों का वास है।

सतनाम, सतनाम कहे घासीदास।
जग करथे प्रकाश,
संत कर रुप दिखाई के।?।

मानवता के पुजारी संत बाबा गुरू घासीदास जी छत्तीसगढ़ की धरोहर...

लक्ष्मीनारायण लहरे

पाखंडी लोग हर युग में हर जगह पर होते हैं जिसके कारण आपको जन्म स्थान गिरौदपुरी को त्याग कर भंडारपुरी में रहना पड़ा फिर भी अपने मार्ग से विचलित नहीं हुये सत्य ज्ञान अमृतवाणी जन उपदेश चलता रहा आज करोड़ों की संख्या में अनुयायी इस छत्तीसगढ़ अंचल में हैं जो आपके सिद्धांतों की सत्यता स्वीकार करते हैं। बाबा गुरू घासीदास जी क्रांतीकारी युग पुरूष थे। आपने समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्यागने का उपदेश दिया आपके उपदेश में पाखंड बात संकीर्णता एवं मिथ्याचार की जड़ मिट गयी तथा ध्वस्त हो गयी। संमता समानता और भाईचारे के आधार पर जन -जन को मुक्ति का संदेश दिया पिड़ीत दलित और दुखी जनों के लिये नये पथ का निर्माण किया जिसे सत्य पंथ नाम से जाना जाता है आपने सत्य को हृदय में बसाकर सतकर्म करने एवं कर्म को व्यवहार में उतारने का सही मार्गदर्शन बताया। बाबा घासीदास जी एक क्रांतिकारी एवं महान पुरूष थे आपने युग में एक लम्बी क्रांति का शुरूआत किया तथा मानव जीवन में वैचारिक क्रांति एवं नैतिक क्रांति की ज्योति प्रज्जवलित की।

बाबा गुरू घासीदास छत्तीसगढ़ के भुईंया पर अवतरित युग पुरूष महामानव हैं। जिन्होंने समाज में नई विचार चेतना का उद्भव कर सामाजिक क्रान्ति लाया। छुआछूत, सामाजिक असमानता, आर्थिक शोषण, अत्याचार ,नारी उत्पीड़न आदि के विरूद्ध उन्होंने 1820 से 1830 तक आंदोलन चलाये इस आंदोलन में लाखों करोड़ों जन समुदाय शामिल हुये और सतनाम धर्म का पुनर्स्थापना किया जो कि औरंगजेब के शासनकाल में मृत हो चुका था।

सतनाम धर्म में इस छत्तीसगढ़ क्षेत्र के दबे कुचले पीड़ित मानव पुनः शामिल हुये और आगे चलकर सतनाम धर्म का पालन करते हुये आज भी इस धर्म को उजागर किये हुये हैं। इस धर्म का अनुयायियों का विस्तार छत्तीसगढ़ के इस पावन धरती पर विशेष रूप से हुआ। बाबा गुरू घासीदास जी का जन्म स्थल गांव गिरौदपुरी छत्तीसगढ़ में इतिहास के साथ -साथ कर्मभूमी और पर्यटन की दृष्टि से जाना पहचाना नाम है। कवि सुकुलदास जी घृतलहरे ने अपनी सतनाम पोथी में सतनामी समाज के विकास हेतु एक महत्वपूर्ण रचना है। सुकुल जी के रचना को नये आयाम में डॉ शंकरलाल टोडर जी ने जीवनी के रूप में लिखा और आज उनके इतिहास को हर वर्ग जानते हैं। शंकरलाल टोडर जी ने जो जीवनी परिचय लिखा है वह वास्तव में अध्ययन करने में सरल और सत्य के पहिये को धकेला है जो प्रशंसनीय है। भारत एक महान देश है यहां आदिकाल से संत ,महात्मा, ऋषि- मुनियों ,महापुरूष ,महामानव का इतिहास रहा है जो किसी वर्ग से नहीं छिप पाया है। इस देश में संत महात्माओं और महान पुरूषों ने सदा से ही सत्य अहिंसा सद्भाव मानव सेवा परोपकार निष्काम कर्म का संदेश मानव मात्र को दिया। उन्होंने सदा ही जनता को सत्य मार्ग की ओर अग्रसर करते



हुये भाईचारे, शांति, सहअस्तित्व एवं विश्वबंधुत्वता की भावना का पैगाम सुनाया है। संत व महापुरूष संपूर्ण मानव जाति के लिये पूज्यनीय है।

भारत के हृदयस्थल छत्तीसगढ़ के ग्राम गिरौदपुरी थाना बिलाईगढ़ जिला बलौदाबाजार में 18 दिसंबर सन 1756 में संत बाबा गुरू घासीदास का जन्म हुआ था। बाबा करूणा के धनी हृदय आसमान की तरह निर्मल था जहां छत्तीसगढ़ को अपने सांस्कृतिक सुषमा विपुल रत्न भंडार एवं मानव सभ्यता का आदि होने का गौरव प्राप्त है ।वहीं इस पावन भूमि को बाबा गुरू घासीदास जी देव पूज्य की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि होने का सौभाग्य प्राप्त है। आपके पिता का नाम महंगूदास और माता का नाम श्रीमती अमरौतीन बाई था। बाबाजी बाल्यवस्था से ही होनहार विलक्षण प्रतिभा एवं अद्भुत शक्ति से सम्पन्न थे। बचपन से ही स्वभाव अनुसार वैरागी और व्यवहार में कर्मयोगी थे आपकी जीवन की अनेक सत्य घटनाऐं इस अंचल में प्रसिद्ध हैं। आप अपने साथियों को सदा नेक उचित सलाह दिया करते थे। बाबाजी का प्रादुर्भाव उस समय हुआ था जब देश में अराजकता की स्थिति थी। छत्तीसगढ़ क्षेत्र इस अराजकता के शिकंजे में जकड़ा था व अंग्रेज सम्राज्य का विस्तार हो रहा था। देशी नरेश लड़खड़ा रहे थे। हिन्दू समाज में अनेक कुरीतियॉ व्याप्त थी। छुआछूत, ऊंच -नीच की भावना का तांडव नृत्य समाज में हो रहा था ऐसी कठिन एवं विषम परिस्थिति में इस धरा धाम में संत बाबा गुरू घासीदास जी का जन्म हुआ। जिस प्रकार गौतम बुद्ध को वट वृक्ष के नीचे बुद्धत्व का ज्ञान प्राप्त हुआ था उसी प्रकार आपको भी औंरा-धौंरा वृक्ष के नीचे सत्य का ज्ञान हुआ था। आपको अन्तर्ज्ञान हुआ कि सत्य ही ईश्वर है। सत्य ही मानव का आभूषण है आगे आपने बीज मंत्र में कहा।

आग लगे आकाश में झर झर गिरे अंगार
सत्य ना होती धरती में तो जल जाती संसार।

सत्य अच्छे कर्मो के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। महान पुरूष बनने के लिये उंची जाती में जन्म लेना जरूरी नहीं है स्वयं में शक्ति हो तो सत्य के मार्ग में चलकर ईश्वर भक्ति को प्राप्त किया जा सकता है। आपने प्रत्येक स्थानों का भ्रमण कर दिग्भ्रमित एवं भटके हुये मानव को सतपथ की ओर अग्रसर किया। आपका कांकेर पनावरेश, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, पोड़ीदहला, भंडारपुरी, तेलासीधाम, चटवाधाम प्रसिद्ध है। इस प्रकार आपने अपने सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ को अपने कर्म और धर्म उपदेश का क्षेत्र बनाया। बाबाजी जहां जहां गये हजारों लोगों ने आपका दर्शन किया और आपके अमृतवाणी का रसपान कर जीवन को धन्य किये। आपको मिथ्या अभिमानियों द्वारा विरोध किया गया और आलोचना भी की गयी फिर भी आपने सत्य का ज्ञान उपदेश देना बंद नहीं किया।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ भागवत कथा श्रवण का विषय नहीं है, दर्शन का विषय है। श्रवण तो पहली सीढ़ी है, 'श्रवणं कीर्तनं' लेकिन अंतिम और विश्राम की जो सीढ़ी है वो दर्शन की है।

◆ मेरा मानना है कि इस दुनिया में कोई भी समय जगने के लिए पर्याप्त है जब जगे तभी सवेरा।

◆ इसलिए सलाह से, दमन से, जोर-जबरदस्ती से आज तक दुनिया में किसी का स्वभाव बदला नहीं।

◆ किसी के स्वभाव या आदत को सिर्फ सलाह देकर नहीं बदला जा सकता।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। कुवलय खाँ ने 1271 में अपने साम्राज्य का नाम युवान रखा था जो मंगोलिया और चीन में फैला था। तैमूर ने 1398 में सुल्तान नुसरत शाह को हराकर दिल्ली पर कब्जा किया। समुद्री खोजी नाविक तस्मान 1642 में न्यूजीलैंड की धरती पर उतरा, उसी के नाम पर न्यूजिलैंड के समीपवर्ती समुद्र को तस्मानिया समुद्र भी कहा जाता है। अमेरिकी संविधान को 1787 में स्वीकार करने वाला न्यू जर्सी तीसरा राज्य बना। रूस का राष्ट्रीय गान 'गॉड सेव द जार' को 1833 में पहली बार गाया गया। अल-थानी परिवार 1878 में कतर पर शासन करने वाला पहला परिवार बना। जापान ने 1956 में संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता ग्रहण की। नयी दिल्ली में 1960 में राष्ट्रीय संग्रहालय का शुभारंभ हुआ। शनि के उपग्रह 1966 में एपी मैथिल्स की खोज हुई। इंगलैंड में 1969 में मृत्युदंड की सज़ा समाप्त कर दी गई। इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक की स्थापना 1973 में हुई। सचिन ने 1989 में अपना पहला एकदिवसीय क्रिकेट मैच पाकिस्तान के खिलाफ़ खेला। अज्ञात विमान ने 1995 में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में हथियारों का जखीरा गिराया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जबसे कइलस

जबसे कइलस हलचल साँस। सभकर बाटे अँटकल साँस।। जंगल के काटत बा लोग। देखीं बाटे भटकल साँस।। जहर भइल बा हवा इहाँ। कहवाँ बाटे चहकल साँस।। चिरइन में बा हाहाकार। चाहीं सभके पल-पल साँस।। पानी - हवा भइल दूषित। फँसल इहाँ बा दलदल साँस।। आँख भइल सभ धुँआ-धुंआ। शांत सभे के चसकल साँच।। फूल के तोड़ीं मत रउआ। आज ले नाहीं महकल साँस।। - 'ऐनुल' अब तऽ नफरत से। घर - घर बाटे दहकल साँस।। - **'ऐनुल' बरौलवी**

माना सखी मधुमास

माना सखी मधुमास रूठा, जिंदगी की जंग से। अब साँस भी उखड़ी हुई है, छूटती जो अंग से।। है सत्य का ही बोलबाला , क्यों यहाँ झूठे रहें। अब वक्त कितना हाथ में है , छोड़ क्यों रूठे रहें। पित वर्ण से हैं कांपते यह, अंग के पुर्जे सभी। जो रक्त मद्धिम चल रही है, कम जरा खर्चे अभी। क्यों नींद भी दुश्मन बनी है, सिलवटें अब आ रही। यूँ जिंदगी की जंग में बस , उम्र पिछड़ी जा रही ।।

- अर्चना लाल

परिंदे अब कहां भला आते हैं मेरे गांव

परिंदे अब कहां भला आते हैं मेरे गांव अब तो छीन गया सुकूं और सारे छांव राख धुयें से नष्ट सब खेतों की हरियाली चिपटे पिचके गाय बैल बिन चारा करे कैसे जुगाली ! इंसानी रिश्ते खतम हो रहे विचारों में बढ़ा टकराव नदियों की धारा सिमट गई किनारे खड़ी अब नाव। **- संत आर थवाइत**

मुस्लिम महिला काफी सभ्य थीं

मुस्लिम महिला काफी सभ्य थीं,,, इस अप्रत्याशित हमले के बदले कोई हमला कर देती तो अपराधी हो जातीं ,,, और कभी सुहागरात की कहानी सार्वजनिक मंच पर बोलना ,,, यह सब मानसिक दिवालियापन है ,,, धन्य है सुशासन बाबू और धन्य है उनको सुनने और चुनने वाली जनता **- तनु देहलवी**

हौले से तुम नवकोंपल नव कलिका

हौले से तुम नवकोंपल नव कलिका का गान सुनो उठो जगो और तुम भी धरा की मीठी तान सुनो प्रात का अभिराम दृश्य है नैनो मे इसको

भर लो दीर्घ स्वासो मे इस पल को हर एक सोपान में धर लो। **- आकांक्षा द्विवेदी**

सियाराम मां की व्यथा जब

सियाराम "मां" की व्यथा जब कहनी ना पड़े। तन की पीड़ा जब बतानी ना पड़े। आंसु गिरे तो किसी की हथेली नर्म कर दे। "बहन" ! निगाहें उठे तो गुस्सा शांत कर दे। मन जब उस मुक्काम, पर किसी के कंधे पर सिर रखकर मुस्कुराए और "पत्नी" की आंखें भीग जाए। वो एहसास मां का एवं बहन स्नेहल मुक्काम पत्नी का होता है।**- गौरी पटले**

साँस बोझिल हुई इक ख़बर के लिए

साँस बोझिल हुई इक ख़बर के लिए, रात कटती रही बस सहर के लिए। कुछ सवालात थे जो कहे ही नहीं, ज़िंदगी थम गई उस कसर के लिए। तू गया तो मेरी धड़कने थम गईं, वक़्त चलता रहा बस गुज़र के लिए। तूने मुड़कर भी देखा नहीं जाते वक़्त, मैं वहीं रुक गई उम्र भर के लिए। **- रूबी झा 'कमल'**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज दिन का पूर्वार्ध दुविधा में बीतेगा आयवश्यक कार्यो में सहकर्मियो एवं परिजनों से वैचारिक मतभेद रहने के कारण असमंजस की स्थिति बनेगी फलस्वरूप कार्य में विलम्ब होगा।

वृषः आज का दिन कार्य व्यवसाय के लिए बेहतर सिद्ध होगा परन्तु स्वास्थ्य सम्बंधित शिकायते बाधक बन सकती है समय रहते शारीरिक परिक्षण कराये अन्यथा स्थिति गंभीर भी हो सकती है।

मिथुनः आज के दिन आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी घर एवं व्यावसायिक क्षेत्र पर कामो की भरमार रहने के कारण शरीर की अनदेखी करेंगे।

कर्कः आज का दिन राहत देने वाला रहेगा। कुछ समय से चल रही परेशानियों में कमी आएगी। महिला वर्ग भी आज पारिवारिक वातावरण से प्रसन्न रहेंगी।

सिंहः आज के दिन आप बोलचाल में विशेष सावधानी बरतें अधिक बोलने की प्रवृति सामाजिक एवं व्यापारिक क्षेत्र पर हानि करा सकती है। सेहत मामूली बातों को छोड़ सामान्य रहेगी।

कन्याः आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन भी शुभ रहेगा। कार्य व्यवसाय से कम समय में अधिक धन लाभ प्राप्त कर सकेंगे। सोची हुई योजनाएं फलीभूत होने से मानसिक रूप से प्रसन्न रहेंगे।

तुलाः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आज ना चाहकर भी क्रोध के प्रसंग बनेंगे। स्वभाव में भी अहम् की भावना रहने से लोग आपसे दूरी बना सकते है। धर्म-कर्म में कम रूचि रहेगी।

वृश्चिकः आज का दिन आपकी कल्पनाओं को साकार करने वाला रहेगा। संध्या का समय थकान वाला।रहेगा ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष नही रहेगा। धनाभाव के चलते कुछ कार्य बीच में छोड़ने पड़ेंगे। महिलाओं के प्रति भी अनादर का भाव रहेगा।

मकरः आज के दिन आशानुकूल धन लाभ ना होने पर भी आप संतोषी वृति रखेंगे। लेकिन आर्थिक कारणों से तकरार अथवा राग द्वेष हो सकता है। परिजनों के विरोध से बचने के लिये समय पर सुविधा उपलब्ध कराए।

कुंभः आज का दिन पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा दिनचर्या में सुधार लाएगा। फिर भी व्यर्थ की भागदौड़ लगी रहेगी। संताने उद्दण्ड व्यवहार करेंगी।

मीनः आपका आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी सामाजिक व्यवहारों के कारण भाग-दौड़ करनी पड़ेगी। स्त्रीवर्ग आध्यत्म में डूबी रहेंगी।

QUIZ TIME

1) भारत में कौन सा राज्य विधानसभा की कार्यवाही को पहली बार सांकेतिक भाषा में प्रसारित करने वाला राज्य बना?

2) दिल्ली सरकार द्वारा हिंदू मंदिर पुजारियों और गुरुद्वारा ग्रंथियों को समर्थन देने के लिए शुरू की गई योजना का नाम क्या है?

3) हर साल राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस किस दिन मनाया जाता है?

4) असम के किस राष्ट्रीय उद्यान में क्रेपिडियम असॅमिकम नाम की नई ऑर्किड प्रजाति की खोज की गई है?

5) एक नई प्रजाति के मगरमच्छ न्यूट, काओ बैंग मगरमच्छ न्यूट, की खोज किस देश में हुई है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) पंजाब (2) पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना (3) 9 नवंबर (4) डिब्रू-सैखोवा राष्ट्रीय उद्यान (5) वियतनाम

शब्द सागर

नेशनल हेराल्ड केस को रद्द करना सत्य की जीत

■ भाजपा और मोदी-शाह के षड़यंत्र का पर्दाफाश हो गया

■ मोदी, राहुल गांधी से डरते है इसीलिए ईडी से झूठा केस बनाया

रायपुर/नवप्रदेश। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की एफआईआर को अदालत ने रद्द कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि एक बार फिर सत्य की जीत हुई। इस फैसले से साबित हो गया कि मोदी-शाह और भाजपा का षड़यंत्र था। हेराल्ड मामले में इस निर्णय से साफहो गया कि कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ केस साफ तौर पर राजनीति से प्रेरित था, जो भाजपा सरकार की बढ़ती निराशा की वजह से था, क्योंकि कांग्रेस पार्टी पिछले 11 सालों से लगातार उसकी नाकामियों को सामने ला रही थी। जैसे ही विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा सरकार की वोट चोरी का पर्दाफाश किया, भाजपा सरकार और उसकी एजेंसियों जिसमें ईडी भी शामिल है, के पास नए आरोप खत्म हो गए। जब तथ्य कम पड़ गए, तो नाटक शुरू हो गए, चुनिंदा मुकदमे चलाए गए, नए आरोप लगाए गए और राजनीतिक विरोधियों को हमेशा कटघरे में खड़ा रखने की एक पतली सी कोशिश की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ईडी और भाजपा के षड़यंत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज किया था। ईडी सत्ता की गुलाम बन चुकी है इसे भंग कर दिया जाना चाहिये। सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ रिपोर्ट मोदी के डर को दिखाता है। अदालत के फैसले से साबित हो गया कि जिस मुखरता से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, मोदी सरकार को लगातार कटघरे में खड़ा कर रहे है, जनता की आवाज उठा रहे है, उससे घबरा कर मोदी सरकार ने ईडी के माध्यम से यह षड़यंत्र रचा था। भाजपा की केंद्र सरकार दबाव की राजनीति कर रही है। वह सोच रही है कि ईडी, सीबीआई, आईटी और सुरक्षाबलों को आगे कर कांग्रेस के द्वारा जनता के हित में उठाये जाने वाली आवाज को दबा देंगे। कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस का नेतृत्व भाजपा की इन दमनकारी नीति से डरने वाला नहीं है। कांग्रेस देश की जनता के हित में देश के लोकतंत्र को बचाने के लिये संघर्ष करती रहेगी, न झुकेगी और न ही रूकेगी। अदालत के फैसले से साबित हो गया कि भाजपा विपक्ष को दबाने षड़यंत्र कर रही है।

इंदिरा गांधी कृषि विवि के विद्यार्थियों को मिला सेमिनार में सहकारिता का ज्ञान

रायपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) द्वारा कृषि महाविद्यालय, रायपुर के सेमिनार हॉल में प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सहकारिता व कृषि क्षेत्र से जुड़े विषयों पर अपने ज्ञान एवं कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताओं के पश्चात विजेताओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के

कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मोनिका नायक ने प्रथम, अनुष्का चौरसिया ने द्वितीय तथा किशन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में गरिमा झा प्रथम, रूपाली साहू द्वितीय एवं अनुष्का चौरसिया तृतीय रहीं। निबंध प्रतियोगिता में तेजश्री ने प्रथम, ऋचा विशाल शर्मा ने द्वितीय तथा कुसुम सरकार ने तृतीय स्थान हासिल किया। समारोह में राज्य मुख्य अधिकारी, नैफेड संजय कुमार सिंहने अपने संबोधन में कहा कि नैफेड किसानों के हित में देशभर में अनेक योजनाओं का संचालन कर रहा है। उन्होंने बताया कि नैफेड के माध्यम से किसानों द्वारा निर्मित स्टोरेज हाउस को किराए पर देकर उनकी आय बढ़ाई जा सकती है, जिससे किसान आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश चंदेल ने नैफेड की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संस्था अब केवल अनाज एवं दलहन की खरीदी तक सीमित नहीं है, बल्कि आयात-निर्यात के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि क्षेत्र संयुक्त रूप से कार्य करेंगे, जिससे पोषण सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और मानव रोगों में कमी आएगी।

हाउसिंग बोर्ड की नई परियोजनाओं में ऐतिहासिक बुकिंग

1477 आवासों के विरुद्ध 3500 ऑफर, 305 करोड़ रुपए मूल्य 31 दिसंबर तक टेंडर जारी करने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा हाल ही में लांच की गई 56 आवासीय परियोजनाओं को आमजन से अभूतपूर्व प्रतिसाद प्राप्त हुआ है। इन योजनाओं के अंतर्गत कुल 1477 आवासों के विरुद्ध लगभग 3500 ऑफर प्राप्त हुए हैं, जिनका कुल अनुमानित मूल्य करीब 305 करोड़ रुपए है।

मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि राज्य के 26 जिलों में लगभग 2060 करोड़ रुपए की लागत वाली नई आवासीय परियोजनाओं का शुभारंभमुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया है।

उन्होंने बताया कि मंडल की नीति के अनुसार किसी भी परियोजना में तीन माह की अवधि में न्यूनतम 10 प्रतिशत निरंतर बुकिंग अथवा एकमुश्त 60 प्रतिशत बुकिंग प्राप्त होने पर ही निविदा (टेंडर) प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है। आमजन द्वारा दिखाए गए विश्वास का परिणाम यह है कि लांचिंग के मात्र 15 दिनों के भीतर ही 15 जिलों की 23 परियोजनाओं में पर्याप्त

बुकिंग प्राप्त हो चुकी है। इन परियोजनाओं में नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

इन 23 परियोजनाओं में रायपुर, नवा रायपुर, महासमुंद, दुर्ग, खैरागढ़, कवर्धा, बेमेतरा, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, कांकेर, भानुप्रतापपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सारंगढ़, अंबिकापुर व सूरजपुर जिलों की प्रमुख योजनाएं शामिल हैं।इन सभी परियोजनाओं के अंतर्गत कुल 2526 आवासीय भवनों का निर्माण प्रस्तावित है, जिनका कुल अनुमानित टेंडर अमाउंट 406.81 करोड़ रुपए है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगामी दिनों में निविदा कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएगी।

मंडल के आयुक्त अवनीश कुमार शरण ने मंगलवार को आयोजित समय सीमा समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं की लांचिंग हो चुकी है, उनकी टेंडर प्रक्रिया 31 दिसंबर 2025 से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी परियोजनाओं का क्रियान्वयन तय समय-सीमा में, उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किया जाए तथा निर्माण पूर्ण होने के बाद हितग्राहियों को शीघ्र आधिपत्य प्रदान किया जाए।

दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा

मंडल द्वारा हाल ही में दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। स्व. परमानंद साहू के पुत्र पंकज साहू तथा स्व. संतोष सागर की पुत्री पूजा सोनी को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। पिछले एक वर्ष में हाउसिंग बोर्ड द्वारा दिवंगत 10 कर्मचारियों के आश्रित परिवारजनों को अनुकंपा नियुक्ति दी जा चुकी है।

23 परियोजनाओं में पर्याप्त बुकिंग बड़ी उपलब्धि : ओपी चौधरी

आवास मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि गृह निर्माण मंडल को आम नागरिकों का जो अभूतपूर्व विश्वास प्राप्त हो रहा है, वह राज्य सरकार की नीतिगत स्पष्टता और पारदर्शी कार्यप्रणाली का परिणाम है। उन्होंने कहा कि लांचिंग के मात्र 15 दिनों में 23 परियोजनाओं में पर्याप्त बुकिंग मिलना एक बड़ी उपलब्धि है।

बृजबाई कर रही है घर गृहस्थी के कार्यों में राशि का उपयोग

■ महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिल रहा आर्थिक संबल

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार की फ्लैगशिप महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम सकरी निवासी बृज बाई साहू ने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत उन्हें अब तक 22 किश्तों में कुल 22,000 रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हो चुकी है। इस राशि का उपयोग वे सब्जी-भाजी, राशन सहित अन्य घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति में कर रही हैं, जिससे

उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। बृज बाई साहू ने बताया कि महिलाओं को आगे बढ़ाने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा किया जा रहा यह कार्य अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री जी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा अब तक 22 किश्तें जारी की जा चुकी हैं। हाल ही में 3 दिसंबर 2025 को मोहला-मानपुर जिले से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 22वीं किश्त की राशि महिलाओं के खातों में अंतरित की गई।

सोसाइटी में सुगमता से धान विक्रय की सुगम सुविधाओं की किसान ने की सराहना

रायपुर/नवप्रदेश। समिति में मौजूद मजदूरों द्वारा ही धान की तौल, सिलाई एवं अन्य आवश्यक कार्य किए गए, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं सहयोगपूर्ण होने के कारण धान विक्रय में उन्हें काफी सुविधा मिली। सूरजपुर जिले के ग्राम खडगवाकला निवासी किसान

सर्विस कुमार यादव द्वारा अपना धान सुंदरा सेवा सहकारी समिति में विक्रय किया गया। किसान सर्विस कुमार यादव ने बताया कि समिति में धान विक्रय की प्रक्रिया अत्यंत सुगम एवं व्यवस्थित रही।

किसान सर्विस कुमार यादव ने धान खरीदी व्यवस्था की सराहना करते हुए इसके लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जो व्यवस्थाएं की गई हैं, उससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है और धान विक्रय प्रक्रिया सरल व पारदर्शी बनी है। सरकार किसान हित में 21 क्विंटल प्रति एकड़ की 3100 रुपये की दर समिति के माध्यम से खरीद रहीं है द्य इसके अलावा टोकन मिलने और भुगतान प्राप्त करने में कोई समस्या नहीं हुई।

पर्यावरण संरक्षण मंडल ने धूल नियंत्रण करने निगम को लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा घरेलू कचरे (नगरीय ठोस अपशिष्ट) को खुले में जलाने (स्थल- डीपारडीह सरोना, कबीर नगर सेलिब्रिटी होम्स सोसायटी के पास तथा महोबा बाजार रेलवे ब्रिज के समीप) के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही एवं रोड के डिवाइडर से गिरने वाली तथा डिवाइडर वॉल से सड़क पर गिर कर जमे हुए डस्ट, जिससे

यातायात के दौरान होने वाले धूल उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु नियमित साफ-सफाई/जल छिड़काव/स्वीपिंग किये जाने बाबत नगर पालिक निगम रायपुर को पत्र प्रेषित किया गया है। नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत सरोरा, लोहा बाजार डीपारडीह, सोनडोंगरी, सड्डू/आमासिवनी एवं आसपास रहवासी क्षेत्र में संचालित पारंपरागत बंगला भट्ठा, हाथ भट्ठा/पंजा भट्ठा (लाल ईंट भट्ठा, बिना चिमनी) को नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहवासी बस्तियों के समीप प्रतिबंधित करने की कार्यवाही हेतु नगर निगम, रायपुर, बीरगांव तथा उप संचालक, खनिज विभाग, रायपुर को पत्र प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार जनवरी 2025 से नवम्बर 2025 की अवधि में कच्चे माल/उत्पाद, ठोस अपशिष्टों आदि का उपयुक्त प्रकार से तारपोलिन से कवर किये बिना परिवहन करने वाले कुल 47 उद्योगों/संस्थानों के विरुद्ध रुपये 21,81,574/ङ्क (इक्कीस लाख इक्यासी हजार पांच सौ चौहत्तर मात्र) पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित की गई है।

19 दिसंबर से 1100 से अधिक रोटेरियन का महाकुंभ

रायपुर/नवप्रदेश। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 के प्रांतपाल रोटे अमित जायसवाल एवं डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रोटे पल्लवी जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस ÷संगम मित्रों का÷ में सम्मिलित होने हेतु अब तक ऐतिहासिक रूप से सर्वाधिक 1100 से अधिक रोटरी सदस्यों ने अपना पंजीयन करा लिया है। सभी रोटेरियन 19 दिसंबर की प्रातः से रायपुर पहुंचना प्रारंभ करेंगे। इस संबंध में कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी रोटरी डिस्ट्रिक्ट मीडिया चेयरमैन रोटे नितिन जैन, को-चेयरमेन रोटे पंकज माहेश्वरी, रोटे सुनील क्याल, रोटे मनोज राय, रोटे सुनील दुबे एवं रोटे सहिंता चंद द्वारा संयुक्त रूप से मीडिया को प्रदान की गई।

पीएम आवास योजना अंतर्गत एस.एन.ए. स्पर्श प्रक्रिया से 5.03 करोड़ का भुगतान

हितग्राहियों के चेहरों पर आई खुशी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत एस.एन. ए- स्पर्श प्रक्रिया के माध्यम से नगर निगम द्वारा 5 करोड़ 3 लाख 27 हजार की राशि पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में सफ्लतापूर्वक अंतरित की गई है। इस भुगतान से बड़ी संख्या में हितग्राहियों को अपने आवास निर्माण कार्य में तत्काल राहत मिली है।

किश्त की राशि परिवारों के खातों में राशि पहुँचते ही उनके चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से देखने को मिला। कई हितग्राहियों के अधूरे मकानों का कार्य अब पुनः प्रारंभ हो सका है।

एस.एन. ए- स्पर्श प्रणाली के माध्यम से भुगतान की यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, सुरक्षित एवं समयबद्ध रही, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि योजना का लाभ बिना किसी बाधा के सीधे हितग्राही तक पहुँचे।

नाला में गोबर डालने पर गौपालक को चेतावनी देकर किया 2 हजार जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम में प्राप्त नाला में गोबर

डाले जाने से सम्बंधित जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा दिए गए आदेशानुसार और नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के निर्देशानुसार जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री उमेश नामदेव और बारोन बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में किये गए औचक निरीक्षण में स्थल पर जोन 9 क्षेत्र अंतर्गत दलदल सिवनी मुख्य मार्ग में नाला में गौपालक गौरी शंकर यादव द्वारा गोबर डाले जाने की प्राप्त जनशिकायत सही मिली, जिस पर जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए गौपालक गौरीशंकर यादव पर स्थल पर 2000 रूपये का जुर्माना किया और प्राप्त जन शिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया।

रायपुर-रायगढ़, सरगुजा में घना कोहरा...लाइट जलाकर चले वाहन

2 दिन बाद पड़ेगी कड़ाके की ठंड, 3ए तक गिरेगा पारा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का दौर जारी है। रायपुर के अमलेश्वर इलाके में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई और लोगों को वाहन लाइट जलाकर चलाने पड़े। इसी तरह रायगढ़ जिले के छाल क्षेत्र में भी घना कोहरा देखने को मिला। सरगुजा संभाग के कई इलाकों में धुंध के कारण विजिबिलिटी घटकर महज 20 मीटर तक रह गई।

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के उत्तर और मध्य क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड बनी रहेगी। अगले दो दिनों तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन इसके बाद आने वाले तीन दिनों में तापमान 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक और गिर सकता है। इसके साथ ही प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर चलने की भी आशंका जताई गई है। ठंड बढ़ने का असर स्वास्थ्य पर भी दिखने लगा है। रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 300 से 350 मरीज त्वचा संबंधी समस्याओं के साथ पहुंच रहे हैं। इनमें ड्राई स्किन, एक्जिमा और सोरायसिस के मरीजों की संख्या अधिक है। डर्मेटोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. मृत्युंजय सिंह ने बताया कि ठंड के मौसम में ये समस्याएं आम हैं, लेकिन समय पर ध्यान नहीं दिया गया तो स्थिति गंभीर हो सकती है। तापमान की बात करें तो पिछले 24 घंटों में प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 29.7 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया।

रायपुर में नगर निगम ने कई जगहों पर अलाव का इंतजाम किया

रायपुर में शीतलहर का असर बढ़ते ही नगर निगम ने आम लोगों को राहत देने के लिए शहर में अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी है। निगम ने 12 से अधिक लोकेशन पर रातभर अलाव जलवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि बेघर, राहगीरों और आम नागरिकों को ठंड से तुरंत राहत मिल सके। रायपुर नगर निगम की मेयर मीनल चौबे और कमिश्नर विश्वदीप के निर्देशों के बाद सभी जोन कमिश्नरों और जोन हेल्थ अधिकारियों से रात में फील्ड में रहने और अलाव के इंतजाम की निगरानी करने को कहा गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने भी जारी की एडवाइजरी

स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवाइजरी जारी कर चेतावनी दी है कि अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव से हाइपोथर्मिया, सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बढ़ सकता है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि शीतलहर के दौरान, केवल आवश्यकता होने पर ही यात्रा करें और बाहर निकलते समय पूरी तरह गर्म कपड़े पहनें।

मनरेगा का नाम बदलना भाजपा की गांधी जी के प्रति दुर्भावना

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी नेशनल रोजगार गारंटी मनरेगा का नाम बदलने के लिऐ संसद में विधेयक लाना मोदी सरकार की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति दुर्भावना को प्रदर्शित करता है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नाथूराम के महिमामंडन के लिए महात्मा गांधी के पुण्य स्मृति को मिटाने का षड़यंत्र कर रही है। भाजपा सोचती है कि वह एक योजना से गांधीजी का नाम बदलकर गांधी जी को जनमानस से दूर कर लेगी तो यह उनकी भूल है। गांधीजी भारत के जनमन में बसे है, भाजपा का कोई भी षड़यंत्र भारत के लिए गांधीजी के योगदान को मिटा नहीं सकता। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मनरेगा जन आंदोलनों से जन्मा कानून है, जो ''हर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दो'' के वादे को अपने भीतर समेटे हुए है। इसने ग्रामीण भारत के लोगों को काम मांगने का कानूनी अधिकार दिया, पूरे ग्रामीण भारत में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की, विकेंद्रीकृत शासन को मजबूत किया, महिलाओं और भूमिहीनों को सशक्त बनाया तथा लागू किए जा सकने वाले अधिकारों के माध्यम से श्रम की गरिमा को कायम रखा।

न्यूज गैलरी

केशकाल में रोड नवीनीकरण का कार्य हुआ तेज

केशकाल/नवप्रदेश। शहर से गुजरने वाली नेशनल हाईवे 30 की हालत जर्जर हो चुकी थी। रोड के खराब होने से धूल का गुबार पूरे शहर में फैल रहा था। जिससे व्यापारियों में आक्रोश उत्पन्न हो रहा था,विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम के सार्थक प्रयास से शहर से गुजरने वाली ढाई किलोमीटर की नेशनल हाईवे सड़क का कार्य का टेंडर रायपुर अभनपुर की कंपनी को मिलने के बाद लोगों में एक आस जगी थी कि जल्द ही अब केशकाल सड़क नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हो जाएगा, लेकिन 25दिन बीत जाने के बाद भी कार्य की प्रगति तेज ना होने से लोगों में निराशा देखने को मिल रही थी। लेकिन अब एक साथ तीन जगह पर ठेकेदार ने काम स्टार्ट कर दिया है पंचवटी से डामरीकरण का कार्य शुरू हो गया है जो कि अगले हफ्ते तक पंचवटी से बाजार (टाटा मारी) चौक तक डामरीकरण कार्य पूर्ण करने की बात ठेकेदार के द्वारा की जा रही है। वहीं शहर के बीचो-बीच रोड के किनारे लेबलिंग का कार्य भी मशीनों के द्वारा युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। वहीं बोरगांव गोल्डी ढाबा से खत्री निवास तक रोड उखाड़ कर उसमें गिट्टी सीमेंट का बेस करने का कार्य भी तेज गति से प्रारंभ कर दिया गया है आने वाले दिनों में यह कार्य और तेज होगा और केशकाल शहर वासियों को नई रोड की सौगात मिलेगी वहीं धूल के गुब्बारे से परेशान व्यापारियों को भी राहत मिलेगी।

मामूली विवाद पर दोस्त ने कुल्हाड़ी से किया जानलेवा हमला

कांकेर/ नवप्रदेश। दुर्गूकोंदल में मामूली विवाद पर दो दोस्तों में विवाद हो गया विवाद अंत में इतना विकराल रूप ले लिया कि एक दोस्त ने दूसरे दोस्त पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। घायल का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है, वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी नील सिंह गायकवाड़ ने दुर्गूकोदल थाना पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि सोलह दिसंबर की शाम तकरीबन सात बजे अपने दोस्त संजय गिरी गोस्वामी के साथ अशोक जैन दुरूदल निवासी के घर खाना खाने के लिए गए हुए थे घर में पहुंचने के बाद जैसे संजयगिरि गोस्वामी ने अशोक जैन को खाना मांगा तो अशोक जैन गंदी गंदी गाली गलौच करते हुए कुल्हाड़ी से अशोक के सिर में जानलेवा हमला कर दिया जिससे अशोक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज जारी है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी अशोक जैन के खिलाफ धारा 296, 109 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए हैं। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

ग्राम पंचायत भैंसगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 19 दिसम्बर को

कांकेर/ नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 19 दिसम्बर शुक्रवार को अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भैंसगांव, बैहासाल्हेभाट, फुलपाड़, कोलर, कोसरोण्डा, मंगतासाल्हेभाट, तालाबेड़ा, ताड़ोकी, बोंदानार इत्यादि ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर में शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जाएगा, साथ ही योजनाओं का लाभ उठाने में कोई कठिनाई आ रही हो तो उसका समाधान भी शिविर में किया जाएगा। कलेक्टर ने जनसमस्या निवारण शिविर में सभी जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

अस्पृश्यता निवारण सदभावना शिविर 19 दिसम्बर को

कांकेर/ नवप्रदेश। नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 तथा अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 के प्रावधानों के क्रियान्वयन के तहत आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के तत्वावधान में अस्पृश्यता निवारणार्थ सदभावना शिविर का आयोजन आगामी 19 दिसम्बर को चारामा विकासखण्ड के ग्राम आंवरी में किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि उक्त शिविर दोपहर 02 बजे से आयोजित होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग उपस्थित रहेंगे तथा अध्यक्षता भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण नरेटी सहित जिला पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगरीय निकायों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, पंथी नृत्य, विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण तथा मुख्य वक्ताओं के द्वारा उद्बोधन भी दिया जाएगा।

शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी महिलाओं पर लाठीचार्ज मानवाधिकर का खुला उल्लंघन: अमित

- लाठी के दम पर आदिवासियों को दबाना चाहती है सरकार - अमित
- निहत्थी महिलाओं पर लाठीचार्ज, सरकार की महिला विरोधी मानसिकता उजागर - नवनीत

अमित जोगी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि एक मौखिक माफी इस अत्याचार के लिए पर्याप्त नहीं है। हमारी स्पष्ट मांगें हैं:

1. इस पूरे प्रकरण की न्यायिक मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में तत्काल निष्पक्ष जाँच हो।
2. हमले में शामिल सभी सुरक्षा गार्डों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए और उन्हें निलंबित किया जाए।
3. घायल महिलाओं के उपचार का पूर्ण खर्च राज्य सरकार वहन करे और उन्हें पर्याप्त मुआवजा दिया जाए।
4. टेलिंग डैम से विस्थापित लोगों की मूलभूत मांगों पर गंभीरता से विचार कर उनका शीघ्र समाधान किया जाए।

बचेली/बस्तर/नवप्रदेश। बस्तर की बेटियों पर किरंदुल में आज हुए बर्बर लाठीचार्ज की घटना के संबंध में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष अमित जोगी ने गहरा क्षोभ और आक्रोश व्यक्त किया है। यह घटना न केवल मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है, बल्कि सत्ता की संवेदनहीनता और कानून-व्यवस्था प्रबंधन की घोर विफलता का नंगा चेहरा भी है।

उन्होंने कहा शांतिपूर्ण रैली में टेलिंग डैम से विस्थापन, पुनर्वास, और पर्यावरणीय सुरक्षा जैसी संवैधानिक मांगों को लेकर एकत्र हुई निहत्थी महिलाओं पर सशस्त्र पुरुष सुरक्षा गार्डों द्वारा किया गया यह हमला राज्य सरकार की जन-विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। मौके पर महिला पुलिस की अनुपस्थिति, पर्याप्त बल का अभाव और संवेदनशीलता की पूर्ण कमी इस घटना को और भी अधिक घृणित बनाती है।

उन्होंने कहा इस हमले में महिलाओं की साड़ियाँ-ब्लाउज फटे, उनकी चूड़ियाँ टूटीं और कई महिलाओं को गंभीर शारीरिक चोटें आई हैं।

जोगी ने दृढ़ता से कहा, ÷बस्तर डरने वाला नहीं है और न ही झुकने वाला है। मैं और हमारी पार्टी, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), बस्तर की जनता–विशेषकर महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा–के लिए यह लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेंगे। यह संघर्ष रुकेगा नहीं, न्याय होकर रहेगा।÷

संभागीय अध्यक्ष नवनीत चाँद ने कहा निहत्थी महिलाओं पर लाठीचार्ज सरकार के महिला विरोधी मानसिकता को उजागर करता है, भाजपा सरकार गरीब, आदिवासी, महिलाओं की आवाज़ को दबाना चाहती है। लोकतांत्रिक तरीक़े से प्रदर्शन करने वाली महिलाओं के साथ लाठी चार्ज महिला अन्याय और अत्याचार का जीता जागता प्रमाण है। हम जनता से अपील करते हैं कि वे इस अमानवीय घटना के विरुद्ध आवाज बुलंद करें और न्याय की मांग के साथ हमारा साथ दें। इस प्रदर्शन के दौरान बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जें के पदाधिकारी के रूप में बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चाँद, बस्तर संभाग महामंत्री रामनाथ नेगी, दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष रेमो मरकामी, यूनियन अध्यक्ष लखमा कोराम, यूनियन सचिव खुर्शुराम मौर्य, आदि उपस्थित थे।

मतांतरित परिवार के मृत व्यक्ति के कफन दफन को लेकर बढ़ा विवाद

दोनों पक्षों में हुई जमकर मारपीट

अंतागढ़ आमाबेडा / नवप्रदेश।/ आमाबेडा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बडे तेवडा में बिते सोमवार को एक मतांतरित परिवार मे बुजुर्ग व्यक्ति का मृत्यु हो गया था जिसका कफ़न दफ़न गांव मे ही मंगलवार शुबह को मतांतरित समुदाय के द्वारा ईसाई धर्म के रिवाज़ अनुसार कर दिया किया गया,जैसे ही गांव के आदिवासी समुदाय को कफ़न दफ़न की जानकारी हुई समुदाय के लोग विरोध मे उतर गए,उनका कहना था कि उक्त मृत व्यक्ति का शरीर को कब्र से बाहर निकाल कर कहीं दुसरे जगह दफ़न किया जाए। इस बिच मंगलवार को दिन भर आदिवासी समुदाय एवं मतांतरित समुदाय आमने सामने रहे माहौल गर्म रहा। स्थानिय तहसीलदार सुधीर कुमार खलको एवं पुलिस प्रशासन की टिम भी मौके पर पहुंची हुई थी स्वम सुभम तिवारी एस डी ओ पी अंतागढ़ भी मौजुद रहे दिन भर दोनों पक्षों से चर्चा कर महौल को शांत करने का प्रयास पुलिस प्रशासन के द्वारा किया जाता रहा ताकि किसी तरह से बिच का रास्ता निकाल जा सके।मंगलवार देर शाम तक किसी तरह से बात नहीं बन पाई अंधेरा होते लोग अपने अपने घरों को चले गए।

वहीं दुसरे दिन बुधवार को शुबह मे क्षेत्र के सर्व समाज के लोग ग्राम तेवडा मे उपस्थित हुए एवं उग्र हो कर मृत व्यक्ति के दफ़न शरीर को कब्र से निकालने का प्रयास किए इस बिच पुलिस प्रशासन प्रशासन को भी काफी मशक्कत करनी पडी जिस तरह से इस दौरान घटना स्थल पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी वह परिस्थिति अनुसार बहुत कम थी शायद पुलिस प्रशासन को भी इस बात का अंदेशा नहीं रहा होगा यहां परिस्थिति इस तरह से अनियंत्रित भी हो सकती है ऐसे मे स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गया और दोनों समुदाय आपस मे टुट पडे खुब लाठी डंडे चले, कई लोग जख्मी हुए हैं जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आमाबेडा मे भर्ती किया गया है सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आमाबेडा से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो पक्षों के लग भग बारह लोगों को चोटे लगी हैं जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे किया जा रहा है जिसमे तीन लोगों के सर मे गंभीर चोट लगी है,मिली जानकारी के अनुसार सर्व समुदाय अध्यक्ष मनऊ गोटा एवं जिला पंचायत सदस्य गुप्तेश उसेंडी को भी चोटे लगी है जिला पंचायत सदस्य गुप्तेश उसेण्डी को प्राथमिकी उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है वहीं सर्व समुदाय अध्यक्ष मनऊ गोटा अस्पताल मे ही भर्ती हैं ।अभी भी गांव मे तनाव की स्तिथि बनी हुई है पुलिस प्रशासन के द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती गांव मे की गई है पुरा गांव पुलिस छावनी मे तब्दील हो गया है।

हिंसक झडप के बिच पुलिस की दरिया दिली- जहां बुधवार को दिन भर ग्राम तेवडा मे माहौल गर्म था लाठी डंडे चले उसके बाद पुलिस प्रशासन के द्वारा जवानों की संख्या भी बढा दिया गया फिर दोनों ही समुदाय के लोगों को अलग अलग करने मे पुलिस सफल हुई और दिन भर दोनो ही समुदाय अपने अपने ग्रुपो मे बैठे हुए थे इतने मे ही एक मतांतरित युवक लगभग ढाई बजे अपने समुह से बाहर निकला और दुसरे समुदाय के हत्थे आ गया था जिसे पुलिस थाना आमाबेडा के ए एस आई चन्द्रवंशी एवं प्रधान आरक्षक महेश नेताम ने अपने आपको भिड मे झोक कर बचा लिए और उसके समुह के ओर साकुशल पहुंचा दिए।

वैज्ञानिक पद्धति से बनी रेड्डी की लेबर बजट को ग्रामसभा की स्वीकृति, 1.95 करोड़ के 60 कार्य प्रस्तावित

बीजापुर / नवप्रदेश।/ वित्तीय वर्ष 2026-27 से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत सभी कार्य युक्तधारा पोर्टल पर अपलोड किए जाने हैं। इस पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक कार्य की कार्ययोजना, लागत, स्थान, प्रगति, भुगतान एवं प्रभावी परिणामों का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाएगा, जिससे जनभागीदारी, सामाजिक निगरानी और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।

इसी क्रम में विकासखंड बीजापुर की ग्राम पंचायत रेड्डी में वैज्ञानिक पद्धति अपनाते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से 60 कार्यों की लेबर बजट तैयार की गई। प्रस्तावित कार्ययोजना को ग्रामसभा में अनुमोदन के पश्चात युक्तधारा पोर्टल पर अपलोड किया गया।

ग्राम पंचायत रेड्डी के तकनीकी सहायक श्री तोरन लाल उर्वशा ने बताया कि जीआईएस तकनीक से लैस युक्तधारा पोर्टल में कार्यों को दो श्रेणियों- जियोस्पेशियली एनालाइजेबल वर्क्स और नॉन जियोस्पेशियली एनालाइजेबल वर्क्सकृमें शामिल किया गया है। जियोस्पेशियली एनालाइजेबल वर्क्स का उद्देश्य वाटरशेड प्रबंधन, जल संरक्षण, भूमि सुधार एवं पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ करते हुए टिकाऊ और स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण करना है। इस श्रेणी के अंतर्गत ग्राम पंचायत रेड्डी में कुल 30 कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नॉन जियोस्पेशियली एनालाइजेबल वर्क्स वे कार्य होते हैं, जिन्हें जीआईएस मैप पर सटीक लोकेशन के साथ मैप एवं विश्लेषित करना संभव नहीं होता।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान-100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- शासकीय लाहिड़ी पी.जी. कॉलेज, चिरमिरी में दी गई बाल संरक्षण कानूनों की जानकारी

एमसीबी/ नवप्रदेश। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज शासकीय लाहिड़ी पी.जी. कॉलेज, चिरमिरी में विधिक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के नेतृत्व में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिनियम के प्रावधानों, बाल विवाह के सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए इसे समाज के लिए एक गंभीर अपराध बताया गया।

इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य श्री राकेश महौत द्वारा किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी दी गई, वहीं बाल कल्याण समिति के सदस्य श्री वाचस्पति दुबे ने बाल कल्याण समिति की भूमिका, अधिकार एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया।

प्रधानमंत्री सड़क योजना में अनियमितता का आरोप

शिवसेना ने गुणवत्ता जांचने के लिए किया निरीक्षण, ठेकेदार को दी आंदोलन की चेतावनी

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। परवी से केवटी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे डामरीकरण रिनीवल कार्य में ठेकेदार द्वारा भारी अनियमितता बरती जाने का आरोप लगा है। निर्माण कार्य की खराब गुणवत्ता की शिकायत मिलने पर, शिवसेना के प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर सड़क का निरीक्षण किया।

मौके पर ठेकेदार के सुपरवाइजर को सख्त निर्देश

निरीक्षण के दौरान, शिवसेना कार्यकर्ताओं ने सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री और कार्यप्रणाली की बारीकी से जांच की। चंद्रमौली मिश्रा ने मौके पर मौजूद ठेकेदार के सुपरवाइजर को सख्त लहजे में निर्देश दिया कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता पूर्ण कराया जाए।

मिश्रा ने स्पष्ट कहा, ÷यदि सड़क निर्माण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पाई गई, तो तत्काल सड़क उखड़वा दी जाएगी। इसलिए, यह सुनिश्चित करें कि कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हो।

गुणवत्ता खराब होने पर आंदोलन की चेतावनी

शिवसेना प्रदेश महासचिव ने चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता के हित से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, ÷अगर ठेकेदार ने गुणवत्ता से समझौता किया और लापरवाही जारी रखी, तो शिवसेना उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।÷

स्थानीय निवासियों ने भी निर्माण कार्य की धीमी गति और खराब सामग्री के उपयोग पर चिंता व्यक्त की है, जिसके बाद शिवसेना ने यह कदम उठाया है।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार हेतु आवेदन आमंत्रण

बीजापुर। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ग्रामोद्योग द्वारा शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कुटरी उद्योग की स्थापना हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता हैं। जिसमें शासन द्वारा 35 प्रतिशत प्रतिशत अनुदान का लाभ दिया जाता है। अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 33 जिलों के माध्यम से आवेदन जमा कर योजना का लाभ लिया जा सकता हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सजून कार्यकम केन्द्र शासन की इस योजना के तहत शहरी एवं ग्रामीण अजा, अजजा अपिव, सामान्य वर्ग के लिए सेवा क्षेत्र सायकल रिपेयरिंग, मोबाईल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रानिक, इलेक्ट्रिक रिपेयरिंग, ब्यूटी पार्लर, फोटोकापी, वीडियोग्राफी इत्यादि के लिए 20.00 लाख एवं विनिर्माण क्षेत्र दोना पत्तल निर्माण, फेबिकेशन, दूध डयेरी प्रोडक्ट, साबुन निर्माण, मसाला निर्माण, दलिया निर्माण पशुचारा निर्माण, फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण नूडल्स निर्माण इत्यादि के लिए 50.00 लाख तक का लोन (ऋण) बैंक के माध्यम से प्रदाय किया जाता हैं।

पेज 1 का शेष

छत्तीसगढ़ में आवास व...

कराना है। यह योजना चार घटकों–साझेदारी में किफायती आवास, लाभार्थी-नेतृत्वित निर्माण, स्थल पर झुग्गी पुनर्विकास और क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना–के माध्यम से लागू की जा रही है।

कैग की जांच में बिलासपुर, रायपुर और कोरबा नगर निगम तथा प्रेमनगर नगर पंचायत सहित चार नगरीय निकायों में यह पाया गया कि 3 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले 71 अपात्र लाभार्थियों को लाभार्थी-नेतृत्वित निर्माण और साझेदारी में किफायती आवास घटकों के अंतर्गत मकान आवंटित किए गए। इसके अलावा, 250 लाभार्थियों को 4.05 करोड़ की सहायता राशि भूमि स्वामित्व सुनिश्चित किए बिना जारी कर दी गई।

ऑडिट में यह भी सामने आया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के प्रबंधन सूचना तंत्र आपस में जुड़े न होने के कारण 99 लाभार्थियों ने दोनों योजनाओं का लाभ उठाया। इसके अतिरिक्त, 35 ऐसे लाभार्थी भी पाए गए जिन्होंने पहले एकीकृत आवास एवं झुग्गी विकास कार्यक्रम के तहत लाभ लेने के बावजूद योजना के लाभार्थी-नेतृत्वित निर्माण घटक के अंतर्गत पुनः सहायता प्राप्त की।

महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर के बावजूद, 2016-17 से 2023-24 के बीच केवल 50 प्रतिशत मकान ही महिला लाभार्थियों के नाम पर स्वीकृत किए गए, जो योजना के उद्देश्यों से कम है। निगरानी व्यवस्था में भी गंभीर खामियां पाई गईं, जिनमें गलत जियो-टैगिंग, अन्य लाभार्थियों के मकानों की तस्वीरों का उपयोग और सामाजिक ऑडिट में देरी शामिल है।

गुजरात की तरह ...

इंफ्रास्ट्रचर बनाया है। यह लोगों तक सरकारी सेवाओं की पहुंचने के तरीके में बदलाव लेकर आया है। आज भारत में लगभग हर आदमी पेमेंट, पहचान, सरकारी सुविधा के लिए डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है। दुनिया के आधे से ज्यादा डिजिटल पेमेंट भारत में हो रहे हैं।

मोदी ने सर्वोच्च सम्मान से ...

नए अवसर पैदा करने के लिए इथियोपिया के साथ सहयोग को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दोनों देशों के बीच समझौतों को भारत और इथियोपिया के बीच लंबे समय से चली आ रही और भरोसेमंद साझेदारी में महत्वपूर्ण कदम बताया।

मोदी ने एआई इम्पैक्ट...

इथियोपियाई संसद को संबोधित किया तो उनका स्वागत सांसदों ने ताली बजाते हुए गर्मजोशी से किया। इस दौरान, प्रधानमंत्री ने इथियोपियाई संसद के स्पीकर और देश के कई सीनियर नेताओं के साथ बातचीत भी की।

'बंद कीजिए नौ ...

के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों की जांच करने और उनके खातों में पैसे भेजने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों को वैकल्पिक काम उपलब्ध कराने पर विचार करने को कहा। दिल्ली सरकार ने दलील दी कि 2.5 लाख निर्माण श्रमिकों में से 7,000 का सत्यापन हो चुका है और उनके खातों में धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि श्रमिकों के खातों में स्थानांतरित किया गया पैसा गायब नहीं होना चाहिए, न किसी अन्य खाते में चला जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान दिल्ली के कई टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम के चलते होने वाले प्रदूषण का भी मुद्दा उठा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की ओर से क्यों नहीं कहा जाता है कि जनवरी तक कोई टोल प्लाजा नहीं रहेंगे। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कल को दिल्ली सरकार कनॉट प्लेस में टोल प्लाजा बना देगी, क्योंकि उसे पैसे चाहिए। सीजेआई ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाए। उन्होंने इस पर फैसला लेने के लिए एक हफ्ते की समयसीमा भी तय की।

पूर्व सीएम बोले- केंद्रीय एजेंसियों ...

व्यवहार की निंदा करते हुए कहा कि लोकहित से जुड़े विषयों पर सदन की कार्यवाही को बाधित करना निंदनीय है। स्पीकर ने कहा कि विपक्षी सदस्य सदन की कार्यवाही और संसदीय परंपराओं के जानकार हैं, इसके बावजूद उनका यह आचरण अमर्यादित है। उन्होंने कहा कि आगे ऐसा व्यवहार न दोहराया जाए, यह अब विपक्षी सदस्यों के विवेक पर छोड़ते हैं।

कांग्रेस का यह पॉलिटिकल स्टंट - किरण सिंह

मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा- कांग्रेस का यह पॉलिटिकल स्टंट है। न्यायालय ने पूरे मामले को संज्ञान में लिया है, नेशनल हेराल्ड का मामला अभी खत्म नहीं हुआ है। न्यायालय न्यायसंगत कार्रवाई करेगा।

पक्ष और विपक्ष में ...

और गरमा गए जब सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। विपक्ष की ओर से सत्यमेव जयते के नारे लगाए गए, जबकि सत्ता पक्ष ने वंदे मातरम के नारे लगाकर जवाब दिया।

न्यूज गैलरी

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत लाहिड़ी पीजी कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम

चिरमिरी/नवप्रदेश। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत शासकीय लाहिड़ी पी.जी. कॉलेज, चिरमिरी में विधिक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला गया। किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य राकेश महौत ने किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी दी, वहीं बाल कल्याण समिति के सदस्य वाचस्पति दुबे ने समिति की भूमिका एवं कार्यप्रणाली को स्पष्ट किया। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, आउटरीच वर्कर, महाविद्यालयीन शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी को बाल विवाह न करने एवं रोकने की शपथ दिलाई गई। यह आयोजन बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

जिला वन अधिकार प्रकोष्ठ में समन्वयक पदों पर नियुक्ति, आवेदन प्रक्रिया शुरू

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर/नवप्रदेश। अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के उद्देश्य से कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) द्वारा जिला वन अधिकार प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय समन्वयक (वन अधिकार अधिनियम) के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। यह नियुक्ति पूर्णतः अशासकीय एवं अस्थायी होगी, जिसकी अवधि एक वर्ष निर्धारित की गई है। जारी सूचना के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को 30,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 26 दिसंबर 2025 को शाम 5.30 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची 30 दिसंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी। दावा-आपत्ति की प्रक्रिया 3 जनवरी 2026 तक चलेगी। साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा 7 से 10 जनवरी 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। अंतिम मेरिट एवं चयन सूची 16 जनवरी 2026 को जारी होगी।

बैंक खातों को चालू-बंद करने शिविर कल

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला कोषालय अधिकारी श्री डी.पी. सोनी ने बताया है कि जिले में विभिन्न विभागों के द्वारा बैंकों में संचालित खाता जो अभी की स्थिति में इनऑपरेटीव एवं शासकीय बैंक खातों को चालू-बंद करने हेतु शिविर का अयोजन किया गया है।

जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा, प्रगति लाने के निर्देश

पारदर्शी धान खरीदी शासन की प्राथमिकता, कोचियों पर करें कड़ी कार्रवाई: कलेक्टर

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं सहित धान खरीदी, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर प्रगति लाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने धान उपार्जन, उठाव व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता सहित सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारी संयुक्त रूप से अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें।

कलेक्टर ने अवैध धान के परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी निगरानी रखने तथा अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों में भी सतर्क निगरानी रखे और अवैध धान खपाने वाले कोचियों व बिचौलियों पर विशेष नजर रखते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान की आवाजाही रोकने हेतु चेकपोस्ट पर सघन निगरानी रखने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे

नियमित रूप से धान खरीदी केंद्रों का भ्रमण कर सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि खरीदी व्यवस्था पूर्ण रूप से सुचारू और पारदर्शी रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी खरीदी केंद्र में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री कटारा ने राजस्व संबंधी प्रकरणों, भू-अर्जन मुआवजा राशि से जुड़े मामलों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि लोक सेवा केंद्र, समय-सीमा के प्रकरण, पीजी पोर्टल, जनशिकायत में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा के भीतर और पूर्ण पारदर्शिता के साथ निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे नियमित रूप से स्थल का निरीक्षण करें तथा कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करें।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की विकासखंडवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवास योजना की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पीएम जनमन, प्रधानमंत्री आवास शहरी की समीक्षा भी की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देते हुए निर्माणाधीन आवासों में प्रगति लाने के निर्देश दिए, साथ ही अप्रारंभ आवासों को शीघ्र शुरू करने की बात कही। कलेक्टर श्री कटारा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए एमएमयू के माध्यम से स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप कार्ड निर्माण, वितरण प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के सभी पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिल सके। बैठक में मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।

सेतगंगा और लालपुर में गुरुघासीदास जयंती आयोजन की तैयारियों का जायजा

गुरुघासीदास जयंती पर सीएम आगमन को लेकर कलेक्टर व एसपी ने स्थल का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। गुरूघासीदास जयंती 18 दिसंबर को मुंगेली विकासखण्ड के सेतगंगा एवं लालपुर थाना में मुख्यमंत्री के संभावित आगमन लेकर कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने निर्धारित समय से पूर्व कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां मेला आयोजकों से मुलाकात कर तैयारियों की जानकारी ली तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को शीघ्र और प्राथमिकता से पूर्ण करने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कलेक्टर ने पानी, बिजली, बैठक व्यवस्था, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पार्किंग, हेलीपेड और भीड़ प्रबंधन जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित मानक के अनुसार जल्द दुरुस्त किया जाए। उन्होंने हेलीपैड क्षेत्र का भी निरीक्षण किया और वहां पहुंच मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की गरिमा को ध्यान में रखते हुए कोई भी व्यवस्था अधूरी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम का आयोजन सफल, सुव्यवस्थित और गरिमापूर्ण बनाने हेतु सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ आवश्यक व्यवस्थाएँ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा, वाहन सहित कानून व्यवस्था, ट्रैफिक रूट चार्ट आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आमजनों की सुनी समस्याएं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट में आज जनदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनदर्शन में जिले के ग्राम धरमपुरा के पूनम निर्मलकर ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचलय निर्माण कराने, ग्राम चंदली के स्वारथ लाल साहू ने दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम सोढ़ार के ग्रामीणों ने स्वच्छ पेयजल दिलाने, ग्राम भीमपुरी के छबिला रात्रे ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। इसी तरह ग्राम हरियरपुर के नरेन्द्र गेंदले ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने, ग्राम नुनियाकछार के राजेश निषाद ने भूमि का रकबा सुधार कराने, ग्राम सारधा के दिर्नेश राजपूत ने नामांतरण कराने, ग्राम बोईरपारा की बिपती बाई ने अपने राशनकार्ड का केवायसी कराने, ग्राम खैरवार बै. के ग्रामीणों ने ग्राम में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, ग्राम लपटी के शत्रुहन यादव ने नया ऋण पुस्तिका बनवाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। एडीएम ने प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार निराकरण के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान अपर कलेक्टर जी.एल.यादव, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा एवं श्रीमती सारिका मित्तल सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में सार्वजनिक शौचालय की मांग, कलेक्टर को सौंपा आवेदन

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह परिसर में सार्वजनिक शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। आवेदन में बताया गया है कि मनेन्द्रगढ़ स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में वर्तमान में एक भी सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध नहीं है। इस कारण वहां ठहरने वाले शासकीय एवं अशासकीय अतिथियों, आगंतुकों तथा कर्मचारियों को खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ता है। इससे न केवल स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि मानवीय गरिमा और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में नियमित रूप से विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अन्य अतिथि ठहरते हैं। ऐसे में बुनियादी सुविधा का अभाव शासन की स्वच्छता संबंधी मंशा के विपरीत है। सौरव मिश्रा ने कलेक्टर से मांग की है कि विश्राम गृह परिसर में कम से कम एक सार्वजनिक शौचालय के

निर्माण अथवा स्वीकृति प्रदान की जाए, जिससे आमजन, आगंतुकों और कर्मचारियों को सुविधा मिल सके तथा स्वच्छता सुनिश्चित हो।

दो स्थानों पर हैंडपंप खनन की मांग

नगर क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या को देखते हुए दो प्रमुख स्थानों पर हैंडपंप खनन की मांग उठाई गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने इस संबंध में कलेक्टर को आवेदन सौंपकर जनहित में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि थाना परिसर, मनेन्द्रगढ़ में आम नागरिकों, आगंतुकों एवं कर्मचारियों के लिए शुद्ध पेयजल की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है, जिससे लोगों को नियमित रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं अहमद कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 20 (अशोक सिंह के घर के पास) क्षेत्र में भी पेयजल की समुचित सुविधा के अभाव में स्थानीय निवासी परेशान हैं। सौरव मिश्रा ने कहा कि दोनों स्थानों पर हैंडपंप खनन कराए जाने से बड़ी संख्या में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा और जल संकट से राहत मिलेगी। उन्होंने प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है।

सौर ऊर्जा से रोशन हो रहा देवंती का घर

बलरामपुर/नवप्रदेश। विकासखण्ड राजपुर के ग्राम झींगों के रहने वाली देवंती गुप्ता ने अपने घर पर प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित किया है, जिससे न केवल उनके बिजली खर्च में कमी आई है बल्कि पर्यावरण संरक्षण के दिशा में भी उन्होंने सकारात्मक पहल किया है। देवंती गुप्ता बताती हैं कि हर महीने बिजली का बिल काफी अधिक आता था जिससे घरेलू बजट प्रभावित होता था। इसी दौरान उन्हें पीएम सूर्य घर योजना के बारे में जानकारी मिली कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा योजना के माध्यम से सब्सिडी प्रदान की जाती है और प्लांट स्थापना में भी विभागीय टीम घर पर आकर सहायता करती है।

मादा भालू का फॉरेस्ट रेस्ट हाउस के पास सफल रेस्क्यू

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़ में मादा भालू और उसके दो शावकों का विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम की सहायता से सफल रेस्क्यू किया गया। शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में भालू की लगातार मौजूदगी से नागरिकों में दहशत का माहौल बना हुआ था। वन विभाग द्वारा गठित विशेष टीम ने डॉ अजीत पांडे (एलीफेंट रेस्क्यू सेंटर)एवं डॉ पी.के. चन्दन (कानन पिंडारी जू,बिलासपुर) के सहयोग से रेस्क्यू अभियान चलाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो शावकों को हसदेव इन होटल के बगल में मध्यरात्रि के समय पकड़ा गया। रेस्क्यू के दौरान शावकों को पहले विवेकानंद कॉलेज के मैदान में लाया गया। बाद में उन्हें डीएफओ कार्यालय के पीछे फॉरेस्ट रेस्ट हाउस

जाने वाले मार्ग पर पिंजरे में सुरक्षित रखा गया इसी दौरान शावकों की आवाज सुनकर मादा भालू मौके पर पहुंच गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने तत्काल चिकित्सकीय टीम को सक्रिय किया और पूरी सतर्कता व सुरक्षा व्यवस्था के बीच मादा भालू को बेहोश कर सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू अभियान के दौरान वन विभाग का अमला पूरी तरह तैनात रहा। अधिकारियों के अनुसार मादा भालू और दोनों शावक पूरी तरह सुरक्षित हैं, किसी को कोई चोट नहीं आई है। प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़े जाने की प्रक्रिया की गई। इस दौरान आसपास के इलाके में एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई थी। वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वन्य प्राणियों के दिखाई देने पर स्वयं नजदीक न जाएं, तुरंत विभाग को सूचना दें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें, ताकि भविष्य में भी इस तरह के रेस्क्यू अभियान सुरक्षित रूप से संपन्न किए जा सकें।

सशक्त बेटियां, सुरक्षित बचपन: लालपुर में बाल अधिकार चेतना अभियान

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत ग्राम लालपुर में बाल अधिकारों पर केंद्रित एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों के प्रति सामाजिक चेतना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान लिंग आधारित हिंसा जैसे गंभीर विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने इसके सामाजिक कारणों, दुष्परिणामों और रोकथाम

के उपायों पर प्रकाश डालते हुए परिवार और समाज की सामूहिक भूमिका को रेखांकित किया। महिलाओं और बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों एवं संरक्षण की जानकारी दी गई, जिससे वे आत्मनिर्भर होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग बन सकें। कार्यक्रम में बाल विवाह उन्मूलन पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थितजनों को बाल विवाह न करने एवं रोकने की शपथ दिलाई गई। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं–बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाइन 181, सखी वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा अधिनियम, पोक्सो अधिनियम तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098–की जानकारी दी गई। यह आयोजन सुरक्षित और सशक्त समाज की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ।

योजना

स्वास्थ्य विभाग की पहल से समय पर इलाज, चिरायु योजना ने बचाई मासूम की ज़िंदगी

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नवजात को मिली नई मुस्कान

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु योजना बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत ग्राम हथनीकला के 03 माह के नन्हें शिवम यादव के कटे-फटे होंठ का निःशुल्क सफल ऑपरेशन कराया गया।

चिरायु दल द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान शिवम यादव में जन्मजात कटे-फटे होंठ की पहचान की गई। इसके पश्चात चिरायु दल ने शिवम के पिता मुकेश यादव को ऑपरेशन एवं उपचार की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। परिजनों की सहमति प्राप्त होने के बाद बच्चे को उपचार हेतु बिलासपुर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन की सलाह दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में निर्धारित तिथि पर शिवम यादव को अस्पताल में भर्ती कर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कटे-फटे होंठ का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन पूर्णतः सुरक्षित एवं सफल रहा, जिससे शिवम यादव को एक नई

मुस्कान मिली और परिजनों के चेहरे पर भी खुशी लौट आई। इस निःशुल्क उपचार को लेकर परिजनों ने शासन, स्वास्थ्य विभाग एवं चिरायु दल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चिरायु योजना उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। महंगे इलाज की चिंता से मुक्त होकर उनके बच्चे को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो सकी।

उपचार प्रक्रिया में चिरायु नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित लाल, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक निमिष मिश्रा, डॉ. अखिलेश बंजारे एवं चिरायु टीम के डॉ. ज्योति पाण्डेय, डॉ. शैलेन्द्र बासंती शामिल रहे।

श्री सिद्ध हनुमान मंदिर 135 वीं महाआरती में पंडित शर्मा हुए शामिल

सक्ती/नवप्रदेश। श्री सिद्ध हनुमान मंदिर शक्ति की महाआरती में पंडित राकेश शर्मा प्रसिद्ध भजन गायक (रायगढ़) ने हनुमान परिवार के सदस्यों के साथ 51 दीपों की महाआरती हनुमान लला को समर्पित किया तो वहीं प्रेमलता, आंचल, शकुंतला के साथ नारी शक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। आज पंडित राकेश वैष्णव ने कहा कि बजरंगबली की विशेष कृपा से हनुमान लला की महाआरती में सपरिवार शामिल होने का अवसर मिला है, इस हेतु हनुमान मंदिर परिवार को धन्यवाद देता हूं। उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल

ने कहा कि नई पीढ़ी का महाआरती के प्रति लगाव सनातन संस्कृति के लिए शुभ संदेश है। इस अवसर पर पुजारी ओमप्रकाश वैष्णव ने हनुमान लला का श्रृंगार पूजन के साथ आरती संपन्न कराया तो वहीं पप्पू खर्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया। सुबह का श्रृंगार- अथर्व अग्रवाल तथा शाम का श्रृंगारद्धसहस अग्रवाल के द्वारा कराया गया।

न्यूज गैलरी

वार्डवासियों की समस्याओं का निराकरण करने 19 से 24 तक 5 स्थानों पर शिविर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर निगम सीमांतर्गत दिनांक 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2025 तक 51 वार्डो के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के सफल आयोजन के लिए निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारियो व कर्मचारियो को दायित्व सौपा है। शिविर के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे एवं सहायक नोडल अधिकारी प्र. कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम को नियुक्त किया गया है।

महापौर मधुसूदन यादव ने शिविर के संबध में बताया कि भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म दिवस सुशासन तिहार के रूप में मनाया जाना है। सुशासन तिहार के तहत वार्डवासियों की समस्याओं का निराकरण करने वार्डो में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के अलावा मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई तथा निर्माण संबंधी समस्या का निराकरण किया जाएगा। शिविर में राजस्व संबंधी संपत्तिकर, जलकर, समेकितकर एवं दुकान किराया के बकाया कर भी लिया जावेगा।

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि 19 दिसम्बर शुक्रवार को वार्ड नं. 1 से 13 तक के लिए मोतीपुर स्कूल में, 22 दिसम्बर सोमवार को वार्ड नं. 14 से 21 तक के लिए ठाकुर प्यारेलाल स्कूल में एवं 22 दिसम्बर को ही वार्ड नं. 22 से 30 तक व वार्ड नं. 38,39 व 40 के लिए गांधी सभागृह में शिविर आयोजित किया गया है। इसी प्रकार 23 दिसम्बर मंगलवार को वार्ड नं. 31 से 37 तक के लिए उ.मा.शाला लखोली में तथा 24 दिसम्बर बुधवार को वार्ड नं. 41 से 51 तक के लिए मोहारा स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है। महापौर श्री यादव ने समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

पदोन्नति के उपरांत स्थानांतरित होने पर खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू को दी गई विदाई

बालोद/नवप्रदेश। जिला खनिज अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी साहू के उप संचालक के पद पर पदोन्नत होने के उपरांत संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म विभाग इंद्रावती भवन नया रायपुर में स्थानांतरण होने पर जिला प्रशासन की ओर से विदाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, नूतन कंवर, अजय किशोर लकरा सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने मीनाक्षी साहू के कार्यों एवं व्यवहारों की भूरी-भूरी सराहना की। अधिकारियों ने खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू के उप संचालक के पद पर पदोन्नति के उपरांत संचालनालय में पदस्थापना होने पर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने मीनाक्षी साहू के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि साहू के पदस्थापना के दौरान जिले में शत प्रतिशत राजस्व वसूली के अलावा अन्य महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं।

धान विक्रय प्रक्रिया हुई सरल

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तूहर टोकन ऐप को अब 24म7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे।

पिछड़ी जनजाति के लिए चलाए जा रहे पीएम जनमन योजनाओं के का प्रभावी क्रियान्वयन हो

■ लंबित प्रकरणों को त्वरित निराकरण करें

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभागवार कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं सहित जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए चलाए जा रहे प्रधानमंत्री जनमन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रगति के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर आर.बी. देवांगन, सर्व एसडीएम सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर वर्मा ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर लाभान्वित हितग्राहियों का विस्तृत सत्यापन तथा संबंधित बैंकों के माध्यम से ई-केवायसी की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों की जानकारी का शत-प्रतिशत, सटीक एवं समयबद्ध तरीके से प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अपडेट में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, ताकि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र भूमिहीन कृषि मजदूर तक बिना किसी बाधा के पहुंचे और कोई भी हितग्राही लाभ से वंचित न रह जाए।

कलेक्टर वर्मा ने जिले में प्रस्तावित विद्युत सब-स्टेशनों के संबंध में विद्युत विभाग से कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से अब तक हुए कार्य, शेष प्रक्रियाओं तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर सब-स्टेशन निर्माण के लिए सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण हो चुकी हैं, वहां स्थल को स्पष्ट रूप से चिन्हित कर शीघ्र आगे की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। उन्होंने संबंधित विभाग को सभी लंबित प्रक्रियाओं को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा में सब-स्टेशनों का निर्माण पूरा होना आवश्यक है, ताकि जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके।

कलेक्टर वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में चल रहे आवास निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से बारी-बारी से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में पीएम आवास निर्माण को बड़े पैमाने पर स्वीकृति प्राप्त हुई है और शासन की मंशा के अनुरूप सभी स्वीकृत आवासों का निर्माण तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने ब्लॉकवार आवास निर्माण की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन आवासों की स्वीकृति हो चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें अविलंब प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने नियमित निगरानी कर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर वर्मा ने जिला शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सभी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए, ताकि छात्रों को शैक्षणिक योजनाओं एवं डिजिटल सुविधाओं का समय पर लाभ मिल सके।

564 करोड़ 17 लाख 37 हजार 867 रूपये से अधिक का किया गया भुगतान

जिले में अब तक 53 हजार 785 किसानों से 23 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई

■ समय पर राशि की भुगतान होने से किसान हुए प्रसन्नचित

बालोद/नवप्रदेश। राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत बालोद जिले में धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक जारी है। जिसके अंतर्गत जिले में अब तक 53 हजार 785 किसानों से 23 लाख 75 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी कर 564 करोड़ 17 लाख 37 हजार 867 रूपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चूका है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु नोडल अधिकारियों द्वारा अपने-अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान खरीदी कार्य का सतत मॉनिटरिंग कर रहे है। इसके साथ ही धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित की गई है। इसके अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री हेतु पहुँचने वाले किसानों की

सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उनके लिए शुद्ध पेजयल, छांव, बैठक इत्यादि के अलावा शौचालय आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा खाद्य, सहकारिता एवं संबंधित विभाग के अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर कार्य की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अपनी धान की बिक्री के उपरांत 72 घंटे में किसानों के खाते में राशि जमा हो जाने से किसानों में सर्वस्व व्याप्त है। शासन की इस व्यवस्था की सराहना करते हुए बालोद विकासखण्ड के ग्राम चिरईगोड़ी के किसान श्री सुरेन्द्र कुमार साहू ने शासन की इस व्यवस्था की भूरी-भूरी सराहना की है। किसान सुरेन्द्र साहू ने कहा कि उन्होंने 05 दिसंबर को धान खरीदी केन्द्र करहीभदर में पहुँचकर 06 क्विंटल 40 किलो धान की बिक्री है। उन्होंने कहा कि धान बिक्री के 72 घण्टे के उपरांत उनके खाते में बिक्री किए गए धान की राशि अंतरित हो गया। इसी तरह शासन की इस व्यवस्था का बालोद जिला विकासखण्ड के ग्राम जगतरा के किसान श्री सुरेश, ग्राम चिरईगोड़ी के किसान श्री गेंदूसाहू, कुमार साहू सहित अन्य किसानों ने भी की है।

जिला प्रशासन द्वारा धान के अवैध खरीदी बिक्री के रोकथाम हेतु की जा रही है निरंतर कार्रवाई

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा बालोद जिले में धान के अवैध खरीदी बिक्री के रोकथाम हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिससे कि राज्य शासन के मंशानुरूप बालोद जिले में केवल वास्तविक एवं पात्र कृषकों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही कोचियों, व्यापारी एवं अवैध धान विक्रेताओं की धान की खरीदी बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। इसके अंतर्गत आज 16 दिसंबर तक कृषि उपज मण्डी सहित राजस्व, खाद्य एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा बालोद जिले में 01 करोड़ 07 लाख 50 हजार 840 रूपये की राशि के 05 हजार 431.48 क्विंटल से अधिक धान जब्त की कार्रवाई की गई है।

कृषि विज्ञान केंद्र में दो दिवसीय मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

कवर्धा/नवप्रदेश। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रायपुर तथा कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा के संयुक्त तत्वावधान में रबी 2025-26 के लिए दो दिवसीय मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 12 एवं 13 दिसंबर 2025 को कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा, जिला कबीरधाम में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के लगभग 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें मुख्य रूप से प्रगतिशील किसान, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के सदस्य, किसान मित्र, कृषि सखी एवं महिला स्व-सहायता समूहों की किसान महिलाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रीता सिंगारे, वनस्पति संरक्षण अधिकारी (की.वि.) एवं डॉ. बी.पी. त्रिपाठी, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. रीता सिंगारे द्वारा धान एवं सब्जी फसलों में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों के लक्षण, उनकी पहचान तथा एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन तकनीकों के माध्यम से प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को इन तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। डॉ. बी.पी. त्रिपाठी ने गन्ना एवं चना फसल में लगने वाले कीट एवं रोगों की पहचान तथा उनके प्रभावी प्रबंधन की जानकारी प्रदान की। वहीं डॉ. आशीष जायसवाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक (पौध संरक्षण) ने बीजोपचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मक्का फसल में लगने वाले विभिन्न कीट एवं रोगों के लक्षण एवं उनके प्रबंधन के उपाय बताए।

शिकारियों ने जंगल में विद्युत करंट लगाकर किया बाइसन का शिकार

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा जिले के भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र से वन्य प्राणी शिकार का एक बेहद गंभीर मामला निकलकर सामने आया है। बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम धवईपानी बिट के क्षेत्र में शिकारियों द्वारा करंट लगाकर दो दुर्लभ इंडियन बाइसन (गौर) का शिकार किया गया है। इस घटना से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। मिल रही जानकारी के अनुसार, शिकारियों ने जंगल में अवैध रूप से विद्युत करंट फैलाकर बाइसन को निशाना बनाया। करंट की चपेट में आने से दोनों बाइसन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन मंडल अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी गई।वन विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को भी जांच में लगाया है। प्रारंभिक जांच के आधार पर दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि यह एक संगठित शिकार गिरोह का मामला हो सकता है।गौरतलब है कि पिछले दो महीनों में चार बाइसन की मौत हो चुकी है, जिससे वन विभाग की कार्यप्रणाली और वन्य प्राणी सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद अभ्यारण क्षेत्र में शिकार की घटनाएं रुक नहीं पा रही हैं।

वन्य जीव प्रेमियों और पर्यावरण संगठनों में इस घटना को लेकर भारी रोष है। विशेषज्ञों का कहना है कि इंडियन बाइसन जैसे संरक्षित और दुर्लभ वन्य प्राणी का शिकार जैव विविधता बडा खतरा बन सकता है।

3100 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदी से किसानों की आय में वृद्धि

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी होने से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सही मूल्य मिलने से किसान अब खेती को सम्मानजनक और लाभकारी व्यवसाय के रूप में देख रहे हैं। धान की उचित कीमत और सुगम खरीदी व्यवस्था के चलते किसान कृषि कार्यों में पहले से अधिक रुचि दिखा रहे हैं और पूरे उत्साह के साथ खेती कर रहे हैं।

इसी सकारात्मक बदलाव का अनुभव ग्राम बिजाई के किसान श्री महेश कुमार कोशले ने भी किया है। वे बताते हैं कि इस बार धान जल्दी और आसानी से बिक जाने से उन्हें काफी समय मिल गया है। अब वे शेष समय में मजदूरी एवं अन्य कार्य कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। छोटे किसानों के लिए यह व्यवस्था विशेष रूप से लाभकारी साबित हो रही है।श्री महेश कुमार कोशले ने बताया कि इस वर्ष धान बेचने की प्रक्रिया बेहद आसान रही। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था के माध्यम से उन्हें घर बैठे ही टोकन मिल गया। धान खरीदी केंद्र में बारदाना, तौल और समुचित प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था होने के कारण उनका 18.40 क्विंटल धान बिना किसी परेशानी के खरीदा गया। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, समयबद्ध और किसान-हितैषी रही।

अवैध धान भंडारण पर सख्त कार्रवाई, तहसील रेंगाखार में 6 प्रकरणों में 293 क्विंटल धान जब्त

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में अवैध धान भंडारण एवं अवैध परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर द्वारा जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अवैध धान भंडारण, कोचियों एवं बिचौलियों के विरुद्ध नियमित जांच कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में आज तहसील रेंगाखार अंतर्गत राजस्व विभाग, मंडी समिति एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान 6 अलग-अलग प्रकरणों में कोचियों द्वारा अवैध रूप से संग्रहित कुल 293 क्विंटल धान जप्त किया गया। जप्त किए गए धान के संबंध में संबंधित व्यक्तियों द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके चलते मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई।

खेमेश्वरी बनी प्रदेश की पहली उत्कृष्ट बैंक सखी

■ सलाना 2 करोड़ का ट्रांजेक्शन

जीवन एस साहू,गरियाबंद

गरियाबंद/नवप्रदेश। दहेज के लिए त्याग दी गई खेमेश्वरी सैकड़ों परिवार को आसानी से नगद उपलब्ध करा बन गई बैंक वाली दीदी। गरीबी को जितने की ठानी और बन गई प्रदेश की पहली उत्कृष्ट बैंक सखी जो सलाना 2 करोड़ का ट्रांजेक्शन करती है। सलाना ढाई लाख से ज्यादा इनकम करने वाली लखपति दीदी की सूची में भी नाम है शामिल,परिवार में सबसे ज्यादा कमाने वाली सदस्य भी बन गई।

राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद आजीविका के लिए बीसी सेंटर चलाने वाली मैनपुर

ब्लॉक के धुरुवागुडी की खेमेश्वरी तिवारी प्रदेश की सबसे ज्यादा ट्रांजेक्शन कराने वाली बैंक सखी बन गई है।अमलीपदर कलस्टर की पीआरपी निधि साहू बताते हैं कि खेमेश्वरी को 2019 में आजीविका मिशन से जोड़ा गया,इसी साल शुरुआती प्रशिक्षण देने के बाद बीसी सेंटर की आईडी के साथ ही आजीविका मिशन से 60 हजार का लोन दिया गया।शुरू के दो साल मायूस थी।मेहनत लगन जारी रहा और फिर बीते दो वित्तीय वर्ष में लगभग प्रति वर्ष 2 करोड़ ट्रांजेक्शन करने वाली दीदी बन गई।महेश्वरी ने बताया कि प्रति माह अधिकतम 1200 हितग्राहियों को 20 से 25 लाख केस देती है,वृद्धा पेंशन,किसान समृद्धि,जीवन ज्योति,तेंदूपत्ता संग्राहक,छात्रवृत्ति समेत 12 योजनाओं से जुड़े ग्रामीण हितग्राहियों के माइक्रो एटीएम के जरिए आधार कार्ड और फिंगर प्रिंट स्कैन के जरिए यह भुगतान किया जाता है ।इससे उसकी मासिक आय 20 हजार तक हो जाती है।बिहान योजना के जिला अधिकारी रमेश वर्मा बताते है कि जिले में 96 बीसी सेंटर हैं।प्रदेश में इसकी संख्या 3500 से ज्यादा है।इनमें से सर्वाधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने वाली बीसी सखी खेमेश्वरी है,वर्ष 2024 में 1.80 करोड़ और वर्ष 2025में 2 करोड़ ट्रांजेक्शन कर प्रदेश की उत्कृष्ट बीसी सखी का खिताब भी हासिल किया है। गरीबी के चलते पिता दहेज नहीं दे पाई,ससुराल छोड़ दिया,अब कई बेसहारा का सहारा बनीड्ड धूरवागुड़ी में गरीब परिवार में जन्मी खेमेंश्वरी का विवाह 2017 में हुआ था।दहेज की पूर्ति नहीं कर पाई।प्रताड़ित होती रही फिर ससुराल छोड़ माइके में आ गई।घर में दो छोटी बहन भाई और माता पिता के साथ रह रही है।तंगी के चलते उसने आजीविका मिशन से जुड़ने की ठान लिया।

पीआरपी निधि साहू का मदद मिला।2019 में बैंक सखी बनाई गई।शुरुवात में मायूस थी।पर कोरोना काल में लोक डाउन हुआ तो सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़े ग्रामीण और वनांचल के हितग्राहियों के लिए खेमेश्वरी बैंक का विकल्प बन कर बैंक वाली दीदी बन गई।यहां से जरूरत मंद लोग जुड़ते गए।आज भी अब खेमेश्वरी के सेंटर में लोगों की भीड़ जुटती है।

आर.के.नगर से कमला कालेज तक लगे लगभग 60 अवैध विज्ञापन बोर्ड निगम की टीम ने हटाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवाल, छत पर लगे होर्डिग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बेनर-पोस्टर, फ्लाई ओव्हर के पिल्हर में विज्ञापन बिना अनुमति के लगाया गया है, जिसे नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम की टीम हटाने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज आर.के. नगर से कमला कालेज तक लगे लगभग 60 पोस्टर व छोटे विज्ञापन बोर्ड निगम टीम ने हटाई।निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवाल एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फ्लाई ओव्हर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है,जो कि छ0ग0 विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं छ0ग0 नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 248 एवं 434 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। इस संबंध में पूर्व में संबंधितों को अवैध बोर्ड हटाने कहा गया था, किन्तु कतिपय लोगों के द्वारा अवैध होर्डिग्स व बोर्ड नही हटाया गया। जिसे आज निगम की टीम ने कार्यवाही करते हुये आर.के. नगर से कमला कालेज लगभग 60 अवैध बोर्ड हटाया। उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। आयुक्त विश्वकर्मा ने सर्वसंबंधित विज्ञापन एजेंसी व संस्थाओ से कहा कि विज्ञापन बोर्ड लगाने नगर निगम से नियमानुसार विधिवत अनुमति एवं स्वीकृति ले लेवे। उन्होंने सर्वसंबंधित विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों एवं संबंधित व्यक्तियों को सूचित करते हुये कहा है कि निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के लगाये गए होर्डिंग्स बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन स्वेच्छा से हटा लेवें अन्यथा भविष्य में बिना किसी पूर्व सूचना के निगम सीमाक्षेत्रातंर्गत बिना अनुमति लगाये गये होर्डिंग्स बोर्ड/बैनर पोस्टर के लिए अर्थदंड अधिरोपित करते हुए बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन बोर्ड निगम द्वारा हटा/जब्त कर लिया जावेगा।

न्यूज गैलरी

विद्यालयों का बीआरसीसी अशोक यादव ने किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। संकुल केंद्र भटगांव के विभिन्न विद्यालयों का बीआरसीसी अशोक यादव ने निरीक्षण किया। बीआरसीसी अशोक यादव ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भटगांव प्राथमिक शाला एवं हाई स्कूल भटगांव का निरीक्षण किया। हाईस्कूल में उन्होंने कक्षा 10 की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के मूल्यांकन कार्य एवं बच्चों की पढ़ाई के सम्बन्ध के बारे में जानकारी ली। इसके साथ उन्होंने पूर्व माध्यमिक शाला में स्कूल निरीक्षण के दौरान कक्षा 7वी में गणित की संक्रियाओ के बारे में पढ़ाया। कक्षा 6वी में उन्होंने हिन्दी विषय में मेला विषय के निबंध पर विद्यार्थियों से चर्चा कर जानकारी प्राप्त किया एवं विद्यार्थियों के अपार आईडी बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

ओवरसीज बैंक की नवीन शाखा का भूमिपूजन व लोकार्पण

मुंगेली/नवप्रदेश। इंडियन ओवरसीज बैंक के भूमिपूजन एवं नवीन शाखा का लोकार्पण कार्यक्रम नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट वित्त मंत्री ओपी चौधरी, एमडी इंडियन ओवरसीज बैंक अजय कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक गौरी शंकर नायक, क्षेत्रीय प्रबंधक विपणन बृजेश सिंह गौतम एवं दंतेवाड़ा कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं सभी इंडियन ओवरसीज बैंक के ब्रांच मैनेजर एवं स्टॉफ उपस्थित थे। अध्यक्ष लोक सांस्कृतिक खेल एवं मानव कल्याण समिति पंथी पार्टी भटगांव लक्ष्मी कांत जड़ेजा द्वारा मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का पंथी नृत्य के द्वारा स्वागत किया गया एवं मनमोहक पंथी नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसे देखकर सभी खुश हुए एवं प्रशंसा भी किया एवं मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी द्वारा भटगांव पंथी पार्टी एवं छत्तीसगढ़ के सभी मानव समाज को आने वाले 18 दिसंबर गुरुघासीदास जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दिया गया।

मुंगेली 78 साल बाद भी रेल नेटवर्क से वंचित, विकास की रफ्तार पर लगा ब्रेक

चुनावी वादों में सिमटी रेल लाइन, 52 किमी दूर स्टेशन जाने की मजबूरी

मुंगेली/नवप्रदेश। आजादी को 78 साल बाद भी नगर में निवासियों को रेल नेटवर्क से न जुड़ पाने के कारण भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिले में रेल सुविधा न होने से न सिर्फलोगों की यात्रा कठिन हो गई है, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक, व्यापारिक और आर्थिक विकास को भी गहरा झटका लगा है। बीजेपी शासन काल में डोंगरगढ तक के लिए रेल लाईन प्रस्ताव पास हो गया था तत्कालिन सांसद लखन साहू ने भूमि पूजन का भी कार्यक्रम आयोजित किया था किन्तु लगभग 8 वर्ष गुजर जानें के बाद भी प्रक्रिया आगे नहीं बढ पाई है, डबल इंजन सहित जिले के सांसद केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू एवं लोरमी विधायक के उपमुख्यमंत्री होने के बाद भी नगर में रेल लाईन एक सपना हो गया है।

लोगों को हो रही भारी परेशानी- जिले के लाखों लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिए आज भी 52 किलोमीटर की दूरी तय करनी पडती है, बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक बस या निजी वाहनों से जाना पड़ता है। विशेषकर, बुजुर्गों, मरीजों, छात्रों और व्यापारियों के लिए यह सफर बेहद थकाऊ और महंगा साबित होता है। परिवहन की यह कमी जिले से पलायन का भी एक प्रमुख कारण बन रही है।

व्यापार और उद्योग पर नकारात्मक प्रभाव

रेल कनेक्टिविटी की कमी के कारण, स्थानीय व्यापार और उद्योगों को भी भारी नुकसान हो रहा है। कृषि उत्पादों और निर्मित वस्तुओं को दूर-दराज के बाजारों तक पहुंचाने में अधिक समय और लागत लगती है, जिससे वे प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि रेल मार्ग सस्ता और तेज परिवहन उपलब्ध कराता, जिससे नए उद्योगों को आकर्षित करने में मदद मिलती।

चुनावी वादे, पर नतीजा शून्य

स्थानीय निवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि हर चुनाव में रेल लाइन बिछाने का मुद्दा जोर-शोर से उठाया जाता है, और जनप्रतिनिधि जीतने के बाद इस वादे को भूल जाते हैं। स्थानीय निवासी भैरव तिवारी का कहना है की जिले मे रेल लाईन के लिए आंदोलन कर रहे हैं, किन्तु 58 वर्षो में भी रेल लाईन का निर्माण नहीं हो पाया है। गोपाल शुक्ला ने कहा, की हमने नेताओं के झूठे आश्वासनों पर भरोसा करना छोड़ दिया है। रेल हमारे लिए सिर्फ एक सपना बनकर रह गई है। मीनाक्षी सोनी ने कहा की जिले मे यातायात व्यवस्था सुगम नहीं हो पाने के कारण जिला पिछडता जा रहा है, रेल लाईन के अलावा सडको की भी बद से बदत्तर है।

प्रयासों में कमी, सांसद के उपेक्षा का शिकार जिला

हाल ही में रेलवे के कार्यो की सूची जारी की गई थी जिसमें डोंगरगढ रेल लाईन का कहीं उल्लेख नहीं था पूर्व में प्रस्तावित जिले के रेलल लाईन के संबंध मे पूर्व सांसदों के द्वारा बताया गया था की राज्य शासन द्वारा सबसिडी नही दिये जाने के कारण यह योजना खटाई में है अब जबकी डबल इंजन की सरकार केन्द्र और राज्य में सत्ता में है, साथ ही स्थानीय सांसद जो केन्द्रय मंत्री भी है की उपेक्षा के कारण ही रेल लाईन से जिला वंचित है स्थानीय लोगों का कहना है की सांसद के ध्यान नहीं दे पाने के कारण ही जिले का उद्धार नहीं हो पा रहा है ज्ञात हो की 8 वर्ष पूर्व नगर में रेल लाईन के लिए जमीन का अधिग्रहण का कार्य भी तेजी से प्रारंभ था किन्तु आज के तारिख में उस जमीन अधिग्रहण का अता-पता नहीं है।

सरकार से अपील

जिले के नागरिकों ने केंद्र और राज्य सरकार से अपील की है कि वे जिले में रेल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करें। रेल कनेक्टिविटी इस पिछड़े क्षेत्र के लिए विकास की कुंजी साबित होगी, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर भविष्य की उम्मीद मिल सकेगी।

जांजगीर-चांपा कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

धान खरीदी और मध्यान्ह भोजन में लापरवाही पर होगी कार्रवाई: कलेक्टर

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी और मध्याह्न भोजन व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इन दोनों ही मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। धान खरीदी को एक संवेदनशील कार्य बताते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ काम करने को कहा। उन्होंने अवैध धान परिवहन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। सभी नोडल अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को धान खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने किसान पंजीयन और 'तुहर टोकन' से संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर

दिया, ताकि किसानों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि शासन की ओर से प्रदान की गई 24×7 टोकन सुविधा का फायदा प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचे।

मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच के निर्देश

मध्याह्न भोजन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर महोबे ने कहा कि बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सर्वोपरि है। उन्होंने विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जांच दल नियुक्त करने का आदेश

कलेक्टर ने मध्याह्न भोजन व्यवस्था की सतत निगरानी के लिए जांच दल नियुक्त करने का आदेश दिया। उन्होंने सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और आदिवासी छात्रावासों में नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विद्यालय में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और निर्धारित मानकों का नियमित परीक्षण कराया जाए।

लापरवाही पाए जाने पर होगी कार्रवाई

किसी भी कमी की स्थिति में तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि शासन के निर्देशानुसार भोजन परोसने से पहले शिक्षकों की ओर से उसे चखकर परीक्षण किया जाए और टेस्टिंग रजिस्टर में प्रतिदिन हस्ताक्षर कर प्रमाणित किया जाए। लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

बंजर भूमि पर अब फूलगोभी की जैविक फसल लहलहाई

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले के पंडोनगर गांव में रहने वाले किसान शिवभजन सिंह के वर्षों तक अनुपजाऊ मानी जाने वाली भूमि पर अब जैविक फसल लहलहा रही है। शिवभजन की जमीन पर पहले पानी की कमी और मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होने के कारण कुछ भी उगाना मुश्किल था।

निराशा के बीच उम्मीद की किरण तब दिखाई दी जब क्षेत्र में नाबार्ड के सहयोग से जल ग्रहण परियोजना शुरू हुई। अंबिकापुर मानव संसाधन संस्कृति विकास परिषद ने गांव के किसानों को समझाया कि रासायनिक खेती छोड़कर जैविक खेती अपनाने से भूमि की सेहत सुधारी जा सकती है। शिवभजन को कृषि विज्ञान केंद्र अंबिकापुर में प्रशिक्षण दिया गया, वर्मी टैंक का निर्माण कराया गया और उन्नत किस्म के सब्जी बीज उपलब्ध कराए गए।

शिवभजन ने पूरी तरह जैविक पद्धति अपनाई और अब उनकी बंजर मानी जाने वाली जमीन पर फूलगोभी की फसल लहलहा रही है। शिवभजन ने कहा कि यह जैविक फसल है और बाजार में इसकी मांग भी अच्छी है।

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

1st Call

NIT NO: 99 **RAIPUR DATED: 17.12.2025**

Online bids are invited for the following works up to **07.01.2026 at 17:30 hours.**

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/ Description of work	Probable amount of contract (In Lacs)
1	181971	इंडोर स्टेडियम के वुडल फ्लोर का पॉलिशिंग एवं आवश्यक मरम्मत कार्य ।	24.49
2	181972	इंडोर स्टेडियम के अंदर का एलईडी का मरम्मत कार्य।	18.19
3	181973	इंडोर स्टेडियम के चेंजिंग रूम, मेडिकल रूम, कान्फ्रेंस रूम, स्टोर रूम में आवश्यक मरम्मत कार्य एवं रंगरोहन ।	14.38
4	181974	इंडोर स्टेडियम के समस्त शौचालयों एवं बाथरूम में टाईल्स लगाने का लगाने का कार्य /आवश्यकता अनुसार मरम्मत कार्य	10.24

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 17.12.2025 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE-04
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G)

22 मांगों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनगर द्वारा नगर में व्याप्त समस्याओं एवं भ्रष्टाचार को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। वार्ड क्रमांक 1 से 4 तक की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना को नगर में लागू करने, सामुदायिक भवन को कोटा संचालन से मुक्त करने, सार्वजनिक स्थलों पर मूत्रालय की व्यवस्था, नल-जल योजना को शीघ्र पूर्ण करने, सभी वार्डों में नाली निर्माण तथा 181 में दर्ज शिकायतों के समाधान सहित कुल 22 सूत्रीय मांगों को लेकर बस स्टैंड से नगर परिषद कार्यालय तक रैली निकाली गई। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता नगर परिषद कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए, लेकिन तीन घंटे तक कोई भी कर्मचारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा। इससे आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से कुत्ते को ज्ञापन देने की तैयारी की।

बाद में नायब तहसीलदार श्री पटेल ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लिया और समस्याओं के शीघ्र

निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर दुबे सहित अनेक कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता, महिलाएं एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार बलरामपुर, जिला बलरामपुर - रामानुजगंज (छ.ग.)

- उद्घोषणा का प्रकाशन -

रा.प्र.क्र.202512271200028/अ-21/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम बलरामपुर को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदिका पुष्पा पाण्डेय पति विरेन्द्र पाण्डेय, निवासी ग्राम बलरामपुर, तहसील बलरामपुर, जिला बलरामपुर द्वारा आवेदन पत्र के माध्यम से उल्लेख किया है कि आवेदिका के ग्राम बलरामपुर स्थित स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नम्बर 879 रकबा 1.890 हे. दर्ज है, यह प्रकरण में वादभूमि है। वादभूमि को आवेदिका अपने पौत्री का विवाह हेतु वादभूमि के अंश रकबा 0.048 हे. भूमि अनावेदिका सविता अग्रवाल पति दीपक अग्रवाल को राशि 15,00000/- (पंद्रह लाख रूपये) में विक्रय करना चाहती है। चूंकि वादभूमि पट्टे से प्राप्त भूमि है, अतः वादभूमि के अंतरण हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज की अनुमति आवश्यक है। वादभूमि का पंजीकृत बैनामा निष्पादित किये जाने अनुमति हेतु आवेदिका द्वारा श्रीमान न्यायालय कलेक्टर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलरामपुर के माध्यम से जांच हेतु मूलतः इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को किसी भी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 31/12/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय-सीमा गुजर जाने के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से आज दिनांक 15/12/2025 को जारी।

मुहर

तहसीलदार
बलरामपुर

अवैध रेत खनन: चैन माउंटेन सहित आठ ट्रैक्टर जब्त

जांजगीर/नवप्रदेश। जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल और राजस्व अमले द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। इस दौरान कई वाहन और मशीनरी जब्त की गई हैं। खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि चांपा क्षेत्र में अवैध रेत भंडारण स्थल की जांच के दौरान एक ट्रैक्टर (लोडर) सहित चार अन्य ट्रैक्टर अवैध परिवहन में संलिप्त पाए गए। सभी वाहनों को जब्त कर चांपा थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। ग्राम बरबसपुर स्थित हसदेव नदी से रेत के अवैध उत्खनन में प्रयुक्त एक चैन माउंटेन मशीन को भी सील कर दिया गया। वहीं बलौदा तहसील क्षेत्र में तीन ट्रैक्टर अवैध रेत परिवहन करते पकड़े गए।

मुंगेली में चतुर्थ एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत सफल

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के तत्वावधान में वर्ष 2025 की चतुर्थ एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में कुल 16 हजार 945 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 01 करोड़ 29 लाख 12 हजार 299 रुपये की अवार्ड राशि पारित की गई। जिला न्यायालय मुंगेली में आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 10.45 बजे जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं पक्षकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। लोक अदालत के अंतर्गत जिला न्यायालय में 05 खंडपीठ, तहसील न्यायालय लोरमी में 01 खंडपीठ तथा राजस्व न्यायालय में 08 खंडपीठों का गठन किया। न्यायालयों में लंबित 01 हजार 915 प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन के 19 हजार 766 प्रकरणों को सुनवाई हेतु रखा गया। इनमें से लंबित 01 हजार 675 प्रकरणों का निराकरण कर 82 लाख 47 हजार 242 रुपये की अवार्ड पारित की गई।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 6
नंदेलीभाटा-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)
ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **05-01-2026 समय 17:30** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है -

सिस्टम निविदा क्रमांक	निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक	कार्य का नाम	निविदा की लागत (जी.एस.टी.छोड़कर) (लाख में)	आमंत्रण का क्रमांक
181622	09/व.ले.लि./2025-2026 दिनांक 15.12.2025	घोघरा वितरक नहर के अंतर्गत आर.डी. 7780 मी. पर स्थित नहर सायफन (आर.सी.सी. बैरल) का पुर्ननिर्माण कार्य।	77.66	प्रथम आमंत्रण
181623	10/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक 15.12.2025	सक्ती शाखा नहर के अंतर्गत कारीभांवर, पथर्रा, खैरागढ़ सब माईनर में सी.सी. लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य।	137.75	प्रथम आमंत्रण
181624	11/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक 15.12.2025	सक्ती शाखा नहर के अंतर्गत ठठारी माईनर एवं ठठारी सब माईनर में सी.सी. लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य।	148.10	प्रथम आमंत्रण
181625	12/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक 15.12.2025	सक्ती शाखा नहर के अंतर्गत सोनसरी माईनर एवं सोनसरी सब माईनर में सी.सी. लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य।	167.62	प्रथम आमंत्रण
181626	13/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक 15.12.2025	हसदेव बांयी तट नहर के अंतर्गत बहेरा माईनर, धनपुर माईनर, जर्वे माईनर, सकरेली माईनर, सकरेली सब माईनर, कुधरीटार माईनर,बोकरामुड़ा माईनर, में सी.सी. लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य।	197.00	प्रथम आमंत्रण

(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 के आधार पर)
अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22-12-2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।
नोटः (1) निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अन्य निविदा संबंधी शर्ते विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
(2) निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.05.2025 (संशोधित 08.08.2025) के अनुसार है।
(3) निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में GST जोड़कर निविदा भरा जाना है।

कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता बांगों नहर संभाग क्र. 6, नंदेलीभांठा - सक्ती (छ.ग.)

जी-252605502/6

प्रारूप अधिसूचना
कार्यालय कलेक्टर, जिला रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
अधिसूचना

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक / 202410041800039/अ-82/2023-24 चूँकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि की ग्राम लैलूंगा घरघोड़ा से लैलूंगा मार्ग चौड़ीकरण, उन्नय, विकास कार्य हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है।अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा 19 के तहत् यह घोषित किया जाता है, कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है -

अनुसूची

भूमि का वर्णन -
1. जिला - रायगढ़
2. तहसील - लैलूंगा
3. ग्राम/नगर - लैलूंगा
4. भूमि का क्षेत्रफल - 0.017 हेक्टेयर

खसरा नम्बर	अर्जित रकबा (हेक्टेयर में)
632/5	0.017
कुल खसरा 01	कुल रकबा 0.017 हेक्टेयर

2 भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व).... के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. उक्त भूमि अर्जन में किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है। **या**
उक्त योजना के लिए अनुमोदित पुनर्वास योजना के अनुसार प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित.... व्यक्तियों को पुनर्वासित किया जाना प्रस्तावित है। पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन हेतु ग्राम...... तहसील ..... जिला .....की भूमि खसरा नम्बर ..... रकबा ...... हेक्टेयर का चयन किया गया है। पुनर्वास योजना का अवलोकन प्रशासक/अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)........ के कार्यालय में किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
सह भू-अर्जन अधिकारी, लैलूंगा, जिला रायगढ़

(मयंक चतुर्वेदी)
कलेक्टर रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव
छ.ग.शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी- 252605508/2

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बिलासपुर (छ.ग.)
संक्षिप्त मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/32/निर्माण/2025-26/3524 बिलासपुर, दिनांक 16/12/2025

छ.ग. शासन, के राज्यपाल की ओर से मोहरबंद निम्न कार्य हेतु फार्म "अ" में भवन कार्य हेतु जारी प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा जारी दिनांक 01.01.2015 (भवन कार्य) से प्रभावशील दर अनुसूची पर आधारित छ.ग. शासन, लोक निर्माण विभाग में सिंगल विन्डो में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति में पंजीकृत डॉक/स्पीडपोस्ट से कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 29.12.2025 अपरान्ह 03 बजे तक
02. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 03.01.2026 अपरान्ह 03 बजे तक
03. निविदा प्रपत्र कार्यालय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 08.01.2026 अपरान्ह 04.30 बजे तक
04. प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि - 09.01.2026 दोपहर 12.00 बजे
05. कार्य पूर्ण करने की अवधि - 03 माह
06. ठेकेदार की श्रेणी - सक्षम श्रेणी या उससे ऊपर ।
07. निविदा प्रपत्र का मूल्य - 750/-

क्र.	कार्य का नाम	विकास खण्ड	प्रशासकीय स्वीकृति की लागत (लाखों में)	अमानत राशि
1	आदिवासी बालक आश्रम बिरगहनी में नवीनीकरण कार्य	कोटा	9.88	9900
2	आदिवासी बालक आश्रम मोहली में नवीनीकरण कार्य	कोटा	9.77	9800
3	प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास सल्कानवागांव में नवीनीकरण कार्य	कोटा	7.50	7500
4	प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास बेलतरा में नवीनीकरण कार्य	बिल्हा	9.00	9000
5	पो.मै.आदिवासी कन्या छात्रावास सिंधी कालोनी बिलासपुर में जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य	बिल्हा	9.92	9900
6	प्री. मै.आदिवासी बालक छात्रावास तखतपुर में नवीनीकरण कार्य	तखतपुर	5.50	5500
7	अनुसूचित जाति आदर्श कन्या आश्रम शाला भवन देवरीखुर्द बिलासपुर में आर.सी.सी. स्लेब एवं नवीनीकरण कार्य	बिल्हा	10.00	10000
8	अनुसूचित जाति आदर्श कन्या आश्रम शाला भवन देवरीखुर्द बिलासपुर में नवीनीकरण कार्य	बिल्हा	9.62	9600
9	अनुसूचित जाति आदर्श कन्या आश्रम शाला भवन देवरीखुर्द बिलासपुर में टाईल्स, रंगाई-पोताई-पेंटिंग एवं अन्य कार्य	बिल्हा	8.95	9000
10	पो.मै.पी.जी.अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बृहस्पति बाजार बिलासपुर में मरम्मत कार्य	बिल्हा	3.12	3100
11	प्री.मै. अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास मस्तूरी में नवीनीकरण कार्य	मस्तूरी	8.50	8500
12	प्री.मै अनुसूचित जाति बालक छात्रावास रतनपुर में मरम्मत कार्य	कोटा	4.16	4200
		योग	**95.92**	**96000**

टीप- नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय में उपस्थित होकर निर्माण शाखा में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास बिलासपुर छ.ग.

जी- 252605546/2

वैज्ञानिक ज्ञान को भारतीय भाषाओं में सुलभ बनाने पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भारतीय भाषाओं पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी, जुटेंगे देशभर के विशेषज्ञ

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग), भारत सरकार, नई दिल्ली के तत्वावधान में 18-19 दिसम्बर को डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में 'विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा भारतीय भाषाएँ: ज्ञान सृजन का नया दृष्टिकोण और मानक शब्दावली' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं भारतीय भाषाओं के समन्वय को सुदृढ़ करने तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी ज्ञान को भारतीय भाषाओं में अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।*

इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग), भारत सरकार की ओर से सहायक निदेशक, इंजी. जे. एस. रावत को इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो नई दिल्ली से संगोष्ठी में सहभागिता करेंगे। संगोष्ठी के प्रमुख उद्देश्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारतीय भाषाओं, विशेषकर हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में ज्ञान सृजन की नवीन दृष्टि को प्रोत्साहित करना.वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा विकसित एवं मानकीकृत शब्दावली के प्रचार-प्रसार तथा उसके व्यवहारिक उपयोग को बढ़ावा देना। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भारतीय भाषाओं के समन्वय से उच्च शिक्षा, शोध एवं नवाचार को अधिक सुलभ, प्रभावी एवं समावेशी बनाना।राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के उद्देश्यों के अनुरूप भारतीय भाषाओं में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा को सुदृढ़ करना है। राष्ट्रीय संगोष्ठी समन्वयक डॉ. मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि इस संगोष्ठी में भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न प्रतिष्ठित केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों से प्रख्यात संसाधक एवं विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। ये विशेषज्ञ 'विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा भारतीय भाषाएँ: ज्ञान सृजन का नया दृष्टिकोण और मानक शब्दावली' विषय पर अपने व्याख्यान एवं विचार प्रस्तुत करेंगे। डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष के मार्गदर्शन में इस संगोष्ठी के सफल आयोजन हेतु डॉ. मनोज कुमार तिवारी को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं डॉ. सौरभ मित्रा इस संगोष्ठी में सहायक समन्वयक के रूप में समन्वयन करेंगे।

ये होंगे शामिल

दीपक कुमार पांडे, सुरक्षा विशेषज्ञ आईटीबीपी आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ प्रोफेसर एम के वर्मा एनआईटी, रायपुर, इंजीनियर जय सिंह रावत, सेमिनार अधिकारी प्रभारी सीएसटीटी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. शहजाद अहमद अंसारी कोऑर्डिनेटर, सीएसटीटी, एमओई, जीओएल, डॉ. छगन लाल सहायक प्रोफेसर रसायन विज्ञान विभाग स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय प्रोफेसर एस के सिंघाई, प्रिंसिपल जीईसी, बिलासपुर, प्रोफेसर चितरंजन कर सेवानिवृत्त प्रोफेसर, प्रोफेसर राजेंद्र मेहता, भारतीय भाषाएँ और साहित्य अध्ययन विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस भाजपा कार्यालय का आज करेगी घेराव

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ज़िला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से कल 18 दिसम्बर को भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इससे पहले कांग्रेसजन दोपहर 12 बजे , पुराना बस स्टैंड (इमली पारा) स्थित नगर निगम के नवनिर्मित काम्प्लेक्स के सामने एकत्रित होंगे, पश्चात भाजपा कार्यालय के घेराव के लिए कुच करेंगे। ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार के निर्देश पर यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी एवं एल ओ पी नेता लोकसभा माननीय राहुल गांधी को बदनाम करने एवं परेशान करने की बदनीयत से नेशनल हेराल्ड केस में ईडी द्वारा फंसाया गया था, ईडी लगभग 50 घण्टे की पूछताछ राहुल गांधी से और लगभग 9 घण्टे की पूछताछ सोनिया गांधी से कर चुकी थी, कल न्यायालय ने ईडी को फटकार लगाते हुए केस खारिज कर दिया, जिससे पता चलता है कि भाजपा अपने विरोधियों को दबाने के लिए किस स्तर पर जा चुकी है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश सम्भल नही रहा है और अपनी असफलता को छिपाने के लिए ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी केंद्रीय संस्थाओ का दुरुपयोग कर रही है ,जिसके विरोध में कल भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

पेसा कानून के बाद भी कैसे मिली अनुमति, प्रदूषण-खेत बचाने के लिए करेंगे आंदोलन

कोलवाशरी के विरोध में सड़क पर उतरे ग्रामीण, कलेक्टोरेट में मचाया हंगामा

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** जिले के कोटा ब्लॉक में प्रस्तावित कोल वाशरी का स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया है। नाराज लोगों का कहना है कि ट्राइबल एरिया में पेसा कानून लागू है। इसके बाद भी स्थानीय लोगों से पूछे बगैर कोल वाशरी खोलने की अनुमति कैसे दे दी गई। जिस जगह पर कोल वाशरी खोली जा रही है, वहां कृषि भूमि है। नाराज लोगों ने खेती और प्रदूषण से बचाव के लिए उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।*

दरअसल कोटा क्षेत्र के ग्राम अमाली में कोल वॉशरी शुरू करने का प्रस्ताव है। इसके लिए जमीन की खरीदी-बिक्री हो गई है। वहीं जिला प्रशासन के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण मंडल ने भी मंजूरी दे दी है। जिसके बाद अब जनसुनवाई करने की तैयारी की जा रही है। कोल वॉशरी खोलने की जानकारी मिलते ही ग्राम पंचायत अमाली सहित आसपास के गांव के लोगों ने विरोध शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि जिस जमीन पर कोल वॉशरी खोली जा रही है, वह पूरी तरह कृषि भूमि है। कोल वॉशरी के विरोध में सड़क पर उतरे लोग मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां बड़ी संख्या में लोगों ने कलेक्ट्रेट का घेराव हर नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा मचाया। गेट के सामने धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने कहा कि, अपने गांव में प्रस्तावित कोल वॉशरी के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। वो किसी भी स्थिति में कोल वाशरी शुरू नहीं करने देंगे।

पेसा कानून का उल्लंघन

ग्रामीणों का कहना है कि, अगर यहां उद्योग खुला तो खेती पूरी तरह खत्म हो जाएगी और ग्रामीणों की आजीविका पर संकट आ जाएगा। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने बताया कि अमाली गांव आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और यहां पेसा कानून लागू है। इसके बावजूद बिना ग्राम सभा की अनुमति परियोजना आगे बढ़ाई जा रही है। ग्रामीणों ने साफ कहा कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई, तो वे आंदोलन और तेज करेंगे।अब सबकी नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है।

चंद्रप्रकाश भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बनाए गए

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश नेतृत्व ने चंद्र प्रकाश सूर्या को प्रदेश महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति से संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं में हर्ष व उत्साह का माहौल है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा चंद्र प्रकाश सूर्या पर जताए गए विश्वास को संगठन के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। लंबे समय से संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय रहते हुए उन्होंने जमीनी स्तर पर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया है। उनकी सक्रियता, समर्पण और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए चंद्र प्रकाश सूर्या ने शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व एवं समस्त कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'शीर्ष नेतृत्व

एवं आप सभी का आभार। आप सबके आशीर्वाद, प्रेम और मुझ पर किए गए विश्वास से ही मुझे कार्य करने की शक्ति मिलती है। प्रदेश नेतृत्व का विशेष धन्यवाद, जिन्होंने विश्व के सबसे बड़े संगठन भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा में मुझे प्रदेश महामंत्री का दायित्व सौंपा।' उन्होंने यह भी कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अनुसूचित जाति समाज के उत्थान, संगठन विस्तार और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। चंद्र प्रकाश सूर्या की नियुक्ति को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए इसे संगठन के लिए शुभ संकेत बताया है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश में और अधिक सशक्त भूमिका निभाएगा।

युवा उत्सव में एकांकी विधा में शुक्ल कॉलेज को मिला प्रथम स्थान

■ राज्य स्तर के लिए चयन

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय महाविद्यालय मदनलाल शुक्ल, सीपत ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिलास्तरीय युवा उत्सव में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकांकी विधा में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

सामाजिक सरोकारों पर आधारित इस प्रभावशाली प्रस्तुति ने निर्णायकों के साथ-साथ उपस्थित जनसमूह को भी गहराई से प्रभावित किया।

कार्यक्रम अधिकारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी शत्रुघ्न घृतलहरे ने बताया कि एकांकी नाटक में वर्तमान सामाजिक व्यवहार, शराब व्यसन, यातायात जागरूकता, रूढ़िवादी सोच एवं दहेज प्रथा जैसी गंभीर सामाजिक समस्याओं को सशक्त संदेश के साथ मंच पर प्रस्तुत किया गया। नाटक के दौरान दर्शकों की तालियों और सराहना ने कलाकारों का उत्साह कई गुना बढ़ा दिया। इस एकांकी में 12 स्वयंसेवकों ने सहभागिता निभाई। मिथिलेश ने पुलिस की भूमिका, इसरार अली ने दूल्हा, लक्ष्मी धीवर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नरेंद्र पंडित, विकास कोटवार, सुबीर, मोनिका, सत्यवान, दीप्ति, काजल, खुशबू, प्रिया साहू एवं लक्ष्मी ने अपने सशक्त अभिनय से नाटक को जीवंत बना दिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही राज्य स्तरीय युवा प्रतियोगिता के लिए सीपत कॉलेज का चयन होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव शंकर खेर ने सभी छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों एवं मार्गदर्शकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा जताई।

नाटक को दर्शकों की मिली सराहना

नाटक की मुख्य भूमिका प्रशांत यादव ने प्रभावशाली ढंग से निभाई, जिसे दर्शकों ने विशेष सराहना दी। एकांकी का लेखन एवं निर्देशन कार्यक्रम अधिकारी शत्रुघ्न घृतलहरे द्वारा किया गया, जिन्होंने सामाजिक संदेश को कलात्मक ढंग से मंच पर उतारकर प्रस्तुति को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में बिलासा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कमलेश, गेड़ी नृत्य के ख्यातिप्राप्त अंतरराष्ट्रीय कलाकार अनिल गढ़वाल तथा रंगकर्मी गिरीश कुमार मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

कोनी रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 22 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी द्वारा 22 दिसंबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट कैम्प सवेरे 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी में आयोजित होगा। प्लेसमेंट कैम्प में 3 निजी नियोजक कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें फील्ड स्टाफ, टेली कॉलर, एकाउंटेंट, मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव सहित 39 पदों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

रावत नाच महोत्सव समिति का छात्रवृत्ति वितरण 20 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। रावत नाच महोत्सव छात्रवृत्ति समिति द्वारा 20 दिसम्बर शनिवार को लखीराम स्टेडियम में 2 बजे जिसमें मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल व अध्यक्षता कृष्ण कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि में बुधराम यादव धन्नू यादव पूर्व (टीआई) डॉ. सुशील यादव (प्राचार्य) एवं पूर्व पार्षदश्री शैलेंद्र यादव होंगे। इस आयोजन में यादव समाज के 24 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को एक लाख रुपये की नगद राशि, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह का वितरण किया जाना है इसमें सामान्य वर्ग से

12 छात्रा एवं छात्र है जो कमशः कक्षा 12वीं के छात्र वर्ग निशांत यादव पिता सुमन्त यादव, दिव्येश यादव पिता दिलेर यादव, अर्जुन यादव पिता स्व. धनी राम यादव, व छात्रा वर्ग में कक्षा 12वी के महिमा यादव पिता घनश्याम यादव, नैना यादव पिता राजेश यादव, गरिमा यादव पिता शत्रुघ्न यादव, 10वी के छात्र यशराज यादव पिता विमल कुमार यादव, लक्ष्य यादव राकेश यादव, आदित्य यादव पिता दिलीप कुमार यादव, छात्रा वर्ग से राजमती यादव पिता राजकुमार यादव, रिया यादव पिता संतोष यादव, स्नेहा यादव पिता दीपक यादव,एवं गोल परिवार से 12छात्रा एवं छात्रायें शामिल है जो कमशः हैं, छात्र वर्ग12वी का आयुष यादव पिता रामनाथ यादव, कोमल यादव पिता शान्ति लाल यादव, नीलेश यादव पिता लक्ष्मण यादव, छात्रा वर्ग के निशु यादव पिता परमेश्वर यादव, सोनम यादव पिता माखन यादव, चांदनी यादव पिता धर्मेंद्र यादव व 10वीं के छात्र प्रतीक यादव पिता जागेश्वर यादव, छवि यादव पिता रामनाथ यादव, ओमकार यादव पिता शांति लाल यादव, छात्रा वर्ग के मुस्कान यादव पिता मोहित राम यादव, टिंकी यादव पिता रामायण यादव, जया यादव पिता कन्हैया यादव, जिन्हें क्रमशः हायर सेकेण्डरी के 12 छात्र/ छात्राओं को क्रमशः पांच-पांच हजार तथा हाईस्कूल के 12 छात्रों को तीन-तीन हजार की नगद राशि प्रदान किये जाएंगे।

मंडी में खरीदी सीमा घटने से किसान परेशान

सीपत/नवप्रदेश। जिले की प्रमुख और बड़ी धान मंडियों में शामिल सीपत धान मंडी में धान खरीदी की सीमा कम किए जाने से क्षेत्र के किसानों में भारी चिंता का माहौल बन गया है। जहां पूर्व वर्षों में प्रतिदिन 2000 क्विंटल तक धान की खरीदी की जाती थी, वहीं इस वर्ष इसे घटाकर मात्र 1000 क्विंटल प्रतिदिन कर दिया गया है। सीपत क्षेत्र का रकबा अत्यधिक होने के कारण बड़ी संख्या में किसान धान लेकर मंडी पहुंचते हैं। खरीदी सीमा कम होने से समिति द्वारा समय पर धान नहीं खरीदा जा सकेगा, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि यदि धान की खरीदी नहीं हुई तो वे कर्ज चुकाने में असमर्थ हो जाएंगे और उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा। इसी गंभीर समस्या को लेकर मंगलवार को सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने किसानों के हित में पहल करते हुए सीपत तहसीलदार सोनू अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा और तत्काल धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग की। सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि सीपत धान मंडी क्षेत्र की बड़ी मंडी है और यहां किसानों की संख्या भी अधिक है। प्रतिदिन केवल 1000 क्विंटल धान खरीदी से किसानों का धान नहीं बिक पाएगा। इससे किसान कर्ज में डूब जाएंगे। शासन को किसानों की स्थिति को देखते हुए तत्काल खरीदी लिमिट बढ़ानी चाहिए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद तहसीलदार सोनू अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए किसानों और जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि धान खरीदी सीमा से जुड़ी समस्या को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा और इसका शीघ्र समाधान निकालने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। किसानों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द निर्णय लेकर सीपत धान मंडी की खरीदी सीमा बढ़ाएगा, जिससे उन्हें राहत मिलेगी।

लिमिट बढ़ाने सरपंच ने सौंपा ज्ञापन

आयोजन | सीपत में ऐतिहासिक रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ , एनटीपीसी के व्यापक सहयोग से आयोजन को मिली नई पहचान

खेल समाज को जोड़ने की सबसे बड़ी ताकत, बढ़ता है अपनत्व और सामंजस्य: जिपं अध्यक्ष

***सीपत/नवप्रदेश।** सीपत के ऐतिहासिक श्रीपतेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सोमवार की रात क्षेत्र के अब तक के सबसे बड़े रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य और यादगार शुभारंभ हुआ। रंग-बिरंगी रोशनी, दर्शकों की भारी भीड़ और खिलाड़ियों के जोश ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।*

शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी रहे, जबकि अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में एनटीपीसी परियोजना प्रमुख विजयकृष्ण पांडेय ने की। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, एनटीपीसी अधिकारियों, खेल प्रेमियों और ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने सर्वप्रथम भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना की, तत्पश्चात सामूहिक राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। टूर्नामेंट का शुभारंभ एक अनोखे और यादगार क्षण के साथ हुआ, जब एनटीपीसी परियोजना प्रमुख विजयकृष्ण पांडेय की बॉलिंग पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने बेटिंग कर पहली गेंद खेली, जिससे पूरे मैदान में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। पहले मुकाबले में सराईपाली और ढोलरा की टीमें आमने सामने रहीं। ढोलरा की बॉलिंग पर सराईपाली ने बल्लेबाजी करते हुए रोमांचक शुरुआत की। पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. सनत मिश्रा ने कहा कि एनटीपीसी के सहयोग के बिना गांवों का समग्र विकास संभव नहीं।

जीवन में संघर्ष करते रहिए, आपके भीतर अपार काबिलियत है। एनटीपीसी इंटक यूनियन के पूर्व अध्यक्ष सलीम वीरानी ने कहा कि हेल्थ ही असली वेल्थ है। खेल से शरीर का विकास होता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास संभव है। यह आयोजन सीपत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

एनटीपीसी के सहयोग से सीपत को मिल रहा विकास की नई ऊर्जा: राजेश

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि एनटीपीसी आज विश्व में ऊर्जा के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान बना चुका है। ऐसे खेल आयोजन समाज में एकता, मित्रता और आपसी सामंजस्य को मजबूत करते हैं। खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। एनटीपीसी के सहयोग से सीपत हरियाली की गोद में निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देने का कार्य करते हैं।

खेल अनुशासन, समर्पण और टीम भावना सिखाता है: विजयकृष्ण पांडेय

अतिविशिष्ट अतिथि एनटीपीसी परियोजना प्रमुख विजयकृष्ण पांडेय ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, समर्पण और टीम भावना सिखाता है। खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलें। एनटीपीसी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा सहयोग करता रहा है और आगे भी हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर रहेगा।

25 को पीएम मोदी करेंगे राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बसंतकुंज योजना में नवनिर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण में दो हजार से अधिक बसों और कारों के आने का अनुमान है। इनके लिए पार्किंग की व्यवस्था करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया है। पार्किंग के लिए अनुमानित 1.30 लाख वर्गमीटर जगह चाहिए। अब एलडीए के साथ नगर निगम के अफसर नए पार्किंग स्थल तैयार करने में जुटे हैं। 65 एकड़ में बने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। लखनऊ व आसपास के जिलों से आने वाले करीब डेढ़ लाख लोग लोकार्पण के साक्षी बनेंगे। लोगों के आने-जाने के लिए बसों का इंतजाम किया गया है। आयोजन स्थल पर पार्किंग तो है, मगर वहां दो हजार बसें और कारें खड़ी हो सकें, इतनी जगह नहीं। ऐसे में प्रेरणा स्थल तक पहुंचने वाले सभी संपर्क मागों के किनारे वैकल्पिक पार्किंग स्थल बनाए जा रहे हैं। नगर निगम के सभी आठ जोनल अफसरों को बस पार्किंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें जोन एक के जोनल अफसर को 24 बसों, जोन दो को 22, जोन तीन को 38, जोन चार को 20, जोन पांच को 18, जोन छह को 44, जोन सात को 28 और जोन आठ को 26 बसों की जिम्मेदारी दी गई है। शेष बसों के लिए दूसरे विभाग के अफसरों की ड्यूटी रहेगी।

एयरपोर्ट से प्रेरणा स्थल तक अपर नगर आयुक्तों की तैनाती

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने पूरे रूट को पांच सेक्टरों में बांटकर सभी अपर नगर आयुक्त की ड्यूटी एयरपोर्ट से आयोजन स्थल तक लगाई है। इनमें अपर नगर आयुक्त अरुण गुप्ता, डॉ. अरविंद राव, नम्रता सिंह, ललित कुमार और पंकज श्रीवास्तव शामिल हैं।

भारत-इथियोपिया के रिश्ते अब कूटनीतिक साझेदारी के स्तर पर : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

अदीस अबाबा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इथियोपिया दौरे के दूसरे दिन इथियोपिया के अदीस अबाबा में स्थित अदवा विजय स्मारक पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद इथियोपिया की संयुक्त संसद के सत्र को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने भारत और इथियोपिया के खास संबंद और मजबूत दोस्ती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कल मुझे इथियोपिया की तरफसे जो सम्मान मिला- निशान-ए-इथियोपिया उसके लिए मैं प्रधानमंत्री अबी अहमद का आभारी हूं। हम इथियोपिया सरकार और प्रधानमंत्री को शुक्रिया कहते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि इथियोपिया दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से है। यहां इतिहास पहाड़ियों, गांवों और लोगों के दिलों में भी दिखता है। आज इथियोपिया अपने पैरों पर खड़ा है। उन्होंने कहा कि पुराने और नए का संगम यह संतुलन इथियोपिया की असम मजबूती है। यह ऊर्जा हम भारतीयों के लिए काफी परिचित है।

भारतीय कंपनियां इथियोपिया में सबसे बड़े निवेशकों में शामिल

इसके बाद पीएम मोदी ने दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों पर बात की। उन्होंने बताया कि भारतीय कंपनियां इथियोपिया में सबसे बड़े निवेशकों में शामिल हैं। अब तक भारतीय कंपनियां अलग-अलग क्षेत्रों में 5 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश कर चुकी हैं, जिससे 75 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि भारत और इथियोपिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को अब रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों के बीच सहयोग और मजबूत होगा।

भारत-इथियोपिया का एक मंत्र

पीएम मोदी ने आगे कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र हमारा नारा है। उन्होंने भारत का राष्ट्रगीत वंदे मातरम और इथियोपिया का राष्ट्रगीत अपने देश का मां के तौर पर जिक्र करता है। यह हमें हमारी संस्कृति, विरासत, राष्ट्रीय सुंदरता और जमीन की सुरक्षा का संदेश देते हैं।

इससे पहले इथियोपिया के संसद को संबोधित करने के दौरान उन्होंने भारत और इथियोपिया के मजबूत होते कूटनीतिक रिश्तों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की कंपनियों ने इथियोपिया में काफी व्यापार की संभावनाएं देखी हैं। यहां भारतीय कंपनियों ने 5 अरब डॉलर से ज्यादा निवेश किया है और यहां कई लोगों को नौकरियां मुहैया कराई हैं। लेकिन मुझे विश्वास है कि हमारे व्यापारिक रिश्तों में अभी काफी संभावनाएं हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमने फैसला किया है कि हमारे द्विपक्षीय रिश्ते अब कूटनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाई जाएगी।

इससे हमारी अर्थव्यवस्थाएं साझा तौर पर बढ़ेंगी। खनन, हरित ऊर्जा से लेकर कई और क्षेत्रों में हम साथ काम करेंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य सुरक्षा में भी हम अपने सहयोग को बढ़ाएंगे और खाद्य सुरक्षा के लिए काम करेंगे। हम कृषि क्षेत्र के लिए भी काफी काम कर सकते हैं।

2000 साल पहले बने थे भारत-इथियोपिया के बीच रास्ते : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने बताया कि करीब 2000 साल पहले भारत और इथियोपिया के बीच समुद्र के रास्ते संपर्क बने थे। उस समय भारतीय महासागर के जरिए व्यापारी मसाले और सोना लेकर आते-जाते थे। लेकिन यह व्यापार सिर्फ सामान तक सीमित नहीं था, बल्कि विचारों और जीवनशैली का भी आदान-प्रदान होता था। उन्होंने कहा कि अदीस अबाबा और धोलावीरा जैसे बंदरगाह सिर्फ व्यापार केंद्र नहीं थे, बल्कि सभ्यताओं को जोड़ने वाले पुल थे।

दिल्ली में सरकार का बड़ा ऐलान मजदूरों को मिलेगा 10,000 मुआवजा

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर प्रतिबंधों वाला ग्रैप का चौथा चरण लागू है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, दिल्ली सरकार ने प्रभावित मजदूरों को आर्थिक सहायता देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पंजीकृत मजदूरों को ?10,000 की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में प्रदान की जाएगी। प्रदूषण के स्तर में खतरनाक वृद्धि के मद्देनजर, ग्रैप के चौथे चरण के तहत कई कड़े कदम उठाए गए हैं। दिल्ली सरकार ने सभी सरकारी और निजी कार्यालयों में 50त्न कर्मचारियों के लिए 'वर्क फ्रॉम होम' (घर से काम) को अनिवार्य कर दिया है। दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि ग्रैप 4 लागू है और सरकार मजदूरों की मुश्किलों को समझती है। उन्होंने बताया कि पंजीकृत मजदूरों को ?10,000 की वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर की जाएगी, ताकि वे इस मुश्किल दौर में अपनी आजीविका चला सकें।

आप पर साधा निशाना

बढ़ते प्रदूषण पर दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने बीजेपी सरकार को घेरने की कोशिश की। इसको लेकर मंत्री कपिल मिश्रा ने विपक्षी दल आप को घेरा। उन्होंने कहा, ÷अरविंद केजरीवाल हर साल एक महीने की छुट्टी पर क्यों भाग जाते थे, बताएं? आज जब एक महिला मुख्यमंत्री लगातार काम कर रही हैं तो उनके साथ बदसलूकी करा रहे हैं। ये दिल्ली की जनता और पंजाब की जनता देख रही है और इसका जवाब देगी।

ऑस्ट्रेलिया में चार्ली किर्क शूटिंग वीडियो से पाबंदी हटी

एलन मस्क की बड़ी जीत

नई दिल्ली (आईएएनएस)। ऑस्ट्रेलिया की सरकार डिजिटल नियमों को लेकर किसी भी अन्य देश के मुकाबले थोड़ी ज्यादा सख्त है। टीनएजर्स के लिए एज लिमिट सेट करने को लेकर दुनिया ने तारीफकी। हाल ही में एक वीडियो पर ऑस्ट्रेलिया में बैन लगाया गया। ये चार्ली किर्क हत्या का क्लिप था। एक्स पर इसे दुनिया भर में लोग देख रहे थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने इस पर तुरंत रोक लगा दी। बात अदालत तक पहुंची।

अब एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी एक्स को ऑस्ट्रेलिया में एक अहम कानूनी जीत मिली। फैसला इनके पक्ष में आया। इस फैसले के बाद अब ऑस्ट्रेलियाई यूजर उस वीडियो फुटेज को देख सकेंगे, जिसमें अमेरिकी दक्षिणपंथी राजनीतिक कार्यकर्ता किर्क की गोली मारकर हत्या के दृश्य रिकॉर्ड हुए थे। यह मामला सिर्फ एक वीडियो को लेकर नहीं था, बल्कि इसने 'ऑनलाइन सेंसरशिप, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सरकारों की डिजिटल ताकत' पर बड़ी बहस छेड़ दी है। दरअसल, चार्ली किर्क की सितंबर 2025 में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के तुरंत बाद शूटिंग से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर फैल गए। ऑस्ट्रेलिया की 'ई-सेफ्टी कमिश्नर' ने इन वीडियो को अत्यधिक हिंसक बताते हुए इन्हें रिफ्यूज्ड क्लासिफिकेशन (वर्गीकरण से इनकार कर दिया) श्रेणी में डाल दिया था।

भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त को किया तलब, सुरक्षा पर जताई चिंता

ढाका। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह को तलब किया। उन्हें बांग्लादेश में बिगड़ते सुरक्षा माहौल पर भारत की गहरी चिंताओं से अवगत कराया। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार उन्होंने बांग्लादेश के उच्चायुक्त का ध्यान विशेष रूप से कुछ चरमपंथी तत्वों की गतिविधियों की ओर ध्यान देने को कहा, जिन्होंने ढाका में भारतीय दूतावास के आसपास सुरक्षा संकट पैदा करने की योजना की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत बांग्लादेश में हाल ही में हुई कुछ घटनाओं के संबंध में चरमपंथी तत्वों द्वारा फैलाई जा रही झूठी कहानी को पूरी तरह से खारिज करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अंतरिम सरकार ने न तो गहन जांच की है और न ही इन घटनाओं के संबंध में भारत के साथ कोई सार्थक सबूत साझा किए हैं।÷ इसके आगे कहा कि भारत का बांग्लादेश के लोगों के साथ घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं।

राहुल गांधी के खिलाफ केस की सुनवाई अब लखनऊ की अदालत में

लखनऊ। लखनऊ राहुल गांधी के खिलाफ रायबरेली में चल रहे एक मामले को लखनऊ ट्रांसफर किया जाएगा। अब इस मामले की सुनवाई लखनऊ की विशेष अदालत में होगी। इसके लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बुधवार को सुनवाई के बाद आदेश दे दिया है। न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की एकल पीठ ने याची की स्थानांतरण अर्जी पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। दरअसल, भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता को लेकर सवाल उठाए हैं। उसके द्वारा दाखिल अपराधिक परिवाद पर सुनवाई रायबरेली की विशेष कोर्ट में चल रही है। इस पर शिशिर ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करके आग्रह किया था कि यह केस लखनऊ की विशेष अदालत में ट्रांसफर किया जाए क्योंकि उन्हें रायबरेली में उसकी जान को खतरा है। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा था कि स्थानीय परिस्थितियों के कारण निष्पक्ष सुनवाई संभव नहीं हो पा रही है। वादी ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए हाईकोर्ट से ,रायबरेली की अदालत में चल रहे परिवाद को लखनऊ की विशेष अदालत में ट्रांसफर करने की गुहार की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

केंद्र की पहल का असर, पीएमएमएसवाई से भारत में मछली उत्पादन 38 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भारत में मछली उत्पादन 2024-25 में बढ़कर 197.75 लाख टन हो गया है। इसमें 2020 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के लॉन्च के बाद से 38 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है। यह पहले 2019-20 में 141.60 लाख टन था। यह जानकारी सरकार की ओर से बुधवार को दी गई है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि यह वृद्धि मुख्य रूप से अंतर्देशीय मत्स्य पालन के विस्तार, समुद्री मत्स्य पालन विकास, मूल्य-श्रृंखला अवसंरचना को मजबूत करने और पीएमएमएसवाई योजना के तहत नीतिगत हस्तक्षेपों के कारण हुई है। उन्होंने आगे कहा कि भारत का मछली और मत्स्य उत्पादों का निर्यात वर्तमान में 62,408.45 करोड़ रुपए का है, जो इस क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाता है। 2020-21 में पीएमएमएसवाई के लागू होने के बाद से निर्यात आय में लगभग 33.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2019-20 में 46,662.85 करोड़ रुपए से बढ़कर 2024-25 में 62,408.45 करोड़ रुपए हो गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएमएमएसवाई की शुरुआत से पहले भारत की औसत मत्स्यपालन उत्पादकता लगभग 3 टन प्रति हेक्टेयर थी, जो 2025 की शुरुआत तक बढ़कर लगभग 4.7 टन प्रति हेक्टेयर हो गई है।

अमेज़न इंडिया ने कारीगरों, उद्यमियों और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए अवसरों बढ़ाने के लिए की सरकारी विभागों के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। अमेज़न इंडिया ने आज भारत में पारंपरिक कारीगरों, महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों, उभरते स्टार्टअप और भारत के लॉजिस्टिक्स परितंत्र में अनुसंधान आधारित नवोन्मेष का समर्थन करने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित कई संस्थानों के साथ गठजोड़ की घोषणा की। कंपनी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमओएमएसएमई), उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और रेल मंत्रालय के तहत आने वाले गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) के साथ हुई इन साझेदारियों के ज़रिये बाज़ार पहुंच के विस्तार, क्षमता निर्माण और भारत की आर्थिक प्राथमिकताओं में सार्थक योगदान देना चाहती है।

क्रिकेटर श्रीचरणी को मिला 2.5 करोड़ का नकद पुरस्कार

अमरावती (आईएएनएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला वनडे विश्व कप जीता था। विश्व विजेता भारतीय महिला टीम की सदस्य श्री चरणी को बुधवार को आंध्र प्रदेश की सरकार ने सम्मानित किया। आंध्र प्रदेश सरकार के शिक्षा और आईटी मंत्री नारा लोकेश ने श्री चरणी से उनके उंडावल्ली स्थित घर पर मुलाकात की और उन्हें सरकार की तरफसे 2.5 करोड़ रुपये का चेक सौंपा। कैश इनाम के अलावा, सरकार ने उन्हें विशाखापत्तनम में 500 स्क्वायर यार्ड का एक आवासीय प्लॉट भी दिया है। उनकी डिग्री पूरी होने के बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने नौकरी का भी भरोसा दिया है। इससे संबंधित आदेश जारी किए गए हैं। सरकार की तरफ से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह कदम राज्य सरकार के खेल में बेहतरीन प्रदर्शन को बढ़ावा देने और आंध्र प्रदेश की युवा महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने विश्व कप के बाद श्री चरणी से मुलाकात के समय उनके लिए पुरस्कारों की घोषणा की थी। कार्यक्रम में परिवहन और खेल मंत्री मंडीपल्ली रामप्रसाद रेड्डी, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ आंध्र प्रदेश के अध्यक्ष अनिमिनी रविनायुडू, स्पेशल चीफ सेक्रेटरी (खेल) अजय जैन और दूसरे सीनियर अधिकारी उपस्थित रहे।

राजामौली ने की 'अवतार फायर एंड ऐश' की तारीफ

मुंबई। हॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक जेम्स कैमरून और भारतीय सिनेमा के विजनरी फिल्ममेकर एसएस राजामौली एक ही मंच पर विचार साझा करते नजर आए। 'अवतारः फायर एंड ऐश' की रिलीज से पहले आयोजित इस खास संवाद में जेम्स कैमरून ने राजामौली की आने वाली फिल्म 'वाराणसी' के सेट पर आने की इच्छा जताई, वहीं राजामौली ने कहा कि उन्होंने 'अवतारः फायर एंड ऐश' एक बच्चे की तरह देखी। जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड ऐश' को लेकर दुनिया भर में जबरदस्त चर्चा है। यह फिल्म 'अवतार' फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी है, जो 19 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। बातचीत के दौरान राजामौली ने इस फिल्म को देखने के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि वह थिएटर में इसे देखते वक्त खुद को किसी बच्चे की तरह महसूस कर रहे थे। उनके मुताबिक, कैमरून ने इस फिल्म में भी अपना जादू बिखेर दिया है। लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई इस चर्चा में जेम्स कैमरून ने बेहद सहज अंदाज में कहा कि वह राजामौली के काम को करीब से देखना चाहते हैं और उनकी फिल्म के सेट पर जाकर उनकी क्रिएटिविटी को महसूस करना चाहेंगे। कैमरून की इस बात पर राजामौली ने भी उतने ही सम्मान और गर्मजोशी के साथ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फउनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरी भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के लिए गर्व का पल होगा।

अनुपम खेर और दीप्ति नवल भी हुए 'धुरंधर' के फैन

मुंबई(आईएएनएस)। हालिया रिलीज स्पाई एक्शन फिल्म 'धुरंधर' की धूम हर जगह देखने को मिल रही है। रिलीज के बाद फिल्म की स्टारकास्ट, गाने और बेहतरीन स्टोरी लाइन की सराहना हो रही है। दर्शकों से लेकर इंडस्ट्री की मशहूर हस्तियों ने भी फिल्म की काफी सराहना की। फिल्म की तारीफकरने वालों की लिस्ट में अब दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर और दीप्ति नवल का नाम भी जुड़ गया है। बुधवार को अभिनेता ने फिल्म की तारीफकरते हुए अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे ड्राइव पर जा रहे हैं। वहीं, वीडियो के बैकग्राउंड में धुरंधर का लोकप्रिय गाना 'इश्क जलाकर-कारवां' बज रहा है। वीडियो शेयर कर अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, ÷जब सारा देश धुरंधर और उसके म्यूजिक के जुनून में है, तो मैंने सोचा मैं क्यों नहीं, तो निकल पड़े हम तीन दोस्त (हरमन, अंकुर और मैं) भी एक लंबी ड्राइव पर।

न्यूज गैलरी

शादी का झांसा देकर छात्रा से अनाचार, जुर्म दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। शादी का झांसा देकर छात्रा से अनाचार करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, मध्य प्रदेश की रहने वाली एक युवती तारबाहर क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर नीट की कोचिंग कर रही थी। इसी दौरान उनका मुलाकत लोरमी निवासी मोहम्मद मुशलिम खान से जान पहचान हुई। दोनों मोबाइल में बातचीत करने लगे। इसी बीच युवक छात्रा के किराए के मकान में मिलने आया और शादी करने की बात कहते हुए जोर जबरदस्ती कर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद दोनों के बीच संबंध स्थापित होने लगे। युवती ने उसे बताया वह तीन माह से गर्भवती हो गई और शादी करने का दबाव बनाई तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

वन्यजीवों की संदिग्ध मौतों पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हो रही जंगली जानवरों की संदिग्ध मौत और अवैध शिकार की आशंका से जुड़े मामलों को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बिभु दत्त गुरु की डिवीजन बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की और राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर 2025 को निर्धारित की गई है। अदालत ने यह स्वतः संज्ञान मीडिया में लगातार आ रही खबरों के आधार पर लिया है। इनमें सूरजपुर वनमंडल के घुई रेंज अंतर्गत रेवटी जंगल में मिले बाघ के शव का मामला प्रमुख है। मीडिया में दिखाई जा रही खबरों के अनुसार बाघ का शव संदिग्ध हालत में मिला था, उसके दांत और नाखून गायब थे तथा शरीर पर गहरे जख्म के निशान पाए गए थे। घटनास्थल से धारदार हथियार की बरामदगी भी सामने आई है। कोर्ट के अनुसार प्रथम दृष्टया यह मामला शिकार का प्रतीत होता है। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया कि, शव की स्थिति से अनुमान है कि, बाघ की मौत तीन से चार दिन पहले हो चुकी थी। इसके अलावा खैरागढ़ वनमंडल के बानबोद क्षेत्र में तेंदुए की निर्मम हत्या का मामला भी सामने आया है। मीडिया के मुताबिक तेंदुए को मारकर उसके चारों पंजे और जबड़े के दांत निकाल लिए गए थे। जंगल में तेंदुए का शव क्षत-विक्षत हालत में मिला, जिससे संगठित अवैध शिकार गिरोह की आशंका जताई गई है।

कुत्ते ने पिता-पुत्र को काटा, डंडे से पीटकर मार डाला, पिता गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। मोहन नगर थाना अंतर्गत स्ट्रीट डॉग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। दरअसल उस कुत्ते ने आरोपी और उसके बेटे को काटा था। इसका बदला लेने के लिए उसने कुत्ते पर डंडे से ताबड़तोड़ वार किया। इससे कुत्ता बुरी तरह घायल हो गया। बाद में उसकी मौत हो गई। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने कुत्ते को पीटकर मारने के आरोपी भूखन साहू के खिलाफ धारा 325 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण में गैंदी डबरी दुर्ग सोनू दास मानिकपुरी (34वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने पुलिस को बताया कि एक आवारा कुत्ता अस्पताल परिसर में बैठा था, तभी पास के मोहल्ले में रहने वाला भूखन साहू वहां पहुंचा। उसने पास रखे डंडे से कुत्ते पर हमला कर दिया। आरोपी ने कुत्ते के सिर को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ वार किए। डंडे से उसके सिर पर लगातार 8 से 10 बार वार किया गया। इससे कुत्ता लहूलुहान होकर वहीं ढेर हो गया। इसका सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने मोहन नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भूखन के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

5 दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप आज से, 18 हजार से अधिक पंजीयन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पश्चिम के विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत के मार्गदर्शन में राजधानी के आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में 18 से 22 दिसंबर के बीच पांच दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप 2025 का आयोजन किया गया है। मेगा हेल्थ कैंप को लेकर मंगलवार तक 18 हजार लोगों ने पंजीयन कराया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 18 दिसंबर को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव व सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। इस पांच दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर में देश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ डॉक्टर और 47 अधिक प्रतिष्ठित अस्पताल अपनी निःशुल्क सेवाएं देंगे। विधायक श्री मूणत ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर का यह 6वां आयोजन है। इस आयोजन का उद्देश्य देश के ख्यातिप्राप्त डॉक्टरों और छत्तीसगढ़ के प्रमुख अस्पतालों को एक मंच पर लाना है और हर जरूरतमंद व्यक्ति को निःशुल्क लाभ मिल सके। श्री मूणत ने बताया कि इस कैंप में हृदय रोग विशेषज्ञों में डॉ. मयूर जैन ठाणे मुंबई, डॉ. रमेश कवाड़ मुंबई, डॉ. नागेश ए अपोलो हॉस्पिटल हैदराबाद, डॉ. राजीव गर्ग हैदराबाद, डॉ. चंद्रा मौली सिकंदराबाद और डॉ. अभिषेक साहू नागपुर शामिल होंगे, वहीं छाती रोग विशेषज्ञों में डॉ. कपिल साल्गिया मुंबई और डॉ. सोमा साई किरण सिकंदराबाद सेवाएँ देंगे। गुर्दा रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ. गौरव सिंघल गुड़गांव दिल्ली अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल मन्नावा यशोदा हॉस्पिटल सिकंदराबाद तथा मधुमेह पैर रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रभाकर डी यशोदा हॉस्पिटल सिकंदराबाद भी कैंप में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा हड्डी रोग विशेषज्ञों में डॉ. मनीष जैन यशोदा हॉस्पिटल सिकंदराबाद, डॉ. धीरज कुमार मारोठी अहमदाबाद और डॉ. धीरज बातेजा गुड़गांव दिल्ली शामिल हैं। कैंसर रोग विशेषज्ञों में डॉ. प्रशांत केरकर बॉम्बे हॉस्पिटल, डॉ. आयुषी गोयल दिल्ली, डॉ. के. लाहिथा कृष्णा बैंगलोर और डॉ. भरत अशोक वासवानी यशोदा हॉस्पिटल सिकंदराबाद अपनी सेवाएँ देंगे। न्यूरोलॉजिस्ट एवं यूरोलॉजिस्ट के रूप में डॉ. नीरव अनिल मेहता बॉम्बे हॉस्पिटल, डॉ. विवेक वरून दिल्ली और डॉ. अंकित गोयल दिल्ली उपस्थित रहेंगे। श्री मूणत ने बताया कि प्रसिद्ध होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. नितीश चंद्र दुबे दिल्ली, डॉ. राजेश मुरकुटे नागपुर, डॉ. राधिका मुरकुटे नागपुर, डॉ. पदमभानु सिंह बिहार और डॉ. अभिमन्यु पाण्डे बनारस भी अपनी सेवाएं देंगे, वहीं आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत डॉ. रजीकांत पटेल गुजरात, डॉ. उदय तलहार महाराष्ट्र, डॉ. पंकज तिवारी महाराष्ट्र, डॉ. नीरज गुप्ता महाराष्ट्र, डॉ. नारायण सहारे गुजरात, डॉ. प्रशांत गुप्ता और डॉ. परमेश के.एन. हैदराबाद उपस्थित रहेंगे।

रायपुर-बिलासपुर हाइवेः हाइवे से मवेशियों को हटाने काम शुरू

सुरक्षित और निर्बाध सफर के लिए एनएचएआई द्वारा किए जा रहे कई काम

■ रिकॉर्ड वृक्षारोपण से मनमोहक हुआ सफर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर को न्यायधानी बिलासपुर से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग प्रदेश के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त राजमार्गों में से एक है। यह राजमार्ग राज्य की वाणिज्यिक, औद्योगिक एवं सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों की प्रमुख धुरी है। यात्रियों की सुविधा, सुगमता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा इसके रखरखाव के लिए नियमित और योजनाबद्ध कार्य किए जा रहे हैं। एनएचएआई द्वारा बीते वर्षों में रायपुर-बिलासपुर हाइवे पर लगातार रखरखाव एवं सुधार के कार्य किए गए हैं।

भारी यातायात के बावजूद सड़क की गुणवत्ता बनाए रखने नियमित रूप से पैचवर्क, ड्रेनेज की सफाई तथा रोड मार्किंग का कार्य कराया जा रहा है। इन कार्यों से सड़क की सतह बेहतर बनी रहती है और यात्री सुरक्षित व सुगम यात्रा का अनुभव करते हैं।

एनएचएआई द्वारा समय-समय पर स्वयं की कंसल्टेंट जांच टीम के माध्यम से सड़कों का तकनीकी सर्वे भी कराया जाता है। जांच टीम के सुझावों के आधार पर आवश्यक रखरखाव के कार्य किए जाते हैं। वर्ष 2024-25 में कंसल्टेंट टीम द्वारा 2136 जगहों पर पैनल रिप्लेसमेंट का सुझाव दिया गया था, जिसे समय पर पूरा कर लिया गया। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी 3616 जगहों पर लगभग 1520 पैनल का रिप्लेसमेंट किया गया है। अन्य पैनल के रिप्लेसमेंट का कार्य भी प्रगति पर है। सड़क के बेहतर रखरखाव के लिए 'रिस्क एंड कॉस्ट' शर्तों पर नया टेंडर भी जारी किया गया है।

रिकॉर्ड वृक्षारोपण से मनमोहक हुआ सफर

रायपुर-बिलासपुर हाइवे को 'ग्रीन कॉरिडोर' के रूप में विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस सड़क पर इस साल अब तक 19 हजार 286 पौधे रोपित किए जा चुके हैं। मीडियन प्लांटेशन के अंतर्गत तिकोमा, बोगनवेलिया और गुलमोहर जैसे पौधे लगाए गए हैं, जो राजमार्ग की सुंदरता को बढ़ाते हैं। वहीं सड़क किनारे नीम, कचनार, अमलताश, पीपल और बरगद जैसे छायादार वृक्ष लगाए गए हैं।

टोल प्लाजा पर हेल्थ कैंप

सड़क उपयोगकर्ताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एनएचएआई द्वारा समय-समय पर जन-केंद्रित गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है। टोल प्लाजा पर ड्राइवरों और यात्रियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाए जाते हैं, जहां निःशुल्क नेत्र जांच और रक्तचाप जांच के साथ ही सामान्य स्वास्थ्य परामर्श जैसी सुविधाएं दी जाती हैं।

हाइवे को मवेशीरहित बनाने की कोशिश

रायपुर-बिलासपुर हाइवे पर यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप कार्य किए जा रहे हैं। मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने 20 स्थानों को चिन्हित कर सुधार के कार्य किए जा रहे हैं। सड़क पर मवेशियों के प्रवेश को रोकने चिन्हांकित स्थानों पर क्रैश बैरियर लगाए गए हैं। इनके साथ ही हाइवे पर सोलर लाइटिंग, सोलर ब्लिंकर, ट्रांसफर बार मार्किंग और चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाए जा रहे हैं। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को सुरक्षित बनाने की दिशा में एनएचएआई निरंतर कार्यरत है।

ब्लैक स्पॉट्स में अंडरपास और सर्विस लेन निर्माण

रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे में 11 ब्लैक स्पॉट्स (अत्यधिक दुर्घटना संभावित क्षेत्र) चिन्हित किए गए हैं। इन जगहों पर सुरक्षित यातायात और निर्बाध सफ़र के लिए अंडरपास और सर्विस रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने प्रदर्शन

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के आह्वान पर दुर्ग ब्लाक के तीन खरीदी केन्द्रों में किसानों ने धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने और किसानों को पर्याप्त संख्या में टोकन जारी करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। आलबरस में खाड़ा, आमटी, मासाभाट आलबरस गांव के, निकुम केंद्र में मासाभाट, आमटी, रूदा, निकुम गांवों के और अंडा केंद्र में विनायकपुर, जंजगिरी, चिंगरी, अंडा गांवों के किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए।

प्रदर्शनकारी किसानों ने धान खरीदी की धीमी गति और टोकन मिलने में होने वाले कठिनाईयों के बारे में बताया कि पहली बार धान बेचने वाले किसानों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने कहा कि सरकार के निर्देश के अनुसार किसानों को मजदूरी की राशि नहीं देना चाहिए लेकिन खरीदी केन्द्रों में किसानों से मजदूरी की राशि वसूल की जा रही है, किसानों की मजबूरी का अनुचित फायदा उठाया जा रहा है।

किसानों को संबोधित करते हुए छग प्रगतिशील किसान संगठन के संयोजक एड राजकुमार गुप्त ने कहा कि किसानों में एकता नहीं है जिसके कारण सरकार बेलगाम हो गई है और धान खरीदी के लिए मनमाने निर्णय लेकर किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान कर रही है। किसानों को भटकना पड़ रहा है, उन्होंने किसानों से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। संघ के मनोज मिश्रा व सुमिरन गुप्ता ने भी किसानों से एकजुटता की अपील की।

नक्सली हिडमा के महिमा मंडन का वीडियो पोस्ट, यूएपीए का केस दर्ज

■ एसआईए कर रही मामले की जांच

रायपुर/नवप्रदेश। कुख्यात नक्सली माडवी हिडमा के एनकाउंटर के बाद एक यू-ट्यूबर ने सोशल मीडिया पर उसका महिमा मंडन करते हुए भड़काऊ पोस्ट किया है। इसमें नक्सली को महान बताने का प्रयास किया गया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने यू-ट्यूबर के खिलाफ देशविरोधी गतिविधियों के आरोप में यूएपीए के तहत कार्रवाई की है। पुलिस आईपी एड्रेस के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

हिडमा के महिमा मंडन का वीडियो पोस्ट, यूपीए का केस दर्ज: पुलिस ने बताया कि कला टीवी नाम के यू-ट्यूब चैनल पर 5.20 मिनट का एक वीडियो पोस्ट किया गया है। यह वीडियो भड़काऊ है और इसमें हिड़मा का महिमामंडन किया गया है। वीडियो का शीर्षक हिड़मा स्मृति रखा गया है। हिडमा की मौत के बाद उसके समर्थन में यह वीडियो बनाया गया है। इसमें फोर्स की कार्रवाई और केंद्र सरकार पर सवाल उठाए गए हैं। एसआईए की सोशल मीडिया निगरानी समिति ने इस वीडियो को ब्लॉक कराया है। समिति की ओर से इस संबंध में शिकायत भी दर्ज कराई गई है। दावा किया गया है कि इस वीडियो के माध्यम से मुख्यधारा में लौट रहे नक्सलियों को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है।

मकान में चोरी आरोपी गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि न्यू कृष्णा नगर वार्ड 8 सुपेला निवासी दलवीर कौर के मकान में 23 नवंबर को चोरी की शिकायत मिली थी। दलवीर अपनी मां सुमित्रा के साथ घरेलू सामान लेने बाजार गई थी। ताला लगाकर चाबी खिड़की में रख कर गई थी। जब वो वापस लौटी तो देखा कि ताला टूटा पड़ा है। मकान का सारा सामान बिखरा है। लोहे की अलमारी भी टूटी है। अज्ञात ने जेवरात और 10 हजार रुपए नगद चोरी कर लिया था।

अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई, चलाया बुलडोजर

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम ने मंगलवार को शहर में दो जगहों पर अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की। एक जगह रोड गार्डन की जमीन पर बन रहे गार्ड रूम को ध्वस्त किया गया। जबकि दूसरी जगह अनुमति के विपरीत किए गए निर्माण को हटाया गया।

भवन शाखा अधिकारी अनुपम तिवारी ने बताया कि नर्मदा नगर में प्रार्थना चौधरी द्वारा बिना अनुमति के निर्माण कराया जा रहा था। पड़ोसी अमित शुक्ला की शिकायत पर प्रार्थना चौधरी को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बावजूद, उन्होंने उस स्थान पर निर्माण के लिए ढलाई शुरू करने का प्रयास किया था, जिसे नक्शे में खुला छोड़ा गया था।

जानकारी मिलने के बाद निगम की टीम मौके पर पहुंची और निर्माण को बुलडोजर से हटा दिया गया। इसी तरह दूसरी कार्रवाई ग्रीन पार्क कॉलोनी में की गई, जहां रोड गार्डन की जमीन पर अवैध रूप से गार्ड रूम का निर्माण किया जा रहा था। इस अतिक्रमण को भी हटा दिया गया। यह अतिक्रमण रैनी एस गिर और मधुलिका लाल की ओर से किया गया था।

300 से अधिक लोगों को नोटिस

भवन शाखा अधिकारी ने बताया कि निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण के हजारों मामले लंबित है। पिछले दो महीनों में भवन अनुज्ञा शाखा और जोन कार्यालयों ने अवैध निर्माण के संबंध में 300 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किए हैं। इसके अलावा नगर निगम की ओर से अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लिए पिछले गुरुवार से एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसे 'राजीनामा सुनवाई' नाम दिया गया है। पहले गुरुवार की सुनवाई में 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 22 प्रकरण राजीनामा के योग्य पाए गए।

ट्विनसिटी में जन स्वास्थ्य प्रबंधन दरकिनार, भिलाई और दुर्ग में एक भी प्रबंधक नहीं

भिलाई/नवप्रदेश। शहर से गांव तक स्वास्थ्य विभाग जन स्वास्थ्य की 27 योजनाओं का संचालन करता है। सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने शहर में निगम और गांव में ब्लाक वार प्रबंधक रखे जाते हैं। इन प्रबंधकों को मूल काम बेहतर प्रबंधन से सभी योजनाओं से हर व्यक्ति को लाभान्वित करना होता है। ऐसा इसलिए कि डॉक्टर इलाज के साथ प्रबंधकीय कार्य नहीं कर सकता है। सालभर पहले से जिले के तीनों मूल निगम में तीन सीपीएम अर्थात सीटी प्रोग्राम मैनेजर और तीनों ब्लाक में ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर पदस्थ रहे हैं। भिलाई के प्रोग्राम मैनेजर की दूसरी जगह ज्वाइनिंग होने पर दुर्ग के प्रोग्राम मैनेजर संजीव दुबे को दोनों शहरों में स्वास्थ्य योजनाओं के प्रबंधन का कार्य दिया गया था।

एनएचएम कर्मियों की 33 दिनों चली हड़ताल के दौरान प्रदेश के 25 पदाधिकारियों में उन्हें भी सेवा से निकाल दिया गया था। कई आश्वासन के बाद भी उन्हें अब तक ज्वाइन नहीं किया गया है। ऐसे में दुर्ग के साथ ही भिलाई में भी जन स्वास्थ्य की योजनाओं को कोई प्रबंधन नहीं है। जबकि दोनों शहरों में जिले की आधी से ज्यादा जन-संख्या (लगभग 11 लाख) निवास करती है। प्रबंधन नहीं होने से शहरी खंड चिकित्साधिकारियों को अस्पताल के साथ मैनेजमेंट का अतिरिक्त प्रभार हो गया है। जाहिर कि पहले से वे ढेर सारी जिम्मेदारियों के बोझ तले कराह रहे हैं। प्रबंधन के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।

हाल ही खुर्सीपार में कोलेरा फैला था। इस क्रम में दूसरी वावरल बीमारियां आ रही है। सर्दी का मौसम शुरू होते ही एक बार फिर वायरल डायरिया की आशंका बनती है। चेंघा रोग, टीबी, कुष्ठ रोग, शुगर, बीपी आदि का प्रकोप शहरी क्षेत्रों में ज्यादा रहता है। इन सबके इलाज व रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की अलग-अलग योजनाएं संचालित है।

प्रकरण पहले से अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना में दर्ज की गई प्रक्रण

हनुमान प्रतिमा खंडित, 5 आरोपी गिरफ्तार, एक फर्जी पुलिसकर्मी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के धरमनगर क्षेत्र में हनुमान जी की प्रतिमा खंडित किए जाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कारोबारी अरिहंत पारख सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस घटना को लेकर इलाके में तनाव की स्थिति बन गई थी, जिसके बाद पुलिस ने गंभीरता से जांच करते हुए आरोपियों को चिन्हित किया। प्रकरण की एफआईआर पहले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ टिकरापारा थाना में दर्ज की गई थी।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में अरिहंत पारख, मोहित कुमार लखेर, गणेश कुर्रे, भूपेश केवट और जेसीबी ऑपरेटर मेहराब खान शामिल हैं। जांच में सामने आया कि घटना के दौरान आरोपी मोहित कुमार लखेर ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर मौके पर पहुंचने की कोशिश की, ताकि लोगों को गुमराह किया जा सके और कार्रवाई को प्रभावित किया जा सके। यह तथ्य सामने आने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ नकली पुलिसकर्मी बनकर भ्रम फैलाने के आरोप भी जोड़े हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि धरमनगर में स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा को खंडित किए जाने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया था। संवेदनशीलता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई, जिसने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल्स और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई।

जांच में यह भी सामने आया है कि इस घटना में जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया था, जिसे आरोपी मेहराब खान चला रहा था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त जेसीबी को जब्त कर लिया है। साथ ही, आरोपियों की भूमिका और घटना के पीछे की मंशा को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया की गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस घटना के पीछे कोई और साजिश या अन्य लोग तो शामिल नहीं थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com